संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शनिवार, 02 मार्च 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 60 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड में विकास परियोजनाओं की शिलान्या व लोकार्पण किया। जनता को संबोधित करते हुए





## आदर्श विचार



"एक अनुशासित व्यक्ति अपना तथा समाज व देश काविकास कर सकता है।"

भागवद्

## मन की बात



"दिल और दिमाग के टकराव में दिल की सुनो।"

स्वामी विवेकानंद

## तीसरी आंख




# ममता 'दीदी' पर भड़के मोदी

= संदेशखाली मामले में इंडी गठबंधन के नेता आंख, कान और मुंह बंद किए रहेः मोदी

**निशाने पर**

**8 मुख्य आरोपित तृणमूल नेता को बचाने के लिए ममता और बंगाल सरकार ने पूरी ताकत लगा दीः पीएम**



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के आरामबाग में बड़ी जनसभा को संबोधित किया। यहां संदेशखाली हिंसा मामले को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि संदेशखाली के मुख्य आरोपित तृणमूल नेता (शेख शाहजहां) को बचाने के लिए ममता बनर्जी और पश्चिम बंगाल सरकार ने पूरी ताकत लगा दी। महिलाएं चीख-चीखकर कहती रहीं कि उनके साथ अत्याचार हुआ है लेकिन शर्मनाक बात ये है कि इंडी गठबंधन के नेता गांधीजी के तीन बंदरों की तरह आंख, कान और मुंह बंद किए रहे।

मोदी ने कहा कि संदेशखाली की घटना शर्म की बात है। लगभग दो महीने तक मुख्य आरोपित गिरफ्तार नहीं किया गया। संदेशखाली की बहनों के साथ तृणमूल ने जो किया, उसे देखकर पूरा देश गुस्से में है। जब संदेशखाली की बहनों ने अपनी आवाज बुलंद की, ममता दीदी से मदद मांगी तो बदले में बंगाल सरकार ने तृणमूल नेता को बचाने के लिए पूरी शक्ति लगा दी। लेकिन भाजपा के दबाव में आखिरकार कल बंगाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि मां, माटी, मानुष का ढोल पीटने वाली तृणमूल ने संदेशखाली में बहनों के साथ जो किया है, वो देखकर पूरा देश दुखी है, आक्रोशित है।

**जो लूटा है वह लौटाना पड़ेगाः** पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में केंद्रीय योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार समेत अन्य केंद्रीय फंड में अनियमितता का दावा करते हुए कहा कि वे बंगाल के लोगों से वादा करते हैं कि लूटने वालों को लौटाना ही होगा, ये मोदी छोड़ने वाला नहीं है। मोदी इनकी गालियों और हमले से डरने वाला नहीं है।

### 7200 करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में हुगली जिले के आरामबाग क्षेत्र में 7200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने रेल, बंदरगाह, तेल पाइपलाइन, एलपीजी आपूर्ति और अपशिष्ट जल शोधन जैसे क्षेत्रों से संबंधित कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि पश्चिम बंगाल में रेलवे का आधुनिकीकरण उसी रफ्तार से हो, जैसे देश के दूसरे हिस्सों में हो रहा है। इक्कीसवीं सदी का भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है, हम सबने मिलकर 2047 तक विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है।

### मोदी से पहले ममता सरकार पर बरसे शुभेंदु

**टीम एक्शन इंडिया**

**हुगलीः** भाजपा नेताओं ने राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर जमके निशाना साधा। शुभेंदु अधिकारी ने सभा मंच से कहा कि वर्ष 2021 में चुनाव के बाद हुई हिंसा में 57 भाजपा कार्यकर्ता शहीद हो गए थे। हमने पंचायत चुनाव की भयावहता देखी है। शुभेंदु ने एक बार फिर आरोप लगाया कि तृणमूल ने केंद्रीय परियोजनाओं के लिए दिया गया पैसा लूट लिया है। उन्होंने अन्य भ्रष्टाचार के आरोपों का भी जिक्र किया। वहीं, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दो सुकांत मजूमदार भी सभा मंच से तृणमूल पर काफी हमलावर नजर आए। संदेशखाली की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपना मुंह खोलें, झाड़ू उठाएं और तृणमूल कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंके।

# सत्ता के बजाए लोगों की सेवा मेरी प्राथमिकताः सीएम सुक्खू

**मनीष**

**सोलनः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोलन जिला के कसौली विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे के दौरान 88.78 करोड़ रुपये की 13 विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास किए। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 18.83 करोड़ रुपये लागत के धर्मपुर से कठनी सडक के उन्नयन कार्य, 9.40 करोड़ रुपये से गम्भरपुल से ममलीग सडक के उन्नयन कार्य, 11.29 करोड़ रुपये से लौहांजी से काटल-कठार-मड़ी का घाट सडक के उन्नयन, 10.01 करोड़ रुपये से सुखी जोहड़ी-कडां-काटल का बाग सडक के सुधार कार्य, 1.55 करोड़ रुपये से गांव भनेत के सम्पर्क मार्ग, 1.33 करोड़ रुपये से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुल्तानपुर की विज्ञान प्रयोगशाला, 1.20 करोड़ रुपये से निर्मित होने वाली उठाऊ सिंचाई योजना सुधार हरिपुर, 1.61 करोड़ रुपये लागत के ग्राम पंचायत भवन सुल्तानपुर, 12.14 करोड़ रुपये लागत की परवाणु टाउनशिप और हिम एरा शॉप मार्ट जाबली में औद्योगिक सडकों के उन्नयन कार्यों के शिलान्यास किए। धर्मपुर में एक विशाल जनसभा को संबोधित



**भावुक हुए**

**8 कुछ लोगों को पसंद नहीं आ रहे भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के प्रयासः मुख्यमंत्री**

करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के कुछ विधायकों ने अपना ईमान बेच दिया और पार्टी के विरुद्ध जाकर राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोट किया। उन्होंने कहा जिन लोगों ने क्रॉस वोट के लिए अनैतिक आचरण अपनाया, पार्टी को धोखा दिया, उन्हें कोई दैवीय ताकत भी नहीं बचा सकती। 28 फरवरी को बजट पारित होना था, लेकिन कुछ विधायकों ने स्पीकर को धमकाया।

# तीसरी बड़ी इकोनॉमी बनने की राह पर है भारतः राजीव



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व के कारण भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। केंद्रीय राज्यमंत्री चंद्रशेखर ने भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 2023-24 की तीसरी तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि बढ़कर 8.4 प्रतिशत हो गई। पिछली सरकार में यह दर 5.3 प्रतिशत रहा था। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमारे देश में जबर्दस्त संरचनात्मक स्थाई परिवर्तन देखे गए हैं। सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तनों में से एक है प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति, अभूतपूर्व पैमाने पर परिवर्तन और कार्यान्वयन की उनकी क्षमता और गहराई से उन समस्याओं को हल करना जो दशकों से अनसुलझी थीं।

# सीआरपीएफ में सिपाही/हवलदार भरेंगे एपीएआर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल 'सीआरपीएफ' में अब सिपाही और हवलदार के लिए भी वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) को भरना अनिवार्य बनाया गया है। मौजूदा व्यवस्था में सिपाही और हवलदार पद पर काम करने वालों के लिए एपीएआर भरना अनिवार्य नहीं है। सक्षम अधिकारी की मंजूरी और रिक्तियों के आधार पर जवानों को पदोन्नति मिलती रही है। अब विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) द्वारा एपीएआर का मूल्यांकन किया जाएगा। इसके बाद ही उन्हें पदोन्नति मिल सकेगी। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशों के बाद सीआरपीएफ द्वारा सिपाही और हवलदारों के लिए एपीएआर भरने का नियम लागू किया जा रहा है। इसे लेकर सभी यूनिटों एवं इकाइयों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सीआरपीएफ में अब सभी के लिए एपीएआर भरना जरूरी हो गया है। इससे पहले एएसआई से ऊपर वाले कर्मी या अधिकारी ही एपीएआर भरते थे।



**आदेश**

**8 सक्षम अधिकारी की मंजूरी और रिक्तियों के आधार पर जवानों को पदोन्नति मिलती रही है**

साल 2024-2025 से ही एपीएआर भरी जाएगी। बल में सिपाही व हवलदारों की पदोन्नति, कंपनी कमांडर की रिपोर्ट पर कमांडेंट द्वारा ही कर दी जाती है। हालांकि इसमें रिक्तियां एवं समयावधि देखी जाती है।

# प्रतिभा सिंह ने किया बागी विधायकों का समर्थन



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश में सियासी संकट पर बड़ी खबर है। शुक्रवार की सुबह पंचकूला में कांग्रेस विधायक और मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बागी विधायकों से मुलाकात की है। उन्होंने बागी विधायकों के साथ मीटिंग की है।

**मुख्यमंत्री का बड़ा बयानः** विक्रमादित्य सिंह की छह बागी नेताओं से मुलाकात पर सीएम ने कहा विक्रमादित्य सिंह ने कल मुझसे बात की थी। मैं चंडीगढ़ बागी नेताओं से मिलने जा रहा हूं। मुख्यमंत्री ने कहा विक्रमादित्य सिंह को कुछ नेताओं के फोन आए होंगे। ये वापसी करना चाहते हैं। मैंने विक्रमादित्य से कहा आप हाई कमान से भी बात कर लीजिए। सीएम सुक्खू ने कहा बागी नेताओं को मनाने के लिए मैंने किसी मंत्री की ड्यूटी नहीं लगाई। उनके परिवार के सदस्यों से कई लोग बात कर रहे हैं। सभी नेता अभी हरियाणा में ही हैं। जब हिमाचल वापिस आएंगे तो बात करेंगे।

**पर्यवेक्षक भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने प्रतिभा सिंह के बयान पर दी प्रतिक्रियाः** हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बयान पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हिमाचल प्रदेश के पर्यवेक्षक भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा, "प्रतिभा सिंह हमारी वरिष्ठ नेता हैं, पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष हैं...ये व्यक्तिगत बातें हैं...सब ठीक है, छोटे-मोटे मतभेद होते रहते हैं। सब मिलकर मजबूती से चुनाव लड़ेंगे...।"

**विक्रमादित्य सिंह दिल्ली के लिए रवानाः** मंत्री विक्रमादित्य सिंह दिल्ली के लिए रवाना हो गए। उनके कार्यालय की ओर से जारी आधिकारिक शेड्यूल में दिल्ली में कुछ बैठकों का हवाला दिया गया है।

# नौसेना लक्षद्वीप में 'जटायु' से पर रखेगी नजर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय नौसेना के कमांडरों की कॉन्फ्रेंस अगले सप्ताह आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य पर होनी है। इसी दौरान नौसेना लक्षद्वीप में नया बेस आईएनएस जटायु शुरू करेगी, जिससे हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में दुश्मनों की गतिविधियों पर नजर रखने में मदद मिलेगी। यह बेस अंडमान और निकोबार द्वीप क्षेत्रों में तैनात आईएनएस बाज की तरह ही क्षमता प्रदान करेगा। इसी के साथ नौसेना अमेरिकी हंटर एमएच 60 रोमियो हेलीकॉप्टरों को कोच्चि के नौसेना वायु स्टेशन पर अपने बेड़े में शामिल करने की भी योजना बना रही है। नौसेना में विमानवाहक पोतों आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य पहली बार 50 मेहमान देशों के साथ बहुपक्षीय अभ्यास 'मिलन' में हिस्सा लेकर पश्चिमी समुद्र तट के लिए रवाना हो चुके हैं। भारत के पश्चिमी तट पर गोवा के साथ अपनी सीमा साझा करता है।



**बैठक**

**8 कमांडरों की कॉन्फ्रेंस अगले सप्ताह आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य पर होनी है।**

## महादेव ऐप मामलेः हवाला कारोबारी की 580 करोड़ की संपत्ति जब्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में ताजा छापेमारी के बाद दुबई स्थित हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियां एवं 3.64 करोड़ रुपये की नकदी व कीमती सामान जब्त किए। महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में दुबई के हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियां और 3.64 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है।

# लोकसभा चुनाव से पहले यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार संभव

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से मंत्रिमण्डल विस्तार की अटकलें लगायी जा रही हैं। चुनाव आचार संहिता लगने से पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मंत्रिमण्डल विस्तार को स्वीकृति दे सकते हैं। मंत्रिमण्डल विस्तार में भाजपा सहयोगी दलों को हिस्सेदारी देगी। इस बीच सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर की टिप्पणी भी आयी है। ओम प्रकाश राजभर ने कहा है कि यदि सरकार में हिस्सेदारी नहीं मिली तो होली नहीं मनाऊंग। वहीं इस बीच रालोद भी भाजपा के साथ आ गयी है। रालोद के सभी विधायकों ने राज्यसभा के चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को वोट किया है। ऐसे में रालोद के साथ-साथ सुभासपा का मंत्रिमण्डल विस्तार को लेकर भाजपा पर दबाव बढ़ गया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने नहीं मानी सांसदों व विधायकों के डिजिटल मॉनिटरिंग की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों और विधायकों की डिजिटल मॉनिटरिंग करने की मांग खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि किसी भी सांसद और विधायक को कैसे डिजिटल मॉनीटर कर सकते हैं, आखिर उन्हें भी निजता का अधिकार है। मामले की सुनवाई से पहले ही याचिका दाखिल करने वाले सुरेंद्र नाथ कुंद्रा से कोर्ट ने कहा कि दलील को सुनने के बाद अगर मांग पर सहमत नहीं हुए तो आप पर पांच लाख का जुमार्ना लगाएंगे। इसके बाद याचिकाकर्ता तैयार हुआ और अपनी दलील दी। याचिकाकर्ता ने कहा कि सभी विधायक और सांसद लोकसेवक हैं और वे जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत जीत कर आते हैं लेकिन वे एक शासक की तरह व्यवहार करते हैं। चीफ जस्टिस ने दलील सुनने के बाद कहा कि क्या हम सांसदों और विधायकों के हाथ-पैरों पर चिप लगा दें। कोर्ट ने कहा कि सांसदों और विधायकों को भी निजता का अधिकार हैं, हम उसमें दखल कैसे दे सकते हैं।कोर्ट ने कहा कि लोगों को कानून बनाने का अधिकार नहीं दे सकते हैं, क्योंकि अगर कानून बनाने का अधिकार देते हैं तो सबका अपना-अपना कानून होगा। कल को कोई भी कह सकता है कि जज के बजाय लोगों को भी मामले पर सुनवाई खुद करने दी जाए। चीफ जस्टिस ने कहा कि जनप्रतिनिधि

**याचिका खारिज**

**8 बेंच ने कहा कि किसी भी सांसद और विधायक को कैसे डिजिटल मॉनीटर कर सकते हैं**

**रिकॉर्डतोड़** जीएसटी राजस्व संग्रह 12.5 फीसदी उछलकर 1,68,337 करोड़ रुपये, वित्त वर्ष 24 में अब तक 18.40 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह

# फरवरी महीने में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपये के पार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** फरवरी महीने में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह सालाना आधार पर 12.5 फीसदी बढ़कर 1.68 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। लगातार 12वीं बार जीएसटी कलेक्शन 1.5 लाख करोड़ रुपये से ऊपर रहा है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि फरवरी में जीएसटी राजस्व संग्रह 1,68,337 करोड़ रुपये रहा है। यह एक साल पहले की समान अवधि फरवरी 2023 के मुकाबले 12.5 फीसदी ज्यादा है, तब जीएसटी राजस्व संग्रह 1.49 लाख करोड़ रुपये रहा था। हालांकि, यह पिछले महीने जनवरी से 4 हजार करोड़ कम है। जनवरी में जीएसटी कलेक्शन 1.72 लाख करोड़ रुपये था। मंत्रालय के मुताबिक फरवरी महीने में जीएसटी राजस्व संग्रह 1,68,337 करोड़ रुपये रहा है। इसमें सीजीएसटी 31,785 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 39,615 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 84,098 करोड़ रुपये (माल के आयात पर संग्रह किए गए 38,593 करोड़ रुपये सहित) और सेस 12,839 करोड़ रुपये रहा है। इस सेस में माल के आयात से मिले 984 करोड़ रुपये शामिल हैं वित्त मंत्रालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2023-24 के 11 महीनों में जीएसटी राजस्व संग्रह औसतन 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 18.10 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी कलेक्शन हुआ था। देश में जीएसटी लागू होने के बाद अब तक का सबसे ज्यादा जीएसटी कलेक्शन अप्रैल, 2023 में 1.87 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया था। इसके अलावा लगातार 23 महीने से देश का जीएसटी राजस्व संग्रह 1.4 लाख करोड़ रुपये से ऊपर रहा है। लगातार 12वीं बार जीएसटी राजस्व संग्रह 1.5 लाख करोड़ रुपये से ऊपर रहा है।




**बढ़ोतरी**

**8 जीएसटी राजस्व संग्रह 1,68,337 करोड़ रुपये रहा है। फरवरी 2023 के मुकाबले 12.5 फीसदी ज्यादा**

# योगशालाओं सहित 500 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्थापित किए जाएंगे: विज

## चिरायु-आयुष्मान भारत योजना का लाभ लेने के लिए बढ़ाया गया दायरा - अनिल विज, पीजीआई रोहतक में शीघ्र लीवर प्रत्यारोपण का कार्य किया जाएगा शुरू

**दीपिका शर्मा**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि राज्य में योगशालाओं सहित 500 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए बजट में प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने कहा कि सरकार आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल के दृष्टिकोण को इलाज की अपेक्षा रोगों की रोकथाम की ओर केन्द्रित करना चाहते हैं उन्होंने बताया कि सभी नियमित सरकारी कर्मचारियों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा 1 जनवरी, 2024 से लागू कर दिया गया है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों की जेब पर स्वास्थ्य-देखभाल के व्यय का भार को कम करना है।



श्री विज ने कहा कि इसके लिए अब तक 556 सूचीबद्ध अस्पतालों को शामिल किया गया है और 1340 उपचार पैकेजों को इस योजना के पोर्टल पर एकीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि यह सरकारी कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करेगा और उनके परिवार की स्वास्थ्य देखभाल लागत को वहन करने में महत्वपूर्ण राहत प्रदान करेगा।

### 8 नए पशु चिकित्सालय और 18 औषधालय खोले जाएंगे: जेपी दलाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने आगामी वित्त वर्ष 2024-25 में 8 नए सरकारी पशु अस्पताल और 18 सरकारी पशु औषधालय खोलने का निर्णय लिया है। यह सुविधाएं उन जिलों में दी जाएंगी, जहां पशु चिकित्सा सेवाएं पशुधन आबादी के अनुपात में कम है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री जे पी दलाल ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार पशुपालकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रतिबद्धता में पशुपालन और पालन-पोषण में शामिल लोगों की आजीविका, उत्पादकता और समग्र कल्याण के लिए नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करना शामिल है।

# गढ़ी में गोली लगने से हुई किसान शुभकरण की मौत

**काजल रानी**

**चंडीगढ़:** पंजाब के किसान शुभकरण की मौत के मामले को लेकर जहा कांग्रेस ने शुक्रवार को विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन ही सदन में हंगामा किया वही इस मामले में पटियाला के पातरा थाने में दर्ज जीरो एफआईआर के अनुसार शुभकरण को हरियाणा के जींद जिले के गढ़ी में सिर मे गोली लगीं थी। किसान शुभकरण सिंह की मौत का मामला पंजाब में गरमा चुका है। बजट सत्र के पहले दिन विपक्ष ने पंजाब सरकार को इस मामले में घेरा और जमकर हंगामा किया। उधर, पटियाला के पातड़ां थाने में दर्ज जीरो एफआईआर में बड़ा खुलासा हुआ है। एफआईआर के मुताबिक शुभकरण सिंह को गोली हरियाणा के जींद में लगी है। किसान आंदोलन में 21 फरवरी को नौजवान शुभकरण को हरियाणा के जिला जींद के गढ़ी में सिर में गोली लगी थी। इस मामले में बुधवार देर



रात पटियाला पुलिस में दर्ज एफआईआर में यह खुलासा हुआ है। हरियाणा का जींद जिला पंजाब के खनौरी के नजदीक पड़ता है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक किसी भी वारदात संबंधी शिकायत मिलने पर जीरो एफआईआर किसी भी पुलिस स्टेशन में दर्ज की जा सकती है। चाहे फिर संबंधित वारदात या घटना उस थाने के अंतर्गत हुई है या नहीं। अब पटियाला के थाना पातड़ां में दर्ज जीरो एफआईआर के मुताबिक शुभकरण के सिर में गोली हरियाणा के जींद में लगी है। पिता चरनजीत सिंह ने पातड़ां पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बेटा शुभकरण उनसे केवल पांच कदम आगे था, जब हरियाणा की तरफ से चलाई गोली उसके सिर में पीछे की तरफ लगी। गोली लगते ही वह नीचे गिर गया और तुरंत उसे एंबुलेंस में डालकर अस्पताल ले जाया गया लेकिन एक घंटे के बाद ही उन्हें सूचना मिली कि शुभकरण की मौत हो गई है।

# निष्पक्ष चुनाव करवाना ही चुनाव आयोग का मोटो: अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, अनुराग अग्रवाल, जो चुनावों के दौरान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती पर गठित राज्य कमेटी के चेयरमैन भी हैं, ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव करवाना ही चुनाव आयोग का मोटो है। इसके मद्देनजर, राज्य की सुरक्षा एजेंसियों के साथ-साथ केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों व आईटीबीपी की कंपनियों को भी मुस्तैदी से तैनात किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोग निर्भीक होकर, बिना किसी दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। श्री अग्रवाल ने बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत के चुनाव आयोग ने लोक सभा-2024 के चुनाव को ह्यचुनाव का पर्व-देश का गर्वह्न शीर्ष वाक्य नाम दिया है। उन्होंने कहा कि इस पर्व को हर्ष, शांति, भाईचारे के साथ मनाना राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालयों की जिम्मेदारी है। बैठक में इस बात की भी जानकारी दी गई कि आरम्भ में केन्द्र सरकार से भविष्य में होने वाले हरियाणा चुनाव के दौरान सभी 10 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 10 केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल तथा 5 भारत तिब्बत सीमा पुलिस की कम्पनियां दी हैं। इनमें अम्बाला लोक सभा क्षेत्र जिसमें पंचकूला एव यमुनानगर जिले भी पड़ते हैं वहां पर दो केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी.आर.पी.एफ.) के लिए दो कंपनियों, कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के

**बैठक की**

8 चुनाव आयोग ने लोक सभा-2024 के चुनाव को चुनाव का पर्व-देश का गर्व शीर्ष वाक्य दिया है

लिए सी.आर.पी.एफ. की एक, करनाल लोक सभा क्षेत्र के लिए सी.आर.पी.एफ. की एक, सिरसा लोक सभा क्षेत्र जिसमें सिरसा, फतेहाबाद व डबवाली जिले शामिल हैं, के लिए सी.आर.पी.एफ. की दो, हिसार लोक सभा क्षेत्र के लिए सी.आर.पी.एफ. की दो, रोहतक लोक सभा क्षेत्र के लिए सी.आर.पी.एफ. की दो कम्यपनियां, जिसमें एक रोहतक जिले में व एक झज्जर जिले में तैनात की जाएगी। इसी प्रकार, सोनीपत, भिवानी-महेन्द्रगढ़, गुड़गांव (गुरूग्राम) तथा फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र में भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस (आई.टी.बी.पी) की एक-एक कम्पनी को तैनात किया जाएगा। बैठक में भारत तिब्बत सीमा पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र भानू, पंचकूला के आईजी हरदीप दुन, हरियाणा पुलिस के अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक, सुरक्षा, सीआईडी सौरभ सिंह, सीमा सुरक्षा बल, पंजाब के डीआईजी डॉ० अतुल फलजेले के अलावा अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती हेमा शर्मा व राजकुमार व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस और आप का उतर चुका है नकाब : नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने शुक्रवार को भिवानी जिला की तोशाम विधानसभा में अपने नागरिक अभिनंदन के दौरान बोलते हुए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का नकाब उतर चुका है। ये दोनों ही पार्टियां जनता का विश्वास खो चुकी है, इसलिए कांग्रेस की नीतियों से तंग आकर बड़े नेता कांग्रेस को छोड़ रहे हैं। श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस का तो यह हाल है कि इनके नेता लोकसभा चुनाव लड़ने से कन्नी काट रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मोदी और मनोहर



सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विकसित भारत बनाने में जुटे हुए हैं तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा को विकसित करने की ठानी है। कार्यक्रम में कृषि मंत्री जेपी दलाल और सांसद धर्मबीर सिंह और कार्यक्रम के संयोजक अनिल शर्मा ने भी संबोधित किया।

**बरसे सैनी**

8 तोशाम में अपने नागरिक अभिनंदन में कांग्रेस और आप पर जमकर बरसे नायब सैनी

इससे पहले मंच पर पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष का फूलमालाओं से जोरदार अभिनंदन किया गया। भारत माता की जय, जय भाजपा, तय भाजपा, मोदी-मनोहर जिंदाबाद के नारों से लोगों ने क्षेत्र को भाजपामय कर दिया। अपने अभिनंदन से अभिभूत नायब सैनी ने सभी नेताओं और कार्यकताओं का आभार जताया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने तोशाम के पिछड़ने के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि तोशाम के पिछड़ेपन का कारण कांग्रेस और उसके नेता रहे हैं। कांग्रेस ने तोशाम के विकास के लिए ठोस तरीके से काम नहीं किया। नायब सैनी ने कहा कि 2014 के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बिना भेदभाव के 90 की 90 विधानसभाओं में समानरूप से विकास कराया है और तोशाम की अंतिम टेल तक पानी पहुंचाने का काम मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया है।

# इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिलों की तिथि 10 मार्च तक बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया**


**चंडीगढ़:** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय(इग्नू) द्वारा वर्तमान में कृषि सम्बन्धित क्षेत्र में सर्टिफिकेट (6 महीने की अवधि), डिप्लोमा (एक वर्ष की अवधि), पीजी सर्टिफिकेट, पीजी डिप्लोमा और मास्टर डिग्री जैसे विभिन्न स्तरों पर 16 कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं।

एक सरकारी प्रवक्ता इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिलों की तिथि 29 फरवरी से बढाकर 10 मार्च तक बढ़ा दी गयी है।

# श्रीलंका के कोलंबो में शुरू हुआ अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आगाज श्रीलंका कोलंबों में मंत्रौच्चारण और परंपरा अनुसार हुआ। इस महोत्सव के पहले दिन ही हजारों बच्चों ने फैंसी ड्रेस, रंगोली, गीता श्लौकोच्चारण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसी प्रतियोगिताओं में शिरकत करके महोत्सव के प्रति अपने उत्साह और जोश को दर्शाने का काम किया। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के प्रवक्ता ने इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि श्रीलंका की राजधानी



कोलंबो में आज 1 मार्च से 3 मार्च तक चलने वाले अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के पहले दिन फैंसी ड्रेस, रंगोली, गीता श्लौकाच्चारण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में श्रीलंका के विभिन्न स्कूलों के लगभग 2 हजार विद्यार्थियों ने अपनी पारम्परिक रंग-बिरंगी वेशभूषा और स्कूली ड्रेस में भाग लिया। इन विद्यार्थियों ने अपनी रंगोली

**गीता संदेश**

8 अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव श्रीलंका में बच्चों ने रंगोली में उकेरा पवित्र ग्रंथ गीता का संदेश

में पवित्र ग्रंथ गीता के संदेश को उकरेने का अनोखा प्रयास किया। इन प्रयासों की हर किसी ने प्रशंसा की और श्रीलंका के अधिकारी और गणमान्य लोगों ने भी विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को खूब सराहा है।

# कामगार महिलाओं के लिए शुरू की मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना

**अंकुश जैन**

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने कामगार महिलाओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करते हुए अहम कदम उठाया है। इसके तहत अब कामगार महिलाओं को दूसरा बच्चा लड़का होने पर भी प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना के तहत पांच हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने गर्भावस्था में मजदूरी के दौरान व स्तनपान करवाने वाली महिलाओं में पोषणयुक्त आहार की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत पहले बच्चे के जन्म पर लाभ दिया जाता है लेकिन अब सरकार ने दूसरे बच्चे के रूप में लड़के को जन्म देने वाली अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाएं भी इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से क्रियान्वित योजना के तहत अब 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग महिलाओं सहित मनरेगा जॉब कार्ड, ई-श्रम कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और किसान सम्मान निधि की लाभार्थी महिलाएं भी इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगी। योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित महिला के परिवार की सालाना आमदनी 8

**सहायता**

8 कामगार महिलाओं को दूसरा बच्चा लड़का होने पर भी पांच हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी

लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए।

प्रवक्ता ने बताया कि इस योजना के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। केंद्र या प्रदेश सरकार की नौकरियों और सार्वजनिक उपक्रमों में तैनात महिला कर्मचारी योजना का लाभ लेने के लिए पात्र नहीं होंगी। सहायता राशि लेने के लिए गर्भावस्था के पंजीकरण के बाद कम से कम एक बार प्रसव पूर्व जांच के साथ ही बच्चे का पंजीकरण और उसे बीसीजी, ओपीवी, डीपीटी और हेपेटाइटिस बी के टीके लगवाना भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना का लाभ लेने के लिए आंगनबाड़ी वर्कर या आशा वर्कर के माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा। केंद्र सरकार द्वारा कामगार महिलाओं के लिए पहले से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना संचालित की जा रही है, जिसके तहत पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि तीन किस्तों में प्रदान की जाती थी।

# 'जनसेवा में विश्व की सबसे अग्रणी संस्था रैडक्रास'

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से राजभवन में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय रैडक्रास सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चण्डीगढ द्वारा हरियाणा प्रदेश के कन्या महाविद्यालयों में निःशुल्क 82 सैनेटरी पैड डिस्पेंसिग एवं डिस्पोजल मशीनों का वितरण किया गया। राज्यपाल ने कहा कि रैडक्रास जनसेवा में विश्व की सबसे अग्रणी संस्था है। आपदा से लेकर आपातकालीन परिस्थितियों में रैडक्रास मानव सेवा में सबसे आगे रहती है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को समाज सेवा के क्षेत्र में रैडक्रास के गतिविधियों से जुडना



चाहिए। हरियाणा राज्य रैडक्रास के द्वारा यूथ रैडक्रास के अन्तर्गत युवाओं के लिए विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन भी किया जाता है। हरियाणा रैडक्रास सोसायटी के राज्य महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल ने राज्यपाल के समक्ष रैडक्रास द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया कि हरियाणा रैडक्रास के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा प्रदेश के कन्या महाविद्यालयों में निःशुल्क 82 सैनेटरी पैड डिस्पेंसिंग एवं डिस्पोजल मशीनों का वितरण किया जा रहा है। इन मशीनों के रख-रखाब का खर्चा कॉलेजों में चल रही यूथ रैडक्रास यूनिट द्वारा किया जाएगा। इन मशीनों का वितरण व्यक्तिगत स्वच्छता गतिविधि के अन्तर्गत किया जा रहा है। हरियाणा राज्य की यूथ रैडक्रास विंग महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के माध्यम से मानवीय सेवाओं में योगदान प्रदान कर रही है।

**हरी झंडी**

8 नि:शुल्क 82 सैनेटरी पैड डिस्पेंसिग एवं डिस्पोजल मशीनों के ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# केयू न ऑनलाइन फार्म भरने की जारी की अधिसूचना

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा मई/जून 2024 के लिए यूजी/पीजी (वार्षिक) प्राइवेट अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यूजी/पीजी (वार्षिक) प्राइवेट के फ्रेश, कंपार्टमेंट, इंप्रूवमेंट, एडिशनल एवं पूर्व विद्यार्थी मई/जून 2024 में होने वाली परीक्षाओं के लिए 4 मार्च से आईयूएमएस पोर्टल के द्वारा ऑनलाइन परीक्षा फार्म भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी बिना विलम्ब शुल्क के 4 मार्च से 5 अप्रैल के बीच ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद 6 अप्रैल से 15 अप्रैल के बीच परीक्षा फार्म के साथ लेट फीस पांच सौ रुपए देनी होगी। 16 अप्रैल से 25 अप्रैल के बीच आवेदन करने पर लेट फीस एक हजार, 26 अप्रैल से 03 मई के बीच पांच हजार तथा 04 मई से 10 मई, 2024 के बीच ऑनलाइन आवेदन करने पर दस हजार लेट फीस अदा करनी होगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

# प्रदेश के किसान की आय कम और खर्च बहुत ज्यादा है: अभय सिंह चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि भाजपा के राज में अन्नदाता सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण खाद, बीज, कीड़े मार दवाईयां, डीजल, कृषि उपकरण और खेत मजदूरी अधिक महंगी हो जाने से खेती करना पूरी तरह से घाटे का सौदा बन गया है। आज हालात यह हैं कि देश और प्रदेश के ज्यादातर किसान कर्जे में डूबे हुए हैं।

किसानों की कितनी दयनीय हालात है इसपर चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, ने किसानों की वास्तविक स्थिति पर



विश्वविद्यालय के कृषि अर्थशास्त्री डॉ. विनय मेहला की एक रिपोर्ट जारी की है जिसके आंकड़े चौंकाने वाले और बेहद चिंतनीय हैं। एचएयू ने इस रिपोर्ट को अपनी अधिकारिक मैगजीन ह्यहरियाणा खेतीह्न के फरवरी अंक में भी छापा है जिससे इसकी प्रमाणिकता पर कोई संदेह नहीं रह जाता।

डॉ. मेहला की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के औसतन किसान परिवार पर हर साल 1,31,626 रूपए का कर्ज चढ़ रहा है। कृषि अर्थशास्त्री के अध्ययन के अनुसार प्रदेश के किसान का खर्च उसकी आमदनी से कहीं अधिक है।

# सीएम विंडो कार्यक्रम की प्रभावी बनाने के लिए नई एसओपी तैयार

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने सीएम विंडो कार्यक्रम की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए नई मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) तैयार की हैं, जिसका उद्देश्य सीएम विंडो पोर्टल पर दर्ज शिकायतों और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री के सीएम विंडो, सलाहकार श्री देवेन्द्र सिंह द्वारा सभी प्रशासनिक सचिवों और उपायुक्तों को लिखे पत्र में कहा है कि सीएम शिकायत पोर्टल को ऑटो अपील सिस्टम (एएएस) के साथ एकीकृत किया गया है। हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के तहत अधिसूचित सेवा संबंधी कमियों से संबंधित सभी शिकायतें तुरंत ऑटो अपील सिस्टम को भेज दी जाएंगी। इसके बाद शिकायतें विभाग के उपयोगकर्ता नोडल अधिकारी के खाते में दिखाई देने लगेगी, जो इसे एएएस के नामित अधिकारी को आगे भेज देगा।

आरटीएस अधिनियम के अंतर्गत सेवा में कमी



आती है तो ऐसा करने के बाद नामित अधिकारी द्वारा की जाने वाली संबंधित शिकायतों से यह पता चलेगा कि नागरिक ने उचित माध्यम से सेवा के लिए आवेदन किया है या नहीं। उस समय नोडल अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि नामित अधिकारी शिकायत प्राप्त होने के 30 दिनों के अन्दर नागरिक को कॉल करेगा और उसे उचित माध्यम से सेवा के लिए आवेदन करने की सुविधा देगा। एक बार यह सेवा लागू हो जाने पर अधिकारी आवेदन के प्रासंगिक विवरण के साथ एक अंतरिम उत्तर अपलोड करेगा। इसके बाद किसी भी अधिकारी या सीएम कार्यालय के अधिकारी को ऑटो अपील सिस्टम शिकायत वापस करने की अनुमति नहीं होगी। अपडेट एसओपी के अनुसार अब कॉल सेंटर से फीडबैक, रिकॉर्डिंग और टिप्पणियां सीएम कार्यालय द्वारा की गई कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) जमा करने से पहले प्रशासनिक सचिव और सभी अधिकारियों के लिए उपलब्ध होंगी। क्योंकि शिकायत करने वाले अधिकारी द्वारा अपलोड की गई एटीआर तत्काल वरिष्ठ अधिकारी के अलावा कॉल सेंटर को भेज दी जाएगी। यदि, विभाग के समाधान के दावे और कॉल सेंटर द्वारा प्राप्त नागरिक की प्रतिक्रिया के बीच विरोधाभास होगा तो यह समझा जाएगा।

**समीक्षा**

8 शिकायत करने वाले अधिकारी द्वारा अपलोड की गई एटीआर तत्काल वरिष्ठ अधिकारी के अलावा कॉल सेंटर को भेज दी जाएगी

## न्यूज फ्लैश

### मुरलीधर डीएवी स्कूल के छात्र एकमजोत की स्मारकीय उपलब्धि



**मनीष कुमार**

**अम्बाला :** मुरलीधर डी ए वी पब्लिक स्कूल का बारहवीं कक्षा (नॉन मेडिकल) का छात्र एकमजोत ने स्टेट टॉपर का सर्टिफिकेट पुरस्कार रूप मे प्राप्त किया। नैशनल स्टैण्डर्ड परीक्षाएं केमिस्ट्री व एस्ट्रोनॉमी विषय मे प्राप्त किया। केमिस्ट्री मे 2028 छात्रों में से और एस्ट्रोनोमी मे 674 छात्रों में से वह टॉप 1 % हरियाणा राज्य के छात्रों में रहा। यह परीक्षाएं 25 नवंबर 2023 व 10 दिसम्बर 2023 को 1191 केन्द्रो मे हुई तथा देश के कुल स्तरों पर 16869 छात्र इसमें शामिल थे साथ ही एकमजोत ने जे ई ई मेन्स मे 99.81 पर्सेंटाइल प्राप्त कर न केवल अपना व अपने अभिभावकों का बल्कि विद्यालय का नाम भी रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य व (सहायक क्षेत्रीय अधिकारी) जोन डी, डॉ आर आर सूरी ने एकमजोत व उनके माता-पिता को बहुत बहुत बधाई दी और कहा कि उसने मेहनत व लगन के द्वारा ही सफलता की ऊंचाइयों को स्पर्श किया है। एकमजोत विद्यालय के दूसरे छात्रों के लिए भी एक मिसाल बना है कि अगर आपका लक्ष्य निश्चित है तो उसको पाने के लिए अथक परिश्रम व लगन की आवश्यकता होती है।

### इंस्पेक्टर अपहरण मामले में आरोपित डिप्टी मेयर अदालत में पेश, तीन अन्य आरोपितों के नाम आए सामने

**सोनीपत : शहर** के जवाहर नगर स्थित घर से कार लेकर निकले ईएसआईसी इंस्पेक्टर को 50 लाख के लेनदेन में बंधक बनाकर रखने व मारपीट के मामले में डिप्टी मेयर के साथ तीन अन्य के नाम सामने आए है। पुलिस ने मामले में तीन अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश तेज कर दी है। वहीं मामले में पुलिस ने आरोपी नगर निगम के डिप्टी मेयर को रिमांड पूरा होने के बाद अदालत में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसीपी नरसिंह ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि जवाहर नगर निवासी सतीश कुमार ने 26 फरवरी को शहर थाना पुलिस को शिकायत दी थी कि पांच भाई-बहन में सबसे बड़े उनके भाई हरीश कुमार दिल्ली के रोहिणी में ईएसआईसी में इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्त हैं। उनके भाई 25 फरवरी की रात 9:20 मिनट पर अपनी कार में सवार होकर घर से बाहर गए थे। उसके बाद वह देर रात तक वापस नहीं लौटे थे। देर रात उनका मोबाइल बंद हो गया था। 26 फरवरी को दिन में 11:19 बजे उनके भाई का फोन आया था और उन्होंने कहा था कि वह ठीक है। जवाहर नगर के ही विकास से हरीश की बात हुई तो उसने उन्हें कहा था कि 3 बजे तक 50 लाख रुपये का इंतजाम करवाएं। उसके बाद हरीश का मोबाइल फिर से बंद हो गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। बाद में हरीश वापस लौटा तो उसने बताया था कि डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत ने एक मकान में उन्हें बंधक बनाकर रखा और पीटा गया था। इसके साथ 50 लाख रुपये की मांग की गई। पुलिस ने डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में एससी एसटी एक्ट की धारा भी लगाई थी।

**मामले को लेकर तीन अन्य के नाम आए सामने-** एसीपी ने बताया कि हरीश ने उन्हें बताया कि रात को मंजीत गहलावत ने कॉल कर उन्हें बुलाया था। उनका 50 लाख के लेनदेन का मामला सामने आया है। मामले में पिटाई की धारा लगा दी है और चिकित्सक की रिपोर्ट पर अन्य धारा जोड़ी जा सकती है। मंजीत ने पुलिस को बताया है कि उसे हरीश से रुपये लेने थे। मामले में जितेंद्र, विकास व अंकित का नाम सामने आया है। इनका प्लॉट के पैसों का लेनदेन था। हरीश ने बताया है कि उसे मंजीत गहलावत ने बुलाने के बाद अपने घर के पास स्थित एक खाली घर में रखा था।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत वैन को दी हरी झंडी

**जागरूकता**

8 चलचित्र ,प्रदर्शनी, कुंभकरण के शो द्वारा और मेडिटेशन द्वारा नशा मुक्ति की जागरूकता लाई जाएगी।



**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** भारत सरकार के द्वारा ब्रह्माकुमारीज संस्था के साथ किए गए नशा मुक्ति भारत अभियान (एनएमबीए) के करार के तहत एसडीएम दर्शन कुमार एचसीएस जी ब्रह्माकुमारिज सुप्रीम लाइट हाउस, जग्गी कॉलोनी सेंटर से नशा मुक्ति अभियान के लिए चलाई जाने वाली वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। जिसमें चलचित्र ,प्रदर्शनी, कुंभकरण के शो द्वारा और मेडिटेशन द्वारा नशा मुक्ति की जागरूकता लाई जाएगी।

इस अवसर पर नशा मुक्ति के नारे लगाए गए। 1-2, 1-2 बीड़ी सिगरेट छोड़ दो। 1-2, 1-2 नशे को हमेशा ना कहेंगे, खुशियों को हा कहेंगे। एसडीएम दर्शन कुमार एचसीएस जी ने कहा कि समाज में नशे को रोकने के लिए जागृति लाने का काम केवल धर्म ही कर सकता है। धार्मिक प्रवृत्ति हमारी संस्कृति को कायम रखती है और ब्रह्माकुमारी संस्था जिसकी सेवाएँ जन कल्याण के लिए समर्पित हैं, आज इस संस्था के भाई बहन सभी ऋषि मुनियों के समान हैं जो समाज में जागृति ला रहे हैं और आगे भी लाते रहेंगे। ब्रह्माकुमारी भाई बहन जब किसी को इस नशे से मुक्त होने का संदेश देंगे तो अवश्य ही उनके कहे शब्दों में वो ताकत होगी जिसका सम्मान किया जाएगा।

जग्गी कॉलोनी राजयोग केंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दिव्या दीदी ने बताया ये वैन अम्बाला के अलग अलग गांवों में, स्कूलों मे और कॉलेजों में अपनी सेवाएं 1 मार्च से 15 मार्च 2024 तक देगी। उन्होंने कहा हमारी सबके प्रति ये शुभ भावना है जो भी आज नशे से पीड़ित है वो नशे को छोड़ दे और हमारा भारत नशे से मुक्त हो जाए। क्योंकि हमारा भारत स्वर्णिम भारत था जिस भारत में देवी देवताओं का राज्य था। उस भारत में नशे की चीज शोभती भी नहीं है।

फिर से अगर हमने भारत को विश्व गुरु बनाना है, भारत को सोने की चिड़िया बनाना है तो इस नशे को हमें भारत से खत्म करना ही होगा। और इसका सबसे पहले संकल्प हम यहां आज अपने अंबाला से शुरू करेंगे। आज का यूथ बहुत ज्यादा इस नशे से ग्रसित हो गया है।

युवा के हाथ में ही देश का भविष्य है। अतः आज हमें विशेष विशेष आवश्यकता है की हम नशे से ग्रसित युवाओं को इस नशे से बचाए। ओर देश का भविष्य सुरक्षित करे। वरिष्ठ शिक्षिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी मीरा दीदी ने 15 दिन की जर्नी के लिए सबको शुभकामना दी। इसके साथ ही उन्होंने सबको ईश्वरिये आमंत्रण देते हुए कहा की 3 मार्च को शिवरात्रि का कार्यक्रम जग्गी कॉलोनी राजयोग केंद्र पर बहुत ही धूमधाम से मनाया जायेगा।

जिसमें आप सबको अपनी उपस्थिति से सफल करना है। इस अवसर पर डॉक्टर राजिंदर राय (नोडल ऑफिसर मेंटल हेल्थ), डॉक्टर दीपांशी (मॉनिटरिंग एंड इवेल्यूशन ऑफिसर मेंटल हेल्थ), डॉक्टर सुरभी (टोबैको कंसल्टेंट), रविंद्र गुप्ता जी ( सोशल वर्कर जग्गी कॉलोनी) एवम ब्रह्मकुमारी मोती नगर राजयोग केंद्र से राजयोगिनी बहने बीके वीना, बीके वीनू और बीके रश्मि एवम संस्था में आने वाले भाई बहने भी मौजूद रहे ।

# ब्लाक शाहबाद को मिला दीक्षा ब्लॉक कोऑर्डिनेशन अवार्ड



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/शाहबाद :** स्टेट कौंसिल ऑफ एज्युकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग हरियाणा ,गुड़गांव की तरफ से ब्लाक शाहाबाद को दीक्षा ब्लॉक कोऑर्डिनेशन अवार्ड प्रदान किया गया। यह अवार्ड निदेशक महोदय के द्वारा खंड शाहाबाद को दिया गया। अवार्ड लेने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी एस एस आहूजा के द्वारा ज्ञानचंद सैनी मुख्य अध्यापक को अधिकृत किया था। यह अवार्ड मुख्याध्यापक ज्ञानचंद सैनी ने निदेशक के कर-कमलों से प्राप्त किया गया। इस कार्यक्रम के तहत लगभग 1108 स्कूलों को आओ स्कूल चले व दिक्षा के तहत सम्मानित किया गया । इसमें विशेष चुनी गई डाइट, स्कूल के प्रधानाचार्य, खंड शिक्षा अधिकारी, बीआरपी और 16 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने आओ चले स्कूल ब दीक्षा एप मैं बढ़ चढ़कर सहयोग किया। निदेशक महोदय ने बताया कि इस बार डिजिटल ई बुक लाइब्रेरी का कॉन्सेप्ट भी आएगा । जिसमें स्कूल के सभी शिक्षकों को पूर्ण रूप से सहयोग करना है। यह कार्यक्रम अति शीघ्र अप्रैल माह में चालू किया जाएगा इ बुक लाइब्रेरी बनने से सभी छात्र कक्षावार पाठ्य पुस्तकों को देख सकते हैं ।इसी कार्यक्रम के तहत रावा स्कूल को भी सम्मानित किया गया।

**सम्मान**

8 सभी छात्र कक्षावार पाठ्य पुस्तकों को देख सकते हैं ।इसी कार्यक्रम के तहत रावा स्कूल को भी सम्मानित किया गया

# चोरीशुदा 03 मोटरसाइकिल बरामद: निरीक्षक

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जानकारी देते हुए अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल ने बताया कि चोरी मामले में गिरफ्तार आरोपियों से अलग-अलग स्थानों से चोरीशुदा तीन मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों ने एक मोटरसाईकिल वर्ष 2023 में गुरद्वारा बिहौली साहब पेहवा से चोरी की थी, दूसरी मोटरसाईकिल थाना झांसा एरिया के गांव लुखी में एक घर के बाहर से फरवरी 2024 में चोरी की थी तथा तीसरी मोटरसाईकिल थाना सदर थानेसर एरिया के डेरा सिरसमा शनि मंदिर के पास से फरवरी 2024 में चोरी की थी ।




# आशा वर्करों ने अपनी मांगों के समर्थन में किया विधायक सुधा के घर का घेराव




**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सरकार आशा वर्करों के साथ हुए समझौते पर खरा नहीं उतरी। आशा वर्कर एक बार फिर आंदोलन की राह पर है । उनका कहना है कि पिछले दिनों सरकार का उनकी मांगों को लेकर समझौता हुआ था जिस पर सरकार खरा नहीं उतरी। इस कारण उन्हें फिर से आंदोलन करने पर भी विवश होना पड़ रहा है । आज पूरे प्रदेश में आशा वर्कर विधायकों के घर का घेराव कर रही हैं । इसी कड़ी में थानेसर विधानसभा में आशा वर्कर विधायक सुभाष सुधा के घर का घेराव कर रही हैं। जिला सचिव कुसुम लता ने कहा कि जब आशा वर्कर बातचीत करने के लिए पंचकूला जा रही थी तब उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। इस दौरान आशा वर्कर को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा जिसको लेकर आशा वर्कर में सरकार के प्रति काफी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगे नहीं मान लेती तब तक उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सूत्रों से पता लगा है कि स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य नेतृत्व को बातचीत के लिए बुलाया है यदि आज उनकी मांगों का हल नहीं निकला तो आंदोलन को तेज कर दिया जाएगा।

**आंदोलन**

8 सरकार वर्करों के साथ हुए समझौते पर खरा नहीं उतरी। आशा वर्कर एक बार फिर आंदोलन की राह पर है

# नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 290 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दलबीर मलिक**

कुरुक्षेत्रः आज राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में संस्थान के संयुक्त निदेशक संदीप अहलावत की अध्यक्षता में ब्यूरो द्वारा एक दिवसीय 290 वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में अन्य जिलों से जवाहर नवोदय विद्यालय के 90 विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्थान के संयुक्त निदेशक संदीप अहलावत ने विद्यार्थयों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशे के विरुद्ध किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं और सभी को नशे से दूर रहना चाहिए। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा पुलिस और ब्यूरो द्वारा वर्ष 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5460 अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा है। इतना ही नहीं 86 नशा तस्करों की सम्पतियाँ जब्त कर उनकी कमर तोड़ी गई है और वे अपराधी अब कारागार में है। यद्यपि हरियाणा पुलिस नशे को रोकने में हर संभव प्रयास कर रही है तथापि जागरूकता के माध्यम से इस समस्या से शीघ्र छुटकारा पाया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थयों को विस्तारपूर्वक नशे के दुष्परिणामों को बताते हुए कहा कि जो वस्तु माता पिता ने सेवन के लिए नहीं दी वह हमारे खाने योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति प्रतिबंधित नशा बेचता है तो इसकी सूचना 9050891508 पर देकर नशा मुक्त हरियाणा के निर्माण में सहयोग करें।



**सहयोग**

8 प्रतिबंधित नशा बेचता है तो इसकी सूचना 9050891508 पर देकर नशा मुक्त हरियाणा के निर्माण में सहयोग करें

# गाँव बटरोहण में सांसद कार्तिक शर्मा का किया जोरदार स्वागत

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** सांसद कार्तिक शर्मा का गांव बटरोहण स्थित सरपंच के निवास पर पहुंचने पर सरपंच सुरेंद्र पाल व उनकी टीम ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान समर्थकों ने कार्तिक शर्मा को फूल मालाओं से लाद दिया। इस दौरान कार्तिक शर्मा ने भी समर्थकों के साथ कुछ समय बिताया और उसके साथ बातचीत की। इस दौरान उनके मिलने वालों का तांता लगा गया और लोगों ने अपनी समस्याएं बताई। हम आपको बता दें कि सरपंच सुरेंद्र पाल के आग्रह पर उनके निवास पर कार्तिक शर्मा चाय पीने पहुंचे थे। इस अवसर पर बटरोहण सरपंच सुरेंद्र पाल, पूर्व सरपंच सुखविंद्र सिंह डिप्टी, रघुबीर सिंह धीमान, श्रीराम धीमान, हंसराज धीमान, नंबरदार भाग सिंह, अमरजीत सिंह, रामपाल, राजेंद्र सिंह, लाभ सिंह, सरपंच जतिंद्र सिंह जिम्मी, सरपंच कुलविंद्र सिंह इस्माइलपुर, सरपंच भाग सिंह टंगैरिया, ब्लॉक समिति मैंबर नक्षत्र सिंह अमीपुर, सरपंच हरजिंद्र सिंह खुर्चनपुर, परमजीत सिंह पम्मा नन्यौला सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



### हरविंदर शर्मा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संगीत एवं नृत्य विभाग के पूर्व छात्र पंडित (डॉ.) हरविंदर शर्मा को संगीत के क्षेत्र में देश के सर्वोच्च पुरस्कार संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, 2023 से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने डॉ. हरविंदर शर्मा व संगीत एवं नृत्य विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. आरती श्योकंद, प्रो. शुचिस्मिता सहित सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि पूर्व छात्र शैक्षणिक संस्थान की विशिष्ट पहचान होते हैं जिससे वह संस्थान गौरवान्वित होता है। पुरातन छात्रों के सहयोग से हम मिलकर विश्वविद्यालय के चहुंमुखी विकास में निरन्तर योगदान कर सकते हैं।पंडित (डॉ.) हरविंदर शर्मा ने कहा कि वे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का पूर्व छात्र होने पर सम्मान महसूस करते हैं।

# अम्बाला पुलिस से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया सम्मानित

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस से सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों के सम्मान में पुलिस आफिसर इन्स्टीटयूट अम्बाला शहर में विशेष विदाई कार्यक्रम का आयोजन करवाया। जिसमें सहायक पुलिस अधीक्षक अम्बाला सृष्टि गुप्ता भा.पू.से. के नेतृत्व में सभी प्रबन्धक थाना, भलाई निरीक्षक व कार्यालय पुलिस अधीक्षक अम्बाला से पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। उन्होंने सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों एच. निरीक्षक कर्मबीर न. 990/अम्बाला, एच निरीक्षक वीरभान न. 245/अम्बाला, महिला उप-निरीक्षक जसमिन्द्र कौर न. 947/अम्बाला, उप-निरीक्षक जगंशेर सिहँ न. 1280/अम्बाला, ई. उप-निरीक्षक हरकेश कुमार न. 819/अम्बाला, उप-निरीक्षक दलबीर सिहँ न. 1153/अम्बाला, उप-निरीक्षक करनैल सिहँ न. 429/अम्बाला, ई-उप-निरीक्षक रामफल नं. 941/अम्बाला व ई-उप-निरीक्षक रतन चंद न. 419/अम्बाला को उपहार भेंट कर पुष्पहार पहनाएँ। उनकी तथा उनके परिवार के सदस्यों की मंगल कामना करते हुए उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को भी सेवा भाव के लिये प्रेरित किया।



इस अवसर पर उपस्थित सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों व उनके परिजनों ने माननीय पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के कुशल मार्गदर्शन में किए गए इस विशेष सम्मान समारोह के लिए उनका व अम्बाला पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आज का दिन हमारे लिए जीवन का सबसे अविस्मरणीय एवम यादगार दिन रहेगा। हम सभी आदरणीय महोदय पुलिस अधीक्षक अम्बाला का हार्दिक अभिनन्दन करते है। सहायक पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के भविष्य की मंगल कामना करते हुए कहा कि उनके द्वारा जिला अम्बाला में पुलिस विभाग में सच्चीनिष्ठा, आमजन की सेवा सुरक्षा व सहयोग की भावना को निभाते हुए किए गए कार्यो की मैं सराहना करती हूँ।

# श्रद्धेय प्रकाश लाल जी को जन्म जयंती पर योग जागरूकता प्रभात फेरी निकाल कर दी पुष्पांजलि

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत), मुख्यालय रोहिणी, दिल्ली के संस्थापक श्रद्धेय स्वर्गीय प्रकाश लाल जी की जन्म जयंती आज पूरे भारतवर्ष में ही नहीं विदेशों में भी बड़ी श्रद्धा, प्रेरणा एवं हर्षोल्लास के साथ विभिन्न योग कार्यक्रम आयोजित करके मनाई गई । संस्थान की केंद्रीय कार्यकारिणी द्वारा देश की सभी प्रांतीय व विदेशी इकाइयों को श्रद्धेय प्रकाश लाल जी का प्रकाश उत्सव प्रेरणा दिवस के रूप में प्रत्येक योग साधना केंद्र पर भव्य कार्यक्रम आयोजित कर के मनाने के निर्देश दिए गए हैं । संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई द्वारा प्रदेश भर में स्थापित अपने सभी निशुल्क योग साधना केन्द्रों पर आज से प्रकाश पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है । इस पखवाड़े के दौरान प्रांतीय इकाई के आह्वान पर सभी योग साधना केन्द्रों पर योग साधना के साथ-साथ मधुमेह रोग निवारण शिविरों के अतिरिक्त योग से संबंधित कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे । प्रत्येक जिले द्वारा कुछ नए योग साधना केन्द्र स्थापित कर श्रद्धेय प्रकाश लाल जी को समर्पित किये जाएंगे । कृष्ण योग जिला के अंतर्गत प्रोफेसर कॉलोनी जोन खेड़ा पार्क केन्द्र, जांगडा धर्मशाला में क्षेत्रीय प्रधान मिथिलेश चौधरी द्वारा श्रद्धेय प्रकाश लाल जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया व जिला प्रधान देवी दयाल ने स्लोगन पढकर सुनाये । जोन मंत्री पुष्पा व चौधरी मांगे राम सहित कई अन्य अधिकारी व साधक उपस्थित रहे । ब्रह्मसरोवर योग जिला के गायत्री चेतना केंद्र योग साधना केंद्र पर प्रांतीय मंत्री मानसिंह ने श्रद्धेय प्रकाश लाल जी के जीवन व चरित्र पर प्रकाश डाला । डॉ ओमप्रकाश शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, कमलेश, सुदेश सहित कई अन्य साधक उपस्थित रहे । अर्जुन योग जिला के अंतर्गत खेड़ी मारकंडा एवं योग भवन निशुल्क योग साधना केन्द्रों पर आज योग साधना के पश्चात सभी उपस्थित साधकों द्वारा श्रद्धेय प्रकाश लाल जी को उनकी जन्म जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की गई । संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने श्रद्धेय प्रकाश लाल जी के जीवन, चरित्र और विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एकनिष्ठ राष्ट्रभक्त, सच्चा समाजसेवी, आत्मस्वाभिमानी, दृढ़ निश्चयी, अनुशासन प्रिय बताते हुए अनेक अद्वितीय मानवीय गुणों की खान बताया । इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री राजेश भट्ट, केंद्र प्रमुख रामचंद्र सरपंच, पवन शर्मा, शिक्षक हंसराज, तारा राम, प्रीतम सिंह, पवन सैनी, जय भगवान सहित कई अन्य साधक उपस्थित रहे । अन्य शहरों अंबाला, कैथल, चीका, नरवाना, सोनीपत आदि से भी ऐसे कार्यक्रमों के समाचार प्राप्त हुए हैं। पूरे हरियाणा प्रांत में उत्साह का वातावरण रहा ।



**जयंती**

8 श्रद्धेय स्वर्गीय प्रकाश लाल जी की जन्म जयंती विदेशों में भी बड़ी श्रद्धा, प्रेरणा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई

# 'अगर युवा अपना ध्यान खेलों में लगाएंगे तो वह अपने जीवन में आगे बढ़ सकेंगे'

### गांव बिहोली में ग्रामीण युवाओं ने किया तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/पिपली :** गांव बिहोली में समस्त ग्रामीण युवाओं द्वारा तीन दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया। जिसका शुभारंभ समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने मुख्यातिथि के रूप में पहुंचकर रिबन काटकर किया। युवाओं द्वारा समाजसेवी संदीप गर्ग का गांव में पहुंचने पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया ।समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि आज कल युवा पीढ़ी नशे की ओर जा रही है, जो कि सेहत, शरीर के लिए तो हानिकारक है ही, इसके साथ-साथ जीवन के लिए भी हानिकारक है। उन्होंने कहा कि आज का युवा ही देश का भविष्य है। अगर युवा पीढ़ी अपना ध्यान खेलों में लगाएगी तो युवा अपने जीवन में आगे तो बढ़ सकेंगे ही। इसके साथ-साथ उनकी सेहत व शरीर भी स्वस्थ रहेगा और वह कामयाब भी हो सकेंगे। वहीं ग्रामीण युवा निहाल सिंह ने बताया कि गांव के समस्त युवाओं द्वारा यह तीन दिवसीय क्रिकेट टूनार्मैंट का आयोजन किया गया। जिसमें लाडवा हल्के के 24 गांवो की टीमें भाग ले रही है। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में लगभग 21 मैच करवाए जाएंगे और विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।



## न्यूज फ्लैश

### साढ़े तीन लाख की नकदी व गहने लेकर प्रेमी संग युवती हुई फरार

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। मधुबन** थाना के अंतर्गत आने वाले गांव के युवक पर एक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगा है। युवती अपने साथ करीब 3.50 लाख रुपए की नकदी और लाखों के गहने लेकर गई है। यह पैसे पिता ने जमीन की रजिस्ट्री के लिए रखे हुए थे। परिजनों ने युवती का सुराग नहीं लगने पर शिकायत पुलिस को की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में एक व्यक्ति ने बताया है कि उसकी बेटी 28 फरवरी की सुबह करीब 11-12 बजे घर से निकली थी। सोचा था यहीं आसपास होगी, लेकिन जब वह देर शाम तक भी नहीं लौटी तो चिंता हुई। उसकी तलाश की गई, लेकिन कोई भी सुराग नहीं लग पाया। पिता ने गांव के ही एक युवक पर उनकी बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत पुलिस को की है।

पिता ने शिकायत में बताया है कि वे अपनी बेटी को बाहर तलाश कर रहे थे, लेकिन जब घर आकर अलमारी को चेक किया गया तो उसके अंदर से उनकी लडकी के कपड़े भी गायब थे। इसके साथ ही साढ़े तीन लाख रुपए की नकदी चोरी मिली। सोने का मंगलसूत्र, सोने का कोका, बालियां, नथनी, माथे का टीका व चांदी के आभूषण भी लेकर गई है। पिता ने बताया कि उसके घर में जो नकदी रखी हुई थी। वह पैसा किसी से उधार लिया था और उसमें कुछ पैसा मजदूरी का भी था। वह पैसा मैने अपनी बेटी को अलमारी में रखने के लिए दिया था, ताकि जो जमीन अभी ली है उसकी रजिस्ट्री करवा सके, लेकिन उसने पैसे के साथ-साथ आभूषणों पर भी हाथ साफ कर दिया। पीड़ित पिता ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस को कर दी है। जांच अधिकारी ने बताया कि युवती के लापता होने की शिकायत मिली है। वह अपने साथ नकदी व गहने भी लेकर गई है। परिजनों ने एक युवक पर युवती को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही मानवता जनशक्ति फाउंडेशन: हरदीप राणा

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मानव सेवा संघ में मानवता जनशक्ति फाउंडेशन के स्थापना दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर हरियाणा राज्य ग्रंथ अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष डा. वीरेन्द्र सिंह चौहान तथा हरियाणा राज्य शुगर फेड के पूर्व चेयरमैन एवं समाजसेवी चंद्रप्रकाश कथूरिया ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद चेयरपर्सन के प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा व मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर भारत विकास परिषद की श्री राधा कृष्ण शाखा की अध्यक्ष प्रियंका काठपाल व आर्य केंद्रीय सभा करनाल के प्रधान प्रो. आनन्द सिंह आर्य रहे। इसके अलावा विशेष तौर पर मानव सेवा संघ के प्रमुख स्वामी प्रेम मूर्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल की छोटी बहन वीना अरोड़ा, अंजू शर्मा, कुंवर अमित सिंह, स्वतंत्र कुकरेजा, अमूल मित्तल, नीतू, हरियाणवी गायक ईश्वर शर्मा, रजनीश चोपड़ा, अनु मदान, दिनेश बक्शी, स्नेक मैन सतीश फफडाना, एमडीडी बाल भवन के संचालक पीआर नाथ, निफा के प्रमुख प्रितपाल सिंह पन्नू, अपना आशियाना के संचालक राजकुमार अरोड़ा को सम्मानित किया गया। मानवता जनशक्ति फाउंडेशन के संस्थापक हरदीप राणा ने संस्था के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आज के दिन मानवता की भलाई के लिए इस फाउंडेशन की स्थापना की गई थी। यह फाउंडेशन बुजुर्गों की सेवा, पर्यावरण के क्षेत्र में अनोखा काम कर रही है। वहीं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी यह संस्था कार्य कर रही है। हरियाणा राज्य ग्रंथ अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष डा. वीरेन्द्र सिंह चौहान तथा हरियाणा राज्य शुगर फेड के पूर्व चेयरमैन एवं समाजसेवी चंद्रप्रकाश कथूरिया, जिला परिषद चेयरपर्सन के प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा व मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला ने कहा कि यह संस्था सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

# सम्पत्ति कर बकायादारों को सरकार का एक बार फिर तोहफा

**31 मार्च तक एकमुश्त बकाया जमा करवाने पर मिलेगी समस्त ब्याज की छूट : अशोक**



राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** प्रॉपर्टी टैक्स बकायादारों के लिए सरकार ने फिर एक बार फिर उदारता दिखाते हुए ब्याज माफी का तोहफा दिया है। इसके तहत आगामी 31 मार्च 2024 तक जो बकायादार नगर निगम के खजाने में एकमुश्त राशि जमा करवाएगा, उसे समस्त ब्याज माफी की छूट का लाभ मिलेगा। यही नहीं बकाया मूल राशि व चालू वित्त वर्ष के बिलों पर भी 15 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट अनुमत होगी। लेकिन इसके लिए सम्बंधित व्यक्ति को अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को सेल्फ सर्टिफाई यानि स्व-प्रमाणित करना होगा। यह जानकारी शुक्रवार को उप निगमायुक्त अशोक कुमार ने दी।

सरकारी विभाग भी उठाएं छूट का लाभ- उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से दी जा रही छूट का राज्य सरकार के विभाग फायदा उठा रहे हैं। जिला जेल की ओर से भी 73 लाख रुपये सम्पत्ति कर भरा गया है। इसके अतिरिक्त 6 अन्य विभागों ने भी छूट का लाभ उठाते हुए अपना सम्पत्ति कर पहले ही जमा करवा दिया है। उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार के अन्य विभागों से भी अपील कर कहा है कि वह भी छूट का लाभ उठाएं और अपना सम्पत्ति कर नगर निगम के खजाने में जमा करवा दें।

16 करोड़ से अधिक कर हुआ जमा- उन्होंने बताया कि निगम के खजाने में अब तक करीब 16 करोड़ 20 लाख रुपये प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में जमा हो गए हैं। बकायादारों को कर से मुक्त करने के लिए सरकार ने अब फिर 31 मार्च 2024 तक बकाया टैक्स को ब्याज माफी के साथ जमा करवाने का एलान किया है। इसे देखते बकायादारों को चाहिए कि वे इस सुनहरी मौके का फायदा उठाएं और निगम के खजाने में प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाकर चिंता मुक्त हो जाएं।

100 टैक्स डिफाल्टरों की सम्पत्ति होगी समबद्ध- उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी टैक्स डिफाल्टरों को बकाया सम्पत्ति कर जमा करवाने के लिए नगर निगम की ओर से जो समय दिया गया था, वह समाप्त हो गया है। अब नगर निगम की एन्फोर्समेंट टीम अपनी कार्रवाई करने जा रही है। उन्होंने बताया कि बीते दिनो 100 बड़े डिफाल्टरों को नोटिस जारी

## वैट वन टाईम सैटलमेंट स्कीम का सभी व्यापारी फायदा उठाएं: नीरज



राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (बिक्री कर) नीरज सिंह ने करनाल के टैक्स वकीलों के साथ वन टाईम सैटलमेंट स्कीम पर चर्चा के लिए अपने कार्यालय में बैठक बुलाई। बैठक में अधिवक्ताओं ने ओटीएस से संबंधित अपनी समस्याएं रखीं। समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करके हल निकाला। इस स्कीम के नोडल अधिकारी अभिषेक बतरा ईटीओ और प्रताप कुंडु ईटीओ ने भी वकीलों को ओटीएस स्कीम के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि समय रहते सरकार द्वारा दिए गए मौके का समय से फायदा उठाएं। उन्होंने करदाताओं को दी जा रही छूट का उल्लेख करते हुए कहा कि इस स्कीम के तहत उन्हें जुमार्ना राशि एवं ब्याज राशि की पूर्ण छूट, स्वीकृत कर पर 100 प्रतिशत देय सहित यदि विवादित कर की राशि रुपए 50 लाख के बराबर या उससे कम है तो विवादित कर का 30 प्रतिशत तथा अन्य सभी मामलों में विवादित कर का 50 प्रतिशत भुगतान करना होगा।

## योग कक्षाओं का ग्राम वासियों ने उठाया लाभ



राजकुमार प्रिंस

**करनाल। आयुष** विभाग और हरियाणा योग आयोग की तरफ से चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम के समापन पर बेहतर कार्य के लिए योग एवं व्यायामशाला के आयुष योग सहायक विपिन ग्रोवर को बहुत सुंदर प्रशासनीय कार्यक्रम के लिए बधाई देते हुए गांव रसीन के सरपंच किताब सिंह ने कहा कि इस अतुलनीय कार्य के लिए विपिन ग्रोवर सम्मान के अधिकारी हैं। इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम होगी ।

आयुष योग सहायक विपिन ग्रोवर ने बताया कि जिला करनाल के जिलाधिकारी डॉ. सतपाल के मार्गदर्शन में यह कार्य किया जा रहा है। और 1 फरवरी से निरंतर चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार के अभियान में यह कार्य किया गया गांव में चलाई जा रही इस निःशुल्क योग कक्षा में महिलाएं बच्चे निरंतर योग अभ्यास कर रहे हैं। सर्वाइकल, कमर दर्द, शुगर, बीपी, मोटापा, घुटनों का दर्द इन सभी बीमारियों के लिए विशेष आसन प्राणायाम करवाए जाते हैं और योग साधकों को बहुत लाभ मिल रहा है और ग्रामवासी इस से बहुत खुश है ।

## भैंस चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** सीआईए वन की टीम ने आरोपी अब्दुल सत्तार पुत्र जिंदा हसन वासी लखनौती सहारनपुर उत्तरप्रदेश को जिला कोर्ट सहारनपुर से और जिसान उर्फ इरफान पुत्र शहजाद वासी हरोड़ा सहारनपुर उत्तर प्रदेश को जिला कोर्ट करनाल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया।

पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपियों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर इंद्री एरिया से शिकायतकर्ता राहुल वासी चौगावा के घर से 19 जनवरी को तीन भैंस, एक कटड़ा और 20 जनवरी को शिकायतकर्ता मग्गू वासी रैय्तखाना के घर से एक भैंस चोरी कर वारदातों अंजाम दिया था और इन भैसों को आगे बेचकर नगद राशि प्राप्त की थी, जिसमें से दोनों आरोपियों के कब्जे से प्राप्त राशि से 61 हजार रुपए बरामद किए गए।

## सामान चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार स्टील टूंटिया, प्लग, एंगल वॉल बरामद



राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** सीआईए वन की टीम ने चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से चुराया गया सामान स्टील की टूंटियां, प्लग, एंगल वाल आदि सामान बरामद किया गया है।

पुलिस टीम ने आरोपियों बलीराम उर्फ कलवा पुत्र जीताराम वासी पासीपुर जिला आजमगढ़ उत्तर प्रदेश हाल झुग्गी झोपड़ी सेक्टर-6, करनाल, बीरबल पुत्र तिलक पासवान वासी अम्मा गिनरपुर जिला बेगूसराय बिहार हाल झुग्गी झोपड़ी सेक्टर 32, संतोष पुत्र राजू साहनी वासी गौरीपुर जिला बेगूसराय बिहार हाल किरायेदार फूसगढ और अनेकपाल उर्फ सूरज पुत्र पूरनलाल वासी टड़वा जिला बरेली उत्तरप्रदेश हाल झुग्गी झोपड़ी सेक्टर 6, करनाल को जिला कोर्ट करनाल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया।

आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से शिकायतकर्ता सुरिंदर की कलंदरी गेट पर स्थित दुकान का स्टर फाडकर 9 जनवरी की रात को चोरी हुआ समान जैसे टुंटियां, प्लग, एंगल वॉल आदि बरामद किया गया। इस संबंध में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना शहर में चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस पूछताछ में पाया गया कि चारों आरोपी आदतन अपराधी हैं, जो कि पैसों के लालच और नशापूर्ति के लिए चोरी की वारदातो को अंजाम देते हैं। चारों आरोपियों के खिलाफ चोरी, लूट योजना आदि के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# कार्यकर्ता बूथ स्तर तक करें पार्टी को मजबूत: भारत भूषण जुआल

**लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश भाजपा पूरी तरह से अलर्ट मोड़ में आ गई है, लगातार बैठकों का दौर चल रहा**




राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश भाजपा पूरी तरह से अलर्ट मोड़ में आ गई है। लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में जिला करनाल के अंतर्गत आने वाली पांचों विधानसभाओं

करनाल, घरोंडा, नीलोखेड़ी, असंध इन्द्री में भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा एवं जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल ने कार्यकताओं की संगठनात्मक बैठक ली। इन बैठकों में विधायक, पूर्व विधायक एवं मंडल अध्यक्ष मंडलों के पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रमुख मौजूद रहे। इस मौके पर नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को भी सम्मानित किया गया।

भाजपा जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल ने आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर विभिन्न जानकारियां देते हुए कहा कि विधानसभा स्तर पर होने वाली बैठकों का उद्देश्य है कि पार्टी को कैसे मजबूती प्रदान की जाए। उन्होंने इस मौके पर कार्यकताओं को बताया कि आगामी चुनाव में किस तरह से पार्टी के हित में कार्य करना है।

**मंथन**

**कार्यकर्ता युवा, अन्नदाता व महिलाओं के लिए चलाई गई योजनाएं लोगों के घर द्वार तक पहुंचाने का काम करें**

उन्होंने इस मौके पर संगठन को एकजुटता के साथ आगे बढने के दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए सभी पार्टी नेतृत्व से जुड़े कार्यकर्ता केंद्र सरकार की गरीब, युवा, अन्नदाता व महिलाओं के लिए चलाई गई योजनाएं लोगों के घर द्वार तक पहुंचाने का काम करें।

इन बैठकों के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक संगठन मजबूत हो सके, इसके लिए सभी पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी गांव और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने को लेकर सशक्त भूमिका निभाएं। इसके लिए कार्यकताओं को प्रत्येक मतदान केन्द्र और बूथ कमेटी तक सामाजिक और संगठनात्मक दोनों जिम्मेवारी का निर्वाह करने की आवश्यकता है।

## आरोपियों से रिमांड के दौरान अंगूठी, मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त कार बरामद

कमाल हुसैन

**पानीपत: सीआईए** वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि गिरोह के सरगना आरोपी प्रवीन, प्रमोद, अजय व गुलबहार से पुलिस ने 1 दिन के पुलिस रिमांड के दौरान छीनी गई चांदी की 3 अंगूठी, 1 मोबाइल फोन व वारदात में प्रयुक्त वैगनआर कार व बाइक बरामद कर पूछताछ के बाद चारों आरोपियों को शुक्रवार को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। सीआईए वन पुलिस टीम ने लूट, डकैती व अपहरण कर फिरौती मांगने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर बुधवार को गिरोह के सरगना सहित 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी प्रवीन निवासी सिवाह, प्रमोद निवासी पसीना कला, संदीप निवासी अहर, दीपक निवासी घिलोड़ कला रोहतक, सोनू निवासी मनाना, विशाल निवासी शहर मालपुर व विकास निवासी मतलौडा को चौटाला रोड़ पर स्टेडियम के पास से बरेजा कार सहित व आरोपी गुलबहार उर्फ गुलाब निवासी हथवाला व अजय निवासी मनाना को डाहर गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया था। आरोपियों से 3 वारदातों का खुलासा हुआ। उक्त वारदातों बारे थाना चांदनी बाग व थाना औद्योगिक सेक्टर-29 में अभियोग दर्ज है। पूछताछ में गिरोह के 7 आरोपियों ने 26 फरवरी की सुबह हनुमान चौक के नजदीक सब्जी मंडी के आढ़ती का अपहरण कर 2 करोड़ रुपए फिरोती मांगने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा था। उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में आढ़ती ललित निवासी सेक्टर 25 की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। आरोपियों ने करीब 20 दिन रेकी करने के बाद वारदात को अंजाम दिया था।

## कीटनाशक दवा चढने से युवा किसान की मौत



राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के ऐंचला गांव के किसान की खेत में स्प्रे करते समय कीटनाशक दवा चढने के कारण हालत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आज पोस्टमॉर्टम के उपरांत शव को परिजनों के हवाले कर दिया।

ऐंचला के बलवान सिंह ने बताया कि विजय भारती (31 वर्ष) बुधवार शाम को खेतों में कीटनाशक दवा का स्प्रे कर रहा था। उस समय हवा काफी तेज थी। इस कारण स्प्रे करते समय जहरीली दवा उसके सांस के जरिए अंदर चली गई। इसके बाद धीरे-धीरे विजय की तबीयत बिगडने लगी।

बलवान सिंह ने बताया कि जब विजय की तबीयत बिगड़ी तो उसने अपने परिवार को फोन किया। इसके बाद परिवार के लोग खेत में पहुंचे और उसे अचेत अवस्था में मधुबन स्थित अपर्णा अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उसका इलाज चला। वीरवार देर रात करीब साढ़े 10 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई परिवार के लोगों ने प्रशासन व सरकार से मृतक विजय के परिवार के लोगों के पालन पोषण के लिए सरकार व प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

## जिले में ऑटो, ई रिक्शा चालकों के लिए लागू किया गया ड्रेस पैटर्न



राजकुमार प्रिंस

**करनाल:** पुलिस महानिदेशक शत्रूजीत कपूर के आदेशानुसार और पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निर्देशन में पुलिस द्वारा जिला के सभी ऑटो पर ऑटो संख्या निर्धारित कर दी गई है। बिना ऑटो संख्या के ऑटो या ई-रिक्शा को शहर में चलने नहीं दिया जाएगा।

इसी क्रम में अब पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार और इंचार्ज शहर ट्रैफिक निरीक्षक गौरव पुनिया के नेतृत्व में टीम द्वारा ऑटो, ई रिक्शा चालकों के लिए ड्रेस पैटर्न लागू किया गया है। जो कि ऑटो, ई-रिक्शा चालकों को करनाल पुलिस द्वारा हिदायत दी जाती है कि जल्दी अपनी ड्रेस पैटर्न के अनुसार तैयार करवा ले। इसके बाद अगर कोई ऑटो, ई रिक्शा चालक ड्रेस पैटर्न नियमों की अवहेलना करता पाया गया तो उनका चालान भी किया जाएगा।

इंचार्ज शहर ट्रैफिक निरीक्षक गौरव पुनिया के नेतृत्व में टीम ने गत माह में शहर में यातायात नियमों की उलंघना करके नो पार्किंग में व्हीकल पार्क करने वाले कुल एक हजार के करीब वाहनों के चालान किए है। शहर में कुछ शरारती तत्वों द्वारा बुलेट मोटरसाइकिल द्वारा पटाका बजाकर शहरवासियों की शांति भंगकर यातायात नियमों की अवहेलना की जा रही है।

उन्होंने बताया कि शहर ट्रैफिक टीम द्वारा गत माह में बुलेट मोटरसाइकिल द्वारा पटाका बजाकर शांति भंग करने वाले करीब 158 बुलेट मोटरसाइकिलों के चालान किए गए हैं, जो कि निरंतर जारी रहेंगे।

शहर ट्रैफिक टीम द्वारा यातायात नियमों की उलंघना करने वालो के विरुद्ध यह सख्ती निरंतर बरती जाएगी और यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करवाई जाएगी।

# आशा वर्कर्स ने किया सीएम आवास का घेराव, विरोध प्रदर्शन

**मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर रोकामांगों को लेकर किया प्रदर्शन, पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर रोका**



राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** प्रदेशभर में अपनी मांगों को लेकर आशा वर्कर सडकों पर उतरी। उसी कड़ी में करनाल में आशा वर्कर यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर सीएम आवास का घेराव कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को देखते हुए भारी पुलिस बल सीएम आवास से कुछ दूर तैनात हो गया और आशा वर्करों को बीच रास्ते में ही बैरिकेड्स लगाकर रोकर दिया। इसके बाद सभी वर्करों ने बीच सडक में बैठकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

इस दौरान आशा वर्करों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और चेताया कि अगर आशा वर्करों की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो उग्र प्रदर्शन होंगे। आपको बता दें कि आशा वर्कर यूनियन में वीरवार को पंचकूला में हुए व्यवहार से आहत होकर आज पूरे हरियाणा में विधायकों के आवास पर ज्ञापन देने के लिए पहुंचे है, लेकिन यहां पर भी पुलिस ने उनका रास्ता रोका।

बीच सडक पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करती वर्करों ने कहा कि वीरवार को पूरे हरियाणा की आशा वर्कर पंचकूला में अपने ही विभाग के कार्यालय पर अपनी मांगों लेकर पहुंची थी, लेकिन वहां पर जगह जगह पर आशा वर्करों को रोका गया और अपराधियों की तरह आशा वर्करों को पुलिस ने बसों में बैठा लिया। इतना ही नहीं जगह जगह पर बैरिकेडिंग लगा दी गई।

आशा वर्कर के बड़े लीडरों को घर में ही नजर अंदाज कर दिया गया और आशा वर्करों के साथ पंचकूला में तानाशाही रवैया अपनाया गया। एक तरफ तो सीएम मनोहर लाल कहते हैं कि कोई भी व्यक्ति शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर सकता है और दूसरी तरह आशा वर्करों को रोक लिया गया।

उन्होंने कहा कि किसानों को तो सरकार कह रही थी कि ट्रैक्टरों को मोडिफाई करके ले आए है और प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन आशा वर्करों के पास कौन से ट्रैक्टर थे, वे तो शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन करने के लिए जा रही थी। हम आज मुख्यमंत्री को ही ज्ञापन देने के लिए आए हैं, लेकिन हमें रोक लिया गया है। अगर सरकार ने हमारी मांगों को नहीं माना तो हम आगामी रूपरेखा तैयार करेंगे। वहीं सीएम आवास पर ज्ञापन लेनी पहुंची, स्वास्थ्य विभाग की डिप्टी सीएमओ डॉ. सरोज ने बताया कि आज आशा वर्कर यूनियन ने सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा है, जिसको उच्चाधिकारियों के माध्यम से सीएम कार्यालय में भिजवा दिया जाएगा।

## बाइक सवार दो युवक गिरे 30 फुट गहरी खाई में

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के सुभरी गांव के पास आवर्धन नहर के निमार्णाधीन पुल को क्रॉस करते वक्त दो बाइक सवार युवक खाई में गिर गए। युवक नहर में नीचे पड़े पत्थरों व सरियों से टकरा गए। एक युवक की गर्दन व सिर में लोहे का सरिया घुस गयाए, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान गांव धोलगढ़ के 21 वर्षीय राहुल के तौर पर हुई है। वह 22 वर्षीय अभिषेक के साथ गांव सुभरी में अपने दोस्त की जन्मदिन पार्टी में आ रहे थे।

हादसा देख आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस व एम्बुलेंस की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। घायल अभिषेक को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया, जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। लोगों ने रोष जताया कि ये हादसा पुल बना रहे ठेकेदार की लापरवाही की वजह से हुआ है। परिजनों ने रात को एक बार मृतक का शव उठाने से भी मना कर दिया था। लोगों के रोष को देखते हुए थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस व ग्रामीणों के बीच बहस हुई। करीब एक घंटा समझाने के बाद व ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई के आश्वासन के बाद परिजनों ने पुलिस को शव को उठाने दिया। आज दोपहर को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। प्रत्यक्षदर्शी बलराज शर्मा ने बताया कि रात करीब 9 बजे धोलगढ़ के रहने वाले दो युवक राहुल और अभिषेक गांव सुभरी अपने दोस्त की जन्मदिन की पार्टी में आ रहे थे। बाइक को राहुल चला रहा था।

**एक की मौत**

**युवक नहर में नीचे पड़े पत्थरों व सरियों से टकरा गए। एक युवक की गर्दन व सिर में लोहे का सरिया घुस गया**

ACTION INDIA
करनाल, 02 मार्च 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# अंतरिक्ष से संचार क्रांति लाने का संदेश दे रहा इसरो

## संपादकीय

### पाकिस्तान को हैवानों ने बना दिया 'ना'पाकिस्तान

**पाकिस्तान** में कम उम्र के लड़के और लड़कियां न तो अपने घरों के भीतर महफूज हैं और न ही बाहर। इस मुल्क के प्रतिष्ठित 'जिओ न्यूज' चैनल की वेबसाइट पर उपलब्ध यह रिपोर्ट सभ्य समाज के लिए चिंताजनक है। यह रिपोर्ट बाल संरक्षण के लिए काम करने वाले एक गैर-लाभकारी संगठन ''साहिल'' ने गुरुवार को जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023 में कम से कम 4,213 बच्चों को दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। इस वर्ष औसतन प्रतिदिन 11 बच्चों को इस पीड़ा का सामना करना पड़ा। इस रिपोर्ट को 'क्रूएल नंबर्स 2023' शीर्षक से पाकिस्तान के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सहयोग से जारी किया गया है। आयोग ने रिपोर्ट के हवाले से कहा है कि पिछले साल इस्लामाबाद, पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर और गिलगित बाल्टिस्तान समेत सभी चार प्रांतों से कुल 4,213 बाल दुर्व्यवहार के मामले सामने आए। रिपोर्ट से साफ है कि इन बच्चों का यौन शोषण ही नहीं किया गया, बल्कि उन्हें अपहरण कर बाल विवाह के दोजख के दावानल में झोंक दिया गया। साल 2023 में इस नरक से 2,251 लड़कियों और 1962 लड़कों को गुजरना पड़ा। इनमें से अधिक संख्या 6-15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की है। हद तो यह है कि हैवानों ने पांच वर्ष तक के बच्चों की आबरू पर डाका डाला। ऐसा करने में रिश्तेदार और परिवार के सदस्य भी पीछे नहीं रहे। आयोग की चेयरपर्सन राबिया जावेरी आगा का कहना है कि आंकड़े डरावने हैं। कुल 4,213 रिपोर्ट किए गए मामलों में से 75 फीसद पंजाब से, 13 फीसद सिंध से, सात प्रतिशत इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र से, तीन प्रतिशत खैबर पख्तूनख्वा और दो प्रतिशत बलूचिस्तान से हैं। आगा ने कहा, ''हमें बाल शोषण के मुद्दे को गंभीरता से लेना होगा। ''साहिल'' के आंकड़े वास्तव में क्रूर हैं, लेकिन एक वास्तविकता है जिसका हमें सामना करना होगा। इन चिंताजनक आंकड़ों को देखते हुए, यह दुखद है कि पाकिस्तान सरकार के पास अभी भी बाल शोषण पर कोई अधिसूचित राष्ट्रीय कार्ययोजना नहीं है।'' ''साहिल'' की कार्यकारी निदेशक मनिजेह बानो ने कहा कि पाकिस्तान के संविधान में अनुच्छेद 25-ए 5 से 16 साल तक मुफ्त शिक्षा प्रदान करता है। ह्लबच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए इसे लागू किया जाना चाहिए। जीवन कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए पाठ्यक्रम में सुधार की सख्त जरूरत है।ह्व ''साहिल'' ने यह रिपोर्ट राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार पत्रों की खबरों के आधार पर तैयार की है। यह तो रही बात बच्चों के साथ जुल्म-ओ-सितम की। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक भी महफूज नहीं हैं। पिछले साल जस्ट अर्थ न्यूज इस मसले पर एक रिपोर्ट छापी थी। इस रिपोर्ट में पाकिस्तान में हिंदू अल्पसंख्यक समूह के खिलाफ बढ़ते अपराधों का विश्लेषण किया गया। रिपोर्ट में सरकारी रवैये पर चिंता जताते हुए दावा किया गया था कि हिंदू अल्पसंख्यकों को जबरन धर्मांतरण से बचाने के लिए जबरन बातचीत निषेध अधिनियम 2021 का मसौदा कानून पर सुनवाई के बिना ही खारिज कर दिया गया। जस्ट अर्थ न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि पाकिस्तान में कम उम्र की लड़कियों को अगवा कर उनके साथ दुष्कर्म करने और धर्म परिवर्तन कराने की प्रथा आम हो गई है।

**राजेश माहेश्वरी**

> हम अंतरिक्ष के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर लगातार अग्रसर हैं और हमने काफी हद तक मिशन गगनयान का भारतीयकरण कर दिया है। यह इसरो के वैज्ञानिकों की बड़ी सफलता है। इसरो की पूरी टीम इसके लिए बधाई की पात्र है। हमारे लिए इससे बेहतर और बड़ी उपलब्धि और भला क्या हो सकती है कि गगनयान मिशन के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले अधिकतर पुर्जे हमारे देश भारत में ही बने हैं। सच तो यह है कि इसरो की उपलब्धियां हम सभी का सिर संपूर्ण विश्व में ऊंचा करतीं हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि चालीस साल पहले हमारे देश के राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय थे। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि उस समय अंतरिक्ष से सोयूज टी-11 की क्रू के साथ ज्वॉइंट कॉन्फ्रेंस के जरिए देश ने पहली बार अंतरिक्ष में मौजूद अपने नागरिक (राकेश शर्मा) के साथ बात की थी

**वर्ष** 2023 भारत के लिए अंतरिक्ष में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य के रूप में बहुत ही महत्वपूर्ण रहा। यह बात सभी को विदित ही है कि 14 जुलाई 2023 को चंद्रयान-3 ने श्रीहरिकोटा में अवस्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी थी और भारतीय अंतरिक्ष यान ने 5 अगस्त 2023 को चंद्र कक्षा में निर्बाध रूप से प्रवेश किया। जब लैंडर ने 23 अगस्त 2023 को चंद्र दक्षिणी ध्रुव के निकट एक सफल लैंडिंग की तो यह भारत के लिए एक बहुत ही बड़ा व ऐतिहासिक कदम था। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 की चन्द्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग के बाद इसरो द्वारा आदित्य-एल 1 सूर्य मिशन की लॉन्चिंग दुनियाभर में चर्चा का विषय रहे थे।इसी क्रम में अब भारत सरकार ने हाल ही में गगनयान मिशन के तहत अंतरिक्ष में भारत की पहली उड़ान के लिए चयनित एयरफोर्स के चार पायलटों के नाम भी बताए हैं। इनमें क्रमशः ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला शामिल हैं, जिनके नाम स्वयं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 फरवरी 2024 को केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र का दौरा करने एवं गगनयान मिशन की तैयारियों की समीक्षा करने के बाद जारी किए हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह कहा कि, 'ये चार नाम या चार इंसान नहीं हैं। 140 करोड़ आकांक्षाओं को अंतरिक्ष में ले जाने वाली शक्तियां हैं। 40 साल के बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में जाने वाला है। इस बार टाइम भी हमारा है, काउंटडाउन भी हमारा है और रॉकेट भी हमारा है।' बहरहाल, जानकारी देना चाहूंगा कि गगनयान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का एक मिशन है और इस मिशन के तहत तीन अंतरिक्ष मिशनों को कक्षा में भेजा जाएगा। इन तीन मिशनों में से 2 मानवरहित होंगे, जबकि एक मानव युक्त मिशन होगा। यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि अक्तूबर 2023 में अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने गगनयान के पहले टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) को भी लॉन्च किया था और वर्तमान में इसरो की नजर गगनयान मिशन पर है जिसके तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाया जाएगा। सच तो यह है कि गगनयान मिशन को कई चरणों के जरिए सफलता के अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। दरअसल,




गगनयान में क्रू एस्केप सिस्टम (सीईएस) सबसे खास है। इसरो के अनुसार, फ्लाइट टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन1 में किसी अनहोनी की दशा में अंतरिक्ष यात्रियों को बचाने में यह क्रू-एस्केप प्रणाली काम आएगी। उड़ान भरते समय अगर मिशन में कोई भी गड़बड़ी हुई तो यह प्रणाली क्रू मॉड्यूल के साथ यान से अलग हो जाएगी, कुछ समय उड़ेगी और श्रीहरिकोटा से 10 किमी दूर समुद्र में उतरेगी। इसमें मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों को नौसेना की ओर से समुद्र से सुरक्षित वापस लाया जाएगा। इसके बाद दूसरा परीक्षण वाहन टीवी-डी2 मिशन और गगनयान (एलवीएम3-जी1) का पहला मानव रहित मिशन होगा। परीक्षण वाहन मिशन (टीवी-डी3 और डी4) की दूसरी श्रृंखला और रोबोटिक पेलोड के साथ एलवीएम3-जी2 मिशन की अगली योजना बनाई गई है। एजेंसी के मुताबिक, चालक दल मिशन की योजना सफल परीक्षण वाहन के नतीजे और उन मिशनों के आधार पर बनाई गई है जिनमें कोई चालक दल नहीं है। दरअसल इसरो इस मिशन के लिए लगातार कड़ी मेहनत कर रहा है और किसी भी हाल और परिस्थितियों में अंतरिक्ष यात्रियों को खोना नहीं पड़े इसके लिए इसरो द्वारा छह परीक्षणों की एक श्रृंखला तैयार की गई है। जानकारी देना चाहूंगा कि पिछले साल अक्टूबर में हुए एक अहम परीक्षण में यह सामने आया है कि रॉकेट में गड़बड़ी होने पर चालक दल सुरक्षित बाहर निकल सकता है। बहरहाल, पाठकों को यह भी विदित हो कि गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में भेजे जायेंगे । मीडिया के हवाले से यह सामने आ रहा है और इस मिशन को वर्ष 2024 के आखिर या वर्ष 2025 की शुरूआत तक अंतरिक्ष में भेजा जा सकता है। इसी साल यानी कि वर्ष 2024 में मानव रहित परीक्षण उड़ान भरी जायेगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट को भेजा जाएगा। बताता चलूं कि गगनयान मिशन तीन दिवसीय मिशन है। मिशन के लिए 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा पर मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और फिर सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि गगनयान मिशन के सफल होने पर भारत उन देशों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने खुद चालक दल अंतरिक्ष यान लॉन्च किया है। बताता चलूं कि अभी तक अमेरिका, रूस और चीन ही यह काम कर पाए हैं। यहां यह बात कहना गलत नहीं होगा कि आज इसरो संपूर्ण विश्व में अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक मिसाल बनकर उभर रहा है और अंतरिक्ष मिशनों का लगातार भारतीयकरण(स्वदेशीकरण) हो रहा है। हम अंतरिक्ष के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर लगातार अग्रसर हैं और हमने काफी हद तक मिशन गगनयान का भारतीयकरण कर दिया है। यह इसरो के वैज्ञानिकों की बड़ी सफलता है। इसरो की पूरी टीम इसके लिए बधाई की पात्र है। हमारे लिए इससे बेहतर और बड़ी उपलब्धि और भला क्या हो सकती है कि गगनयान मिशन के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले अधिकतर पुर्जे हमारे देश भारत में ही बने हैं। सच तो यह है कि इसरो की उपलब्धियां हम सभी का सिर संपूर्ण विश्व में ऊंचा करतीं हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि चालीस साल पहले हमारे देश के राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय थे। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि उस समय अंतरिक्ष से सोयूज टी-11 की क्रू के साथ ज्वॉइंट कॉन्फ्रेंस के जरिए देश ने पहली बार अंतरिक्ष में मौजूद अपने नागरिक(राकेश शर्मा) के साथ बात की थी। उस समय की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने राकेश शर्मा ने पूछा था कि अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता है? तो उन्होंने हिंदी में जवाब दिया था- 'सारे जहां से अच्छा, हिंदोस्ता हमारा।' उल्लेखनीय है कि राकेश शर्मा को 'हीरो ऑफ द सोवियत यूनियन अवॉर्ड' से भी नवाजा गया और वो इकलौते भारतीय हैं, जिन्हें ये सम्मान मिला। इसके साथ ही उन्हें अशोक चक्र से भी सम्मानित किया गया। हाल फिलहाल, हमारे देश का चंद्रयान-3 मिशन चांद के उस दक्षिणी हिस्से पर उतरा, जहां इससे पहले अमरीका और रूस जैसे अंतरिक्ष खोजी देशों का कोई यान नहीं उतर पाया था। रूस ने हमारे साथ-साथ ऐसा ही अभियान लांच किया था, लेकिन वह असफल रहा। हम अंतरिक्ष के क्षेत्र में लगातार सफलता के झंडे गाड़ रहे हैं। हमारा आदित्य - एल 1 अभियान(सूर्य मिशन) धरती से 15 हजार किलोमीटर दूर अवस्थित होकर सूर्य की जांच-पड़ताल कर रहा है। आज अंतरिक्ष अभियानों का लगातार व्यवसायीकरण हो रहा है, विश्व के अनेक देश हमारे इसरो के अभियानों में लगातार रूचि दिखा रहे हैं और अपने उपग्रह प्रक्षेपित करवा रहे हैं। आज हमारा इसरो विश्व के अनेक देशों के उपग्रह प्रक्षेपित करके अंतरिक्ष से संचार क्रांति लाने का संदेश दे रहा है और अब तो निजी निवेशकों को भी इस अभियान यात्रा में शामिल होने का संदेश दे दिया गया है। निःसंदेह वर्ष 1969 में भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) की स्थापना के बाद भारत लगातार अंतरिक्ष में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कर रहा है। जरूरत बस इस बात की है कि बेहतर अंतरिक्ष बुनियादी ढाँचे के निर्माण हेतु अधिक से अधिक बजट की जरूरत की पूर्ति होती रहे और साथ ही साथ इसरो के अभियानों को सरकार द्वारा पर्याप्त समर्थन के अलावा निजी भागीदारियों से भी जोड़ना होगा।

## कविता

### जंग सियासी है विचार से जीतेंगे

हम नफरत से नहीं, प्यार से जीतेंगे
जंग सियासी है, विचार से जीतेंगे

शस्त्र हमारा सत्याग्रह है सदियों से
उनको लगता है कटार से जीतेंगे
*
जनादेश लेकर आएंगे जनता से
जनादेश वे ,लूटमार से जीतेंगे
*
उनको छप्पन भोग मुबारक हों,हम तो
रोटी से,चटनी -अचार से जीतेंगे
*
हम सत्ता के लिए नहीं हैं सड़कों पर
देश जोड़ कर,हर प्रकार से जीतेंगे
*
गारंटी देने वाले व्यापारी ?हैं
हम अपने कौलो - करार से जीतेंगे
*
थकने वाले नहीं कभी हम सेनानी
हर आंधी,गर्दो - गुबार से जीतेंगे
*
फागुन शुरू हो गया है,हम हुरियारे
करके हर दिन पलटवार से जीतेंगे

**राकेश अचल**
---------

## श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह

**रामलाल**

**22 जनवरी** 2024 को अयोध्या की प्राचीन नगरी में एकता, श्रद्धा, भक्ति और समरसता का अविस्मरणीय संगम देखा गया। जहां देश के प्रत्येक कोने से, भिन्न-भिन्न पृष्ठभूमियों से, सहस्त्रों राम-भक्त भव्य राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनने के लिए एकत्र हुए। श्री रामलला के आगमन के नाद से भारत वर्ष में ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण विश्व में एक नवोत्साह की लहर का संचार हुआ। भारत के इतिहास में इस तरह का भव्य आयोजन कदाचित ही हुआ होगा, जिसमें सूक्ष्म स्तरीय योजना एवं वृहद स्तरीय समायोजन का अनोखा मेल देखने को मिला। अयोध्या में भारत और सनातन सभ्यता की प्रत्येक ध्वनि, प्रत्येक भावना और प्रत्येक परम्परा को प्रभु श्रीराम के छत्र में प्रतिछाया मिली। लक्षद्वीप और अंडमान के एकांत द्वीपों से लद्दाख के सुदूर पर्वतों तक, मिजोरम एवं नागभूमि के हरित वनों से लेकर मरुभूमि की रेत तक, भारत के 28 राज्य एवं आठ केंद्रशासित प्रदेश इस महा-आयोजन के साक्षी बने और भारत की सभी भाषाओं ने कहा की 'राम सभी के हैं।' सितम्बर, 2023 से ही निमंत्रितों की सूची बनाने से लेकर उनको बुलाने की व्यवस्था का चिंतन प्रारम्भ हो गया था सभी को निमंत्रण देने का क्रम डिजिटल पत्राचार से प्रारम्भ हुआ, जिसके बाद सभी निमंत्रितों को राष्ट्र के सुदूर क्षेत्रों में जाकर भी व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण दिए गए। अंततः सभी निमंत्रितों को एक व्यक्तिगत कोड दिया गया। कार्यक्रम का स्वरूप पूर्णतयः धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक रखा गया। इस हेतु सभी राष्ट्रीय और प्रांतीय दलों के राष्ट्रीय अध्यक्षों और गृह प्रदेश के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त किसी केंद्रीय मंत्री अथवा मुख्य मंत्री को निमंत्रण नहीं दिया गया। उस दिन आमंत्रित विशिष्ठ अतिथियों में यह भी एक चर्चा का विषय था। आमंत्रित महानुभावों में 10 रुपये से लेकर करोड़ों तक का दान करने वाले सभी दान-दाता वर्गों का प्रतिनिधित्व था, राष्ट्र और सनातन सभ्यता के विभिन्न उद्गम स्थलों से निकलने वाली 131 प्रमुख और 36 जनजातीय; नवीन एवं प्राचीन धार्मिक परम्पराओं का प्रतिनिधित्व था। इनमें सभी अखाड़े, कबीर पंथी, रैदासी, निरंकरी, नामधारी, निहंग, आर्य समाज, सिंधी, निम्बार्क, पारसी धर्मगुरु, बौद्ध, लिंगायत, रामकृष्ण मिशन, सत्राधिकर, जैन, बंजारा समाज, मैतेई , चकमा, गोरखा, खासी, रामनामी आदि प्रमुख परम्पराएँ सम्मिलित थी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति, घुमंतू समाज (ठङ्केँ ळश्चि२) के प्रमुख जनों का भी प्रतिनिधित्व था। विभिन्न मत-पंथ जैसे इस्लाम, ईसाई, पारसी का भी यहां प्रतिनिधित्व था।

1949 में रामलला के पक्ष में निर्णय लेने वाले जिला न्यायाधीश श्री नय्यर के परिवार के साथ साथ तत्कालीन अब्दुल बरकत, जिन्होंने गवाही दी थी, उनके परिवार को भी आमंत्रित किया गया था। रामलला के विरुद्ध मुकदमा लड़ने वाले परिवार के साथ तत्कालीन अधिकारियों के परिवारों को भी निमंत्रण दिया गया था।

## विचार

### गलत खानपान से घातक बीमारियों में बेतहाशा वृद्धि

**देश में** तेजी से बढ़ती गंभीर बीमारियां और असामयिक मौत की वृद्धि ने चिंताजनक आंकड़े छू लिए हैं। आजकल की आधुनिक जीवनशैली, यांत्रिक संसाधनों पर बढ़ती निर्भरता और चटोरी जबान ने हमारे जीवन में बहुत बदलाव ला दिये है, हर कोई स्वाद के हिसाब से खाद्य पदार्थ खाना पसंद करते हैं, स्वास्थ्य के हिसाब से नहीं, जिसका सीधा असर हमारे सेहत पर दिखता है, अब तो किसी भी उम्र में कोई भी स्वास्थ्य समस्या किसे भी होती हैं। लोगों की बढ़ती मांग अनुसार, अब हर तरफ फास्ट-फूड, स्ट्रीटफूड, तेल मैदा मसाले मीठे नमकीन व्यंजन तेजी से समृद्ध हो रहे हैं, जबकि ये खाद्य पदार्थ निम्न गुणवत्ता, खराब कोलेस्ट्रॉल और मोटापा को बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। भारतीय त्योहार, समारोह और मंगल कार्यों में भी ऐसी ही व्यंजन की भरमार बढ़ रही हैं। वैसे ही खाद्य पदार्थों में हानिकारक रसायन का प्रयोग, मिलावटखोरी और अस्वच्छता बड़े पैमाने पर दिखती है, ऊपर से निम्न गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ में सिर्फ स्वाद देखा जाता है, जिसमें उच्च कैलोरी होती है। बहुत से लोग खाना खाते समय यह भी नहीं सोचते कि वे कितनी कैलोरी ले रहे हैं। पेट जब तक पूरी तरह भर ना जाए, तब तक खाते हैं, साथ ही हमारे यहां मेहमाननवाजी के नाम पर जो खिलाने-पिलाने की खातिरदारी होती है, वह भी इस समस्या को बढ़ावा देती है। जितनी कैलोरी लेते हैं, अगर उतनी खर्च नहीं हुई तो वह शरीर में जमा होकर अतिरिक्त कैलोरी मोटापे का रूप लेती है। पाचन में भारी, थकावट, भारीपन, आलस्य महसूस करवानेवाले खाद्यपदार्थों का सेवन ज्यादा किया जाता हैं, जिससे देशभर में पेट संबंधित रोगों की समस्या बहुत आम नजर आती है। मोटापे की समस्या लगातार बढ़ रही है, जो अनेक जानलेवा बीमारियों की जननी हैं और कितने दुर्भाग्य की बात है कि, सब कुछ जानते हुए भी हम खुद ही अस्वास्थ्यकर खाद्यपदार्थों को ही प्राथमिकता देकर खाते हैं। मोटापे के जोखिमों के बारे में जागरूकता और वैश्विक मोटापा संकट को समाप्त करने के लिए हर साल ४ मार्च को ह्लविश्व मोटापा दिवसह्व दुनियाभर में मनाया जाता हैं। अधिक वजन और मोटापे के खतरे के लिए अस्वास्थ्यकर खानपान के साथ-साथ शारीरिक गतिविधि का अभाव, पर्याप्त नींद न लेना, अत्यधिक तनाव, स्वास्थ्य की स्थिति, आनुवंशिकी, दवाइयों का दुष्प्रभाव, आसपास का वातावरण भी उत्तरदायी होता है। शहरों में मोटापे की इस प्रवृत्ति के लिए चीनी-मीठे पेय पदार्थ और प्रसंस्कृत भोजन जैसे उच्च कैलोरी-सघन खाद्य पदार्थों का सेवन एक प्रमुख योगदानकर्ता माना जाता है, और साथ ही, इनमें आवश्यक पोषक तत्वों और फाइबर की भारी कमी होती हैं। अधिक शराब पीना, बहुत अधिक बाहर भोजन करना सेहत के लिए हानिकारक है। लंबे समय तक धूम्रपान, अस्वास्थ्यकर आहार और शारीरिक निष्क्रियता के कारण परिणामस्वरूप बीमारियों का विकास होता है, विशेष रूप से हृदय रोग, स्ट्रोक, मधुमेह, मोटापा, मेटाबोलिक सिंड्रोम, क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी। वर्तमान में भारतीय फास्ट-फूड बाजार 27.57 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है। भारतीय जंक फूड की सूची में समोसा, कचौड़ी, ब्रेड पकौड़ा, पैकेज्ड भुजिया, इंस्टेंट नूडल्स, मोमोज, टिक्की, भटूरे जैसे खाद्य पदार्थ शीर्ष पर हैं। वैश्विक खाद्य बाजारों में भारत के निरंतर एकीकरण के बाद अस्वास्थ्यकर, प्रसंस्कृत भोजन अधिक सुलभ हो गया है। यह, बढ़ती मध्यम वर्ग की आय के साथ मिलकर, मध्यम वर्ग और उच्च आय वाले परिवारों में प्रति व्यक्ति औसत कैलोरी सेवन में वृद्धि कर रहा है। एक विशेष रिपोर्ट के अनुसार, "2022 तक देश के बड़े शहरों में फास्ट फूड रेस्तरां पर मध्यम वर्ग के परिवारों का वार्षिक खर्च 108 प्रतिशत बढ़ गया है"। मोटापा एटलस 2023 ने मोटापा गैर-संचारी रोग के मामले में भारत को कुल 183 देशों में से 99 वें स्थान पर रखा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य परिवार सर्वेक्षण 5 के आंकड़ों के अनुसार, 23% महिलाएं और 22.1% पुरुष बीएमआई मानदंड के अनुसार अधिक वजन वाले हैं, देश में 40% महिलाएं और 12% पुरुष पेट के मोटापे से पीड़ित हैं। भारतीय राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 अनुसार, 2006 से 2016 तक की अवधि में, 15 से 49 वर्ष की आयु की महिलाओं में मोटापा 13% से बढ़कर 21% हो गया।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

### खुद शिकारी शिकार हो गया

**डॉ. सुरेश कुमार**

**अखबार** में कितना सच और कितना झूठ छपा है इसे जानने के लिए केवल पढ़ा-लिखा होना काफी नहीं होता। पढ़े-लिखे एक ही खबर को अलग-अलग समाचार पत्रों में अलग-अलग तरह से पढ़कर अपना माथा फोड़ते रहते हैं। पढ़ा-लिखा होना गर्व की बात है। उस गर्व का गुबार तो उस समय निकल जाता है जब छपी सामग्री समझ में न आने पर खुद की पढ़ाई पर लानत पैदा होती है। समाचार के पहले दो-तीन पन्ने झूठ छापने की होड़ में लगे रहते हैं। जो जितना झूठ छापता है वह उतना विज्ञापन पाता है। सच छापने वाले के दफ्तर ईडी, इनकम टैक्स वाले अपना छापा लिए पहुँच जाते हैं। अगले दिन से सच छापने वाला खुद को झूठा साबित करने के लिए सड़क पर आ जाता है।

इसीलिए समझदार लोग क्लासीफाइफ पढ़ते हैं। वैसे ये भी झूठे होते हैं, लेकिन पहले तीन पन्नों की तुलना में बहुत बेहतर होते हैं। ऐसे झूठ से सेप्टिक नहीं होता। इसी क्लासीफाइड को पढ़ते हुए अचानक मेरी निगाह एक विवाह के विज्ञापन से जा टकराई। चट मंगनी पट ब्याह मैरेज ब्यूरो को दस हजार भरकर जैसे-तैसे लड़की का नंबर हासिल किया। मैरेज ब्यूरो वाले का हवाला देते हुए लड़की की पसंद-नापसंद के बारे में बात करते हुए उसे फोन पर हाय-हैलो किया। पता लगाने पर मालूम चला कि लड़की के पिता का देहांत हो गया है। यह सुनकर ऊपर से दुख और भीतर से खुशी हुई। बिन बाप की बेटी पर डोरे डालना आसान होता है। माँ नौकरी करती थी। कामकाज करना किसी के लिए परिवार चलाने का कारण होता है तो कुछ के लिए उनके पीठ पीछे गुलछर्रे उड़ाने का बहाना। पता नहीं ऐसी स्थिति में कुछ लोग इंसान से साँप कब बन जाते हैं। चिड़िया की माँ उधर दाने की खोज में निकली इधर साँप चिड़िया की ओर। खाली हाथ किसी के घर जाना बुरी बात है। अपने मतलब की चीज उसके मतलब की बताकर मिलना तो और बुरी बात है। वह क्या है न कि कुछ बुरा करने के लिए भी पहले पहल कुछ अच्छा करना पड़ता है। मेरी खराब नियत 24 कैरेट सोने की तरह चमक रही थी। कई दिनों तक खुफियागिरी करते हुए माँ के घर पर आने-जाने का समय पता लगाया।

### नेताजी की अंतर्रात्मा

**सूर्यदीप कुशवाहा**

**नेताजी की अं**तर्रात्मा वर्षो से निर्जीव थी। वह जैसे गहरी नींद में सोई थी। बस बॉडी सत्ता में रहकर मलाई खाती रही और विपक्ष में ऊँचे ओहदे पर बैठ गुनगुनी धूप में गुनगुनाती रही। लोकतंत्र में मलाई और सनबाथ खाना उनका अधिकार है। चुनावी रैली में नेताजी की आत्मा होती है। वह लच्छेदार भाषणों में देखी जा सकती है। नेताजी की आत्मा चुनाव जीतते ही अंतर्धान हो जाती है। बिना जनता के ध्यान लगाने से आने से रही.... घोर तपस्या से ही प्रकट हो सकती है। यह पूर्णतः दैविक प्रक्रिया है। वैसे यह मंत्रोचार कारगर है...दैविक, दैहिक, भौतिक तापा... आत्मा प्रगट को भापा । नेताजी अभी तक बिना अंतर्रात्मा के ही काम चलाते आ रहे थे। उन्होंने कभी जनहित में अंतर्रात्मा को सुना ही नहीं। अचानक उनको जब इसकी याद आई तो मीडिया रस मिला। जिसकी बारिश में भिगो -भिगो के टीआरपी में आग लगा दी।नेताजी की अंतर्रात्मा निर्जीव थी, लेकिन चुनाव में नफा -नुकसान के गुणा -गणित से जीव पड़ गया। जिससे वह सजीव हो उठी। जैसे ही सजीव हुई नेताजी को पाप -पुण्य का भवसागर नजर आया। उनकी अंतर्रात्मा गहरी नींद से जग चुकी थी। जिससे उनको अपने दल के पक्ष में वोट डालना पाप लगा और अपनी अंतर्रात्मा की आवाज सुनकर दूसरे दल के पक्ष में वोट डालकर पुण्य कमाया। इस महान कृत्य से उनकी तीनों लोको में जय-जयकारा लगा। उनके इस पुण्य कार्य को अनादिकाल तक अमिट स्वर्णाक्षरों से चित्रगुप्त ने बहीखाता में अंकित किया। ऐसी पावन अंतर्रात्मा हेतु यमलोक में भी स्तुतिगान हुआ। नेताजी की आत्मा से तीनों लोक धन्य हुए। पृथ्वीलोक के भारतभूमि पर स्वर्गलोक से पुष्प वर्षा होने लगी। इस खबर की लाइव टेलीकास्ट से जन -जन अभिभूत हुआ। इससे मीडिया की टीआरपी बढ़ी और लक्ष्मी जी की कृपा मिली। वैसे राजनीति भी में भी नीति उजाले में भी कहाँ दिखती है। जो दिखाया जाता है, बस वही दिखती है।

उनकी अंतर्रात्मा फिर भी हैरान है। यह क्या हुआ? मैंने कुछ भी नहीं किया। फिर भी होली मनाई जा रही है। नेताजी ने वोट फलाने को क्रॉस किया। कभी यहूदियों ने ईशु को क्रॉस पर लटकाया था। अब नेताजी मेरा नाम लेकर क्रॉस पर लटका रहे हैं। अपनी राजनीति चमाकाने में मुझे जीवित कर दिए।

# विधानसभा बजट सत्र में पेश की गई आर्थिक सर्वेक्षण

## दिल्ली का बजट सोमवार को विधानसभा में पेश किया जाएगा, गत वर्षों के दौरान दिल्ली सरकार अलग-अलग थीम पर बजट पेश करती आ रही





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 15 फरवरी से चल रहा है। विधानसभा में दिल्ली का बजट पेश करने से पहले शुक्रवार को दिल्ली की वित्तमंत्री आतिशी ने आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश किया। रिपोर्ट में दिल्ली के आर्थिक हालात का जिक्र किया गया है। आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल में यह दूसरा वर्ष होगा जब मनीष सिसोदिया की जगह वित्त मंत्री आतिशी आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट और उसके बाद नए वित्त वर्ष का बजट पेश करेंगी। वहीं दिल्ली का बजट सोमवार को विधानसभा में पेश किया जाएगा। गत वर्षों के दौरान दिल्ली सरकार अलग-अलग थीम पर बजट पेश करती आ रही है। पिछले साल के बजट को प्रगतिशील बजट नाम दिया गया था। इसमें दिल्ली में तमाम विकास कार्यों को पूरा करने की बात कही गई थी। इससे पहले दिल्ली सरकार 'देशभक्ति' और 'रोजगार' बजट पेश कर चुकी है, जिसमें दिल्ली के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करने की योजनाओं का जिक्र था। आतिशी ने आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट 2023-24 का डेटा दिखा कर कहा कि पिछले एक साल में उनकी हरसंभव कोशिश के बाद जो दिल्ली की अर्थव्यवस्था पहले की तरह रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ी है। 2023-24 का इकोनामिक सर्वे दिख रहा है पिछले एक साल में दिल्ली के लोगों की प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है। इकोनॉमिक सर्वे रिपोर्ट बताता है दिल्ली सरकार का राजस्व बढ़ा है। दिल्ली में देश की 1.5 फीसदी आबादी रहती है, लेकिन डेढ़ फीसदी आबादी रहने के बाद दिल्ली का देश की जीडीपी में 4 फीसद की हिस्सेदारी है।

**रिपोर्ट**

> 8 पिछले एक साल में उनकी हरसंभव कोशिश के बाद जो दिल्ली की अर्थव्यवस्था पहले की तरह रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ी

## विधायकों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाया

**सदन** में नियम 280 के तहत विधायकों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाया। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की सरकार ने वायदा किया था कि 25 कॉलेज खोले जाएंगे।

सरकार अपने वायदा के मुताबिक 25 कालेज खोले। दिल्ली में ग्रामसभा की जमीन खाली पड़ी है। उस पर कॉलेज खोले जाएं। सरकार यह कदम उठाए। सरकार ने एक भी कॉलेज नही खोला है। विधानसभ अध्यक्ष राम निवास गोयल ने कहा कि यह कहना गलत है कि दिल्ली सरकार ने एक भी कॉलेज नही खोला है। मेरे बगल के विधानसभा क्षेत्र और भाजपा के ओम प्रकाश शर्मा के क्षेत्र में डीटीयू के पूर्वी दिल्ली परिसर की शुरूआत की गई है। विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी ने कहा कि जन सुविधा केंद्रों का बुरा हाल है। ठेकेदार अपने कर्मचारियों का भुगतान नही कर रहा है। उसका भी छह माह से पैसा रुका हुआ है।

विधायक रोहित महरोलिया ने कहा कि कोंडली सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का अनट्रीटेड पानी न्यू अशोक नगर के पास नाले में डाला जाता है। वहां निकलने वाली गैस से आसपास के लोग परेशान हैं। जल बोर्ड इसके लिए कोई समाधान निकाले।

विधायक पवन शर्मा ने कहा कि पिछले 10 माह से जहांगीरपुरी में पानी की लीकेज हो रही है। मगर कोई कार्रवाई नही हो रही है। सीवर भरे पड़े हैं, कोई काम नही हो पा रहा है।

# भारतीय कुश्ती संघ के चयन ट्रायल पर रोक की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय कुश्ती संघ की ओर से आयोजित चयन ट्रायल पर रोक लगाने की मांग करते हुए बजरंग पूनिया समेत चार पहलवानों ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। हाई कोर्ट अगले सप्ताह इस याचिका पर सुनवाई कर सकता है। दिल्ली हाई कोर्ट में यह याचिका बजरंग पूनिया के अलावा विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और सत्यव्रत कादियान ने दायर की है। याचिका में भारतीय कुश्ती संघ की ओर से एशियन ओलंपिक क्वालिफायर्स एंड वर्ल्ड ओलंपिक क्वालिफायर्स के दूसरे सेलेक्शन ट्रायल के लिए पहलवानों को आमंत्रित किए जाने को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित कर रखा है, ऐसे में भारतीय कुश्ती संघ को ट्रायल के लिए पहलवानों को आमंत्रित करने का अधिकार नहीं है। याचिका में कहा गया है कि भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन ने भारतीय कुश्ती संघ के कामकाज को देखने के लिए तदर्थ कमेटी का गठन किया था। भारतीय कुश्ती संघ अपनी कानूनी स्थिति जानने के बाद भी सेलेक्शन ट्रायल के लिए पहलवानों को आमंत्रित कर रहा है। याचिका में कहा गया है कि जब तक भारतीय कुश्ती संघ को ऐसे आयोजन करने और सर्कुलर जारी करने से रोका नहीं जाएगा, तब तक वो गैरकानूनी तरीके से पहलवानों को दिग्भ्रमित करने और उन्हें प्रभावित करने की कोशिश करता रहेगा।

# वक्फ बोर्ड भर्ती घोटाला: अमानतुल्लाह की अग्रिम जमानत याचिका खारिज



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड की भर्ती में गड़बड़ियों से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। स्पेशल जज राकेश स्याल ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने का आदेश दिया। कोर्ट ने 24 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान ईडी ने अमानतुल्लाह की अग्रिम जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि अमानतुल्लाह को अगर अग्रिम जमानत दी गई तो वह जांच में सहयोग नहीं करेंगे। अमानतुल्लाह ने आपराधिक गतिविधियों से काफी संपत्ति अर्जित की और अपने सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदी है। छापे के दौरान कई दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य ऐसे मिले हैं जिनसे पता चलता है कि वो मनी लांड्रिंग के अपराध में लिप्त हैं। कोर्ट ने 19 फरवरी को ईडी को नोटिस जारी किया था। 19 फरवरी को अमानतुल्लाह की ओर से पेश वकील मेनका गुरुस्वामी ने कहा था कि अमानतुल्लाह खान को मनी लांड्रिंग मामले में ईडी की ओर से नोटिस जारी किया गया है। एक ही मामले में दो एफआईआर दर्ज किए गए हैं। सीबीआई ने 23 नवंबर 2026 को पहली एफआईआर दर्ज की थी। आरोप है कि अमानतुल्लाह को दिल्ली वक्फ बोर्ड का चेयरमैन गलत तरीके से नियुक्त किया गया। सीबीआई ने मामले को ये कहते हुए बंद कर दिया कि ये प्रशासनिक गड़बड़ी है। इसके पहले अमानतुल्लाह ने 7 फरवरी को ईडी की ओर से जारी समन को चुनौती देने वाली याचिका दिल्ली हाई कोर्ट से वापस ले ली थी। उल्लेखनीय है कि राऊज एवेन्यू कोर्ट ने वक्फ बोर्ड से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लिया है। ईडी ने 9 जनवरी को चार्जशीट दाखिल की थी। करीब पांच हजार पेज की चार्जशीट में ईडी ने जावेद इमाम सिद्दिकी, दाऊद नासिर, कौसर इमाम सिद्दिकी और जीशान हैदर को आरोपित किया है। ईडी ने पार्टनरशिप फर्म स्काई पावर को भी आरोपित बनाया है। ईडी के मुताबिक ये मामला 13.40 करोड़ रुपये की जमीन की बिक्री से जुड़ा हुआ है। अमानतुल्लाह के अज्ञात स्रोतों से अर्जित संपत्ति से जमीनें खरीदी और बेची गईं। आरोपित कौसर इमाम सिद्दिकी की डायरी में 8 करोड़ रुपये की एंट्री की गई है। जावेद इमाम को ये संपत्ति सेल डीड के जरिए मिली। जावेद इमाम ने ये संपत्ति 13.40 करोड़ रुपये में बेची। इस मामले में पहले सीबीआई ने केस दर्ज किया था। सीबीआई की ओर से दर्ज केस में अमानतुल्लाह समेत 11 आरोपितों के नाम हैं। सीबीआई ने 23 नवंबर 2016 को एफआईआर दर्ज की थी।

**गिरफ्तार होंगे?**


> 8 आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है

## ठगी के मामले में आरएसपी के पूर्व एजीएम को दो साल का कारावास

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की भुवनेश्वर की विशेष अदालत ने शुक्रवार को धोखाधड़ी और ठगी के मामले में आरएसपी (सेल) के तत्कालीन एजीएम के. बाल गंगाधर को दो साल की कठोर कारावास सजा सुनाई है साथ ही 15 हजार रुपये का जुर्मार्ना भी लगाया है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने तत्कालीन एजीएम, आरएसपी (सेल) सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज किया था। यह आरोप लगाया गया कि आरोपित व्यक्तियों ने निजी फर्मों के साथ आपराधिक साजिश रची और आरएसपी से 24,41,010 रुपये की धोखाधड़ी की।

# 'केजरीवाल सरकार ने 9 सालों में एक भी कॉलेज नहीं खोला'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने केजरीवाल सरकार को उसका यह वादा याद दिलाया कि राजधानी में हर साल पांच नए कॉलेज खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि जब से आम आदमी पार्टी सरकार बनी है, दिल्ली में एक भी नया कॉलेज नहीं खोला गया। इससे खासतौर पर ग्रामीण छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि ग्रामसभा की जमीन पर ये कॉलेज खोले जा सकते हैं। बिधूड़ी के इस बयान पर विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने आपत्ति की। उन्होंने कहा कि यह कहना कहना गलत है कि दिल्ली सरकार ने एक भी कॉलेज नही खोला है। उन्होंने कहा कि मेरे बगल के विधानसभा क्षेत्र यानी भाजपा के ओम प्रकाश शर्मा के क्षेत्र में डीटीयू के पूर्वी दिल्ली परिसर की शुरूआत की गई है। इस पर बिधुड़ी ने कहा कि वह नई परियोजनाओं का मुद्दा उठा रहे हैं, ये पुरानी परियोजनाएं हैं, जबकि अध्यक्ष ने कहा कि ये नई परियोजनाएं ही हैं।

**'9 साल में एक भी कॉलेज नहीं खुला':** बिधूड़ी ने विधानसभा में नियम-280 के अंतर्गत यह मामला उठाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी ने 2015 के विधानसभा चुनावों में यह वादा किया था कि हर साल पांच कॉलेज और पांच सालों में 25 कॉलेज खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इसके बाद भी लगातार ऐसा वादा करते रहे हैं। अब तो इस सरकार को नौ साल हो गए हैं लेकिन एक भी नया कॉलेज नहीं खोला गया।

**'कई इलाकों में एक भी कॉलेज नहीं':** उन्होंने कहा कि दिल्ली के ग्रामीण इलाकों, एक्सटेंडेड आबादी, पुनर्वास कॉलोनियों, अनधिकृत कॉलोनियों झुग्गी बस्तियों और जनता कॉलोनियों में करीब दो करोड़ लोग रहते हैं और इन इलाकों में कोई कॉलेज नहीं है। इन क्षेत्रों में रहने वाली छात्राओं को विशेषकर परेशानी होती है क्योंकि वे शहर की तरफ आ नहीं पाते और उन्हें यहां दाखिला भी नहीं मिलता जबकि उनके अपने इलाकों में सरकार ने कोई नया कॉलेज नहीं खोला। बधूड़ी ने सुझाव दिया कि ग्रामीण इलाकों में ग्राम सभा की सैंकड़ों एकड़ जमीन खाली पड़ी है। यह जमीन दिल्ली सरकार के अंतर्गत ही आती है। वह चाहे तो ग्रामीण इलाकों में कॉलेज खोलने की शुरूआत कर सकती है। वैसे भी पुनर्वास कॉलोनियां और अनधिकृत कॉलोनियां गांवों की जमीन पर ही बनी हैं। इसलिए उन्हें इसका लाभ मिलना चाहिए।

**साधा निशाना**

> 8 बिधूड़ी ने सरकार को उसका यह वादा याद दिलाया कि राजधानी में हर साल पांच नए कॉलेज खोले जाएंगे

# जेएनयू में बवाल: छात्रों के बीच हुई मारपीट



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में आधी रात में लेफ्ट और राइट विंग के छात्रों के बीच मारपीट हो गई। जेएनयू छात्रसंघ चुनाव के तहत स्कूल ऑफ लैंग्वेज की जनरल बॉडी मीटिंग के दौरान लेफ्ट ने एबीवीपी की उम्मीदवार को मंच से बोलने का नहीं दिया था। फिलहाल मामले में दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं।

जेएनयू कैंपस के अंदर चुनाव की इलेक्शन कमिटी के मेंबर चुनने के लिए जनरल बॉडी मीटिंग चल रही है। किसी बात को लेकर अचानक कहासुनी हुई। इसके बाद लेफ्ट और एबीवीपी के कार्यकर्ता आपस में मारपीट करने लगे। दोनों और से एक-दूसरे पर मारपीट के आरोप लगाए गए हैं। लेफ्ट संगठनों का आरोप है कि एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने स्टूडेंट्स के साथ मारपीट की है। वहीं, एबीवीपी वालों का भी लेफ्ट पर यही आरोप है। मामले को लेकर जो वीडियो वायरल हुए हैं, उसमें लोग एक-दूसरे के साथ मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# हाईकोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश को किया रद्द

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को राम मंदिर के निर्माण और प्रबंधन की देखरेख करने वाले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से संबंधित जानकारी प्रदान करने का निर्देश दिया गया था। वहीं, हाईकोर्ट ने 28 फरवरी को केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के 30 नवंबर 2022 के आदेश को चुनौती देने वाली केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की याचिका को स्वीकार कर लिया। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि सूचना के अधिकार (आरटीआई) आवेदन में मांगी गई। जानकारी प्राप्त करने के लिए आवेदक कैलाश चंद्र मूंदड़ा के लिए आयकर अधिनियम के तहत उचित प्राधिकारी से संपर्क करना हमेशा खुला है। हाईकोर्ट सीबीडीटी के केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें सीआईसी के 30 नवंबर 2022 के आदेश को रद्द करने की मांग की गई थी।

# घर गिरने के बाद परिवार संग फुटपाथ पर सोये वकील हसन

## अब रात को एक चुनौती के रूप में कर लिया स्वीकार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: रैट माइनर वकील** हसन ने घर गिरने के बाद फुटपाथ पर रह रहे हैं। घर के बाद वकील हसन और उनके परिवार ने दूसरी रात फुटपाथ पर बिताई। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने उन्हें दूसरा घर देने की बात कही, जिसे वकील हसन ने अस्वीकार कर दिया। वकील हसन ने शुक्रवार को कहा, 'मैं और मेरा परिवार खुले में रात गुजार रहे हैं। कुछ स्थानीय लोग हमें भोजन और पानी आदि मुहैया करा रहे हैं। हमने अब रात को एक चुनौती के रूप में स्वीकार कर लिया है। वकील हसन ने कहा कि परिवार को अब तक सरकार से कोई मदद नहीं मिली है। हसन खनिकों की उस टीम का हिस्सा थे, जिन्होंने पिछले साल नवंबर में उत्तरकाशी की सिल्क्यारा सुरंग के मलबे में मैन्युअल ड्रिलिंग करके फंसे 41 श्रमिकों को बचाया था। पूर्वोत्तर दिल्ली के खजूरी खास स्थित उनके घर को डीडीए ने बुधवार को तोड़फोड़ अभियान में ढहा दिया। उन्होंने गुरुवार को बताया कि डीडीए अधिकारियों ने उनसे कहा था कि उन्हें एक घर मुहैया कराया जाएगा, लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। क्योंकि यह केवल मौखिक आश्वासन था। बाद में दिन में उन्होंने मांग की कि उनके घर का पुनर्निर्माण उसी जमीन पर किया जाए और उनकी मांग पूरी नहीं होने पर भूख हड़ताल पर जाने की धमकी दी। जबकि हसन का दावा है कि उसके घर को बिना किसी सूचना के ध्वस्त कर दिया गया था। डीडीए ने कहा है कि उसे अपने घर की अतिक्रमण की स्थिति के बारे में पता था, क्योंकि इसे पहले 2016 में हटा दिया गया था और 2017 में भूमि पर फिर से अतिक्रमण किया गया था। डीडीए ने कहा कि एक प्राधिकरण के रूप में अपनी भूमिका में वह अपनी भूमि पर अतिक्रमण या अपने विकास क्षेत्रों में अनधिकृत निर्माण की अनुमति नहीं दे सकता है।

**परेशानी**

> 8 'मैं और मेरा परिवार खुले में रात गुजार रहे हैं। कुछ स्थानीय लोग हमें भोजन और पानी आदि मुहैया करा रहे हैं



# इंदिरा विहार कालोनी में कम्युनिटी सेंटर का किया शिलान्यास

## विधायक महीपाल ढांडा ने कहा कि सभी कॉलोनी एवं गांव में शहर जैसी सुविधाएं देने का उनका संकल्प है

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः पानीपत** ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के वार्ड न. 2 इंदिरा विहार कॉलोनी में पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा ने 72.34 लाख से बनने वाले सामुदायिक केंद्र की आधारशिला रखी। यहां पहुंचने पर श्री शिव सेवा समिति के पदाधिकारी एवं कॉलोनी वासियों ने विधायक महीपाल ढांडा का स्वागत किया। विधायक महीपाल ढांडा ने कहा कि सभी कॉलोनी एवं गांव में शहर जैसी सुविधाएं देने का उनका संकल्प है। इसी के तहत कॉलोनी की सभी गलियों को पक्का करके उनमें सीवरेज एवं पेयजल की लाइन डाली गई है। उन्होंने बताया कि विधायक बनने के बाद उन्होंने पानीपत ग्रामीण हल्के में कॉलोनी में रहने वाले लोग जो नारकीय जीवन जी रहे थे उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए सभी कॉलोनियों को वैध करवाया गया। आज उसी का परिणाम है कि सभी



कॉलोनियों में शहर जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका सपना है कि बिजली के प्रत्येक खंबे पर लाइट लगे। सामुदायिक केंद्र का निर्माण बेहतर ढंग से हो। जिससे आसपास के लोग अपने दुःख सुख को उसमें बैठकर सांझा कर सकें। उन्होंने सुझाव दिया कि सामुदायिक केन्द्रों की बनने वाली समिति की प्रधान महिला बने तो इसके बेहतर परिणाम आएंगे। उन्होंने कॉलोनी वासियों की मांग पर इंदिरा विहार कॉलोनी के तालाब की भूमि का सौंदर्य करण करने की भी मांग को स्वीकार करते हुए कहा कि नगर निगम के माध्यम से तालाब की जगह पर पेड़ पौधे एवं पगडंडी बनाई जाएगी। उन्होंने साथ लगती भूमि पर भी दादा खेड़ा बनवाने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कॉलोनी वासियों से कहा कि वह इसमें जितना भी सहयोग कर सकते हैं उन्हें करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने कोई भी विकास कार्य नहीं करवाया। भाजपा की सरकार बनने पर कॉलोनियों का चहुंमुखी विकास हुआ है। इससे पूर्व कॉलोनी में

**विकास कार्य**

**8 श्री शिव सेवा समिति के पदाधिकारी एवं कॉलोनी वासियों ने विधायक महीपाल ढांडा का स्वागत किया**

बनने वाले शिव मंदिर का भूमि पूजन किया गया। जिसे पंडित हेमंत शुक्ला एवं पंडित दीपक पांडे ने विधि विधान से कराया। मंदिर निर्माण में भी विधायक ने कॉलोनी वासियों को आश्वासन दिया कि जो सहयोग वह उनसे चाहेंगे उसे वह देंगे। शिव सेवा समिति के प्रधान बनारसी दास बावा ने विधायक का स्वागत करते हुए कहा कि कॉलोनी में कम्युनिटी सेंटर बनने से 36 बिरादरी के लोगों को फायदा होगा। वहीं टीवी कलाकार मनोज पांचाल ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विधायक महीपाल ढांडा का प्रधान बनारसी दास बावा, अमर सिंह पाल, हरदीप सिंह, धर्मवीर खन्ना, जय भगवान, मोहन लाल, विजेंद्र पांचाल, प्रशांत, जगबीर आट, प्रधान रघुवीर धीमान, प्रधान इसम कुमार पांचाल, अनिल शर्मा, विजय मेहता, नीरज पांचाल, राजेश फौजी, उमनपाल सिंह, मानसिंह पाल, स.गुरमीत सिंह, रविंद्र पांचाल,जितेंद्र पटवा, डॉ.राकेश रोहिल्ला, प्रेम तोमर, राजेश रोहिल्ला, महेंद्र गोयल, अरुण राणा, दिनेश खुराना, जयकिशन, मुख्य अध्यापक विनोद सिंगला, भाजपा मंडल अध्यक्ष अर्जुन शर्मा,राजेश खन्ना दुमड़ा,सुरेंद्र मोहन,सूरत सिंह वाल्मीकि, सूरजभान शर्मा,रतन पाल, हेंमत शर्मा व स.अर्जुन सिंह ने फूल मालाओं से स्वागत किया। वहीं विधायक महीपाल ढांडा को सम्मान की प्रतीक पगड़ी एवं पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# इंस्पेक्टर अपहरण मामले में आरोपित डिप्टी मेयर अदालत में पेश

## रुपयों के लेनदेन के चलते ईएसआईसी इंस्पेक्टर को बंधक बनाकर रखने का लगाया था आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः शहर के** जवाहर नगर स्थित घर से कार लेकर निकले ईएसआईसी इंस्पेक्टर को 50 लाख के लेनदेन में बंधक बनाकर रखने व मारपीट के मामले में डिप्टी मेयर के साथ तीन अन्य के नाम सामने आए है। पुलिस ने मामले में तीन अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश तेज कर दी है। वहीं मामले में पुलिस ने आरोपी नगर निगम के डिप्टी मेयर को रिमांड पूरा होने के बाद अदालत में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसीपी नरसिंह ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि जवाहर नगर निवासी सतीश कुमार ने

**मारपीट**

**8 पुलिस ने आरोपी नगर निगम के डिप्टी मेयर को रिमांड पूरा होने के बाद अदालत में पेश किया**

26 फरवरी को शहर थाना पुलिस को शिकायत दी थी कि पांच भाई-बहन में सबसे बड़े उनके भाई हरीश कुमार दिल्ली के रोहिणी में ईएसआईसी में इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्त हैं। उनके भाई 25 फरवरी की रात 9:20 मिनट पर अपनी कार में सवार होकर घर से बाहर गए थे। उसके बाद वह देर रात तक वापस नहीं लौटे थे। देर रात उनका मोबाइल बंद हो गया था। 26 फरवरी को दिन में 11:19 बजे उनके भाई का फोन आया था और उन्होंने कहा था कि वह ठीक है। जवाहर नगर के ही विकास से हरीश की बात हुई तो उसने उन्हें कहा था कि 3 बजे तक 50 लाख रुपये का इंतजाम करवाएं। उसके बाद हरीश का मोबाइल फिर से बंद हो गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। बाद में हरीश वापस लौटा तो उसने बताया था कि डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत ने एक मकान में उन्हें बंधक बनाकर रखा और पीटा गया था।

## न्यूज फ्लैश

### दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल नाबालिग गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपतः कुंडली** थाना पुलिस ने दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नाबालिग है। पुलिस ने आरोपित को बाल-सुधार गृह में भेजा है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव खटखड़ कुंडली निवासी रोहताश ने गत 23 फरवरी को शिकायत देकर बताया कि 21 फरवरी को अपने दो-पहिया वाहन को शिव मंदिर के पास खड़ी करके मंदिर में चला गया। कुछ देर बाद वापिस लौटा तो बाइक नहीं मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए विकास की टीम ने वारदात में शामिल नाबालिग को गिरफ्तार किया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे अंबाला बाल-सुधारगृह में भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### घर से निकला बुजुर्ग नहीं लौटा वापिस, मुकदमा दर्ज

**सोनीपतः कुंडली** थाना क्षेत्र में घर से निकला बुजुर्ग वापिस नहीं लौटा। परिजनों ने अपने स्तर पर उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गार्डन कॉलोनी निवासी दीपक ने बताया कि उसका पिता की आयु करीब 55 वर्ष है। वह काफी दिनों से मानसिक तौर से परेशान चल रहे थे। गत 23 फरवरी को उसका पिता बिना किसी से कुछ बताएं घर से चला गया। कई दिनों बाद भी वापिस नहीं लौटे। अपने स्तर पर उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द बुजुर्ग का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### नोएडा में अपने नए पेगासुस स्टोर के लॉन्च के साथ एसुस, अपनी पैन इंडिया रिटेल स्ट्रेटेजी को सुदृढ़ कर रहा है

नई दिल्ली। देश भर में ब्रैंड की रिटेल उपस्थिति का विस्तार करने की दिशा में विशेष कदम बढ़ाते हुए, ताइवान की प्रमुख टेक जायंट कंपनी, एसुस इंडिया (अरवर क्ल्लर्ग्) ने नोएडा में पेगास-ुस स्टोर की शुरूआत करने की घोषणा की है। 400 वर्ग फुट में फैला हुआ यह नवीनतम पेगासुस स्टोर इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्प्यूटर हार्डवेयर की एक विस्तृत श्रृंखला की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो एसुस फ्लैगशिप प्रोडक्ट्स, जैसे-वीवोबुक्स, जेनबुक्स, रिपब्लिक ऑफ गेमर्स (आरओजी) लैपटॉप्स, गेमिंग डेस्कटॉप्स, ऑल-इन-वन डेस्कटॉप्स और एक्सेसरीज को शामिल करता है। नोएडा में स्थित यह ब्रैंड का पहला पेगासुस स्टोर है, जिससे दिल्ली में पेगासुस स्टोर्स की कुल संख्या 7 हो गई है। इसके अतिरिक्त, दिल्ली एनसीआर में ब्रैंड ने 31 आउटलेट्स का आँकड़ा पार कर लिया है। उक्त स्टोर के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, अर्नोल्ड सु, वाइस प्रेसिडेंट- गेमिंग और कंज्यूमर सेगमेंट, एसुस इंडिया, ने कहा, "हम भारत में अपनी रिटेल उपस्थिति के विस्तार की घोषणा करते हुए बेहद गर्वित महसूस कर रहे हैं। दिल्ली एनसीआर हमारे लिए एक महत्वपूर्ण और प्रमुख बाजार है। इसके सर्वोपरि महत्व को पहचानने के साथ ही, तेजी से बढ़ते शहर नोएडा में हमारे नए पेगासुस स्टोर का लॉन्च, पूरे भारत में उपभोक्ताओं को हमारी पेशकशों का एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करने के हमारे प्रयास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाता है।

# खेत में गए युवक पर जानलेवा हमला

## पीड़ित के बयान पर पुलिस ने दो अलग-अलग मुकदमें किए दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः बहालगढ़** थाना क्षेत्र के गांव जाजन के खेत में गए युवक पर तीन हमलावरों ने जानलेवा हमला करने व कई राउंड फायर करने के आरोप का मामला सामने आया है। युवक अपने पिता के साथ खेत में गया हुआ था। वहीं कुछ देर बाद यमुना बांध के पास ससुराल से वापिस लौटते समय युवक की मोटरसाइकिल लूट ली। लूट की वारदात का आरोप भी तीन बदमाशों पर है। पुलिस ने इस संबंध में अलग-अलग दो मुकदमें दर्ज कर लिए है। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है।

**वारदात**

**8 वहीं कुछ देर बाद यमुना बांध के पास ससुराल से वापिस लौटते समय युवक की मोटरसाइकिल लूट ली**

गांव जाजल निवासी बलराम ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। गत बुधवार को अपने बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर अपने खेत में गया था। अपने ट्यूबवेल से ढाई एकड़ पहले ही बाइक से उतर गया। उसके बाद बेटे को ट्यूबवेल पर भेज दिया। ट्यूबवेल से पहले ही गांव के शुभम व दो अन्य युवकों ने उनके बेटे को रोक लिया। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए उनके बेटे पर फायरिंग शुरू कर दी। वह बचकर उनकी तरफ भाग आया। हमलावरों ने कई राउंड फायर किए। उसका बेटा किसी तरह बच गया। हथियारबंदर युवक वारदात का अंजाम देने के बाद यमुना बांध की तरफ भाग गए। उनके बेटे सौरभ ने बताया कि शुभम के साथ उनकी मंदिर में मामूली बात पर एक सप्ताह पहले बहस हुई थी। उसी दौरान आरोपितों ने धमकी दी थी। जिसकी रंजिश के चलते युवकों ने वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने हत्या प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पिस्तौल के बल पर बाइक लूटी-

गांव जाजल के पास स्थित यमुना बांध पर तीन बदमाशों ने ससुराल से वापस लौट रहे युवक पर पिस्तौल तान कर उनकी बाइक छीन ली। उत्तर प्रदेश के जिला शामली के गांव तीतरवाड़ा निवासी प्रवीन ने बहालगढ़ थाना पुलिस को बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करते है। उनकी ससुराल सोनीपत के गांव टांडा में है। वह बुधवार को अपनी बाइक पर सवार होकर गांव टांडा स्थित अपनी ससुराल आए थे।

# 'भाजपा में छोटे-छोटे कार्यकर्ता का भी सम्मान किया जाता है'



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजकुमार शर्मा ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सोनीपत में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें छोटे-छोटे कार्यकर्ता का भी सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा कि वह पिछले 30 वर्षों से भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता है। अगर पार्टी सोनीपत लोकसभा में उनको एक मौका देती है तो वह पार्टी की झोली में सोनीपत लोकसभा की सीट देंगे। राजकुमार शर्मा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व स्तरीय नेता बन चुके हैं।

# पत्नी ने पति पर लगाया मारपीट कर घायल करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः कुंडली थाना** क्षेत्र के गांव एमपी मल्हा-माजरा में महिला ने अपने पति पर मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

एमपी मल्हा-माजरा गन्नौर निवासी दीपिका ने बताया कि वह अपने घर गांव छतेहरा बहादुरपुर में आई थी। उसके पति के साथ उसकी अन-बन चल रही है। उसके पति श्याम सिंह ने घर पर आकर अपने भाई राकेश के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उस पर लोहे की रॉड से पैरों व हाथों सहित कमर पर चोटे मारी। उसके भाई ने थप्पड़ मुक्के मारे व दोनों ने बुरी तरह से पीटकर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# ई-रिक्शा चोरी करने की वारदात में शामिल चार आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

## अलग-अलग स्थानों से चुराई गई 18 ई-रिक्शा बरामद, अदालत पेश

## अदालत ने आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः एंटी बर्गलरी** स्टाफ सोनीपत पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से ई-रिक्शा चोरी करने की वारदात में शामिल चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दिनेश निवासी आनंद नगर, विजय निवासी नंदवानी नगर, कुलदीप निवासी राजीव कॉलोनी व अमित निवासी जीवन नगर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

श्याम नगर ककरोई रोड निवासी नवीन ने गत 12 सिंतबर 2022 को पुलिस से शिकायत देकर बताया थाा कि वह आठ सिंतबर 2022 को सुबह करीब 8.30 बजे अपनी भाभी को लेकर हरियाणा अस्पताल में गया था। ई-रिक्शा को अस्पताल के बाहर खड़ी करके अंदर चला गया। कुछ देर बाद वापिस बाहर निकला। उसका ई-रिक्शा गायब मिला। अपने स्तर पर ई-रिक्शा की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार ने अपनी टीम के साथ मामले में कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है।

# 'एड्स पीड़ितों के लिए 2250 रुपए की मासिक वित्तीय सहायता'

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः उपायुक्त** डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि एचआईवी/एड्स ग्रसित व्यक्ति व बच्चों को प्रदेश सरकार द्वारा 2250 रुपये मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, ताकि एचआईवी से ग्रसित मरीज अच्छा, पौष्टिक आहार ले सकें।

उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए हरियाणा राज्य के दो वैध निवास प्रमाण-पत्र होने चाहिए व आय दो लाख रुपये से कम हो। उपायुक्त ने बताया कि वित्तीय सहायता लेने के लिए मरीजों को अपने नजदीक के सिविल अस्पताल के एआरटी सेंटर में संपर्क करना होगा।

# चीनी मिल से आहुलाना चीनी मिल में ट्रांसफर किया एक लाख क्विंटल गन्ना

## चीनी मिल अब तक 18 लाख 50 हजार क्विंटल गन्ने से ज्यादा कर चुका है पेराई

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः दी** सहकारिता चीनी मिल सोनीपत प्रबंधन की तरफ से एक लाख क्विंटल गन्ने को आहुलाना स्थित चौ. देवीलाल चीनी मिल में टार्सफर किया गया है। इससे एक तरफ जहां सोनीपत चीनी मिल के पेराई सत्र को समय रहते समाप्त करने में मदद मिलेगी, वहीं दूसरी तरफ गोहाना क्षेत्र के साथ लगते किसानों को भी चीनी मिल आहुलाना में गन्ना पहुंचाने में आसानी होगी। हालांकि जानकारी के अनुसार आहुलाना चीनी मिल में गन्ने की आपुर्ति कम होने के चलते मिल प्रबंधन की तरफ से उक्त कदम को उठाया गया है।

**पेराई**

**8 कोई भी किसान अपनी मर्जी से चौ. देवीलाल आहुलाना चीनी मिल में गन्ना लेकर जा सकता है**

बता दें कि शहर के कामी गांव सड़क मार्ग स्थित दी सहकारिता चीनी मिल के वर्ष 2023-24 पेराई सत्र की शुरूआत नंवबर माह में हुई थी। चीनी मिल की क्षमता 22 हजार क्विंटल प्रतिदिन पेराई करने की क्षमता है। चीनी मिल प्रबंधन की तरफ से जिले में मिल के अंतगर्त आने वाले 1800 किसानों के साथ 33 लाख क्विंटल गन्ने का करार किया है। मौजूदा समय में अगर बात करे तो प्रबंधन की तरफ से पेराई सत्र को सुचारू रूप से चलाने का काम किया जा रहा है। प्रबंधन की तरफ से काफी तेजी से पेराई सत्र को चलाने का काम किया है। ब्रेक डाउन की घटनाएं भी नाममात्र की हुई है। ऐसे में सोनीपत चीनी मिल में अब तक 18 लाख 57 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई का काम पूरा किया जा चुका है। मिल प्रशासन का लक्ष्य है कि अप्रैल माह के दूसरा पखवाड़े तक पेराई के लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा। ऐसे में 1 लाख क्विंटल गन्ना चौ. देवीलाल आहुलाना चीनी मिल में भेजने के बाद लक्ष्य को प्राप्त करना आसान होगा। इस बार सोनीपत चीनी मिल में गन्ने की रिकवरी रेट भी काफी बेहतर बनी हुई है। पिछले 24 घंटे की बात करे तो सोनीपत चीनी मिल में 21 हजार क्विंटल से अधिक गन्ने की पेराई कारखाने में प्रबंधन की तरफ से की गई है।

गन्ना उत्पादक अपनी मर्जी से लेकर जा सकते है, गन्ना-

सोनीपत चीनी मिल ने किसानों पर किसी प्रकार का कोई दबाव नही डाला है। कोई भी किसान अपनी मर्जी से चौ. देवीलाल आहुलाना चीनी मिल में गन्ना लेकर जा सकता है।

# बस की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत, चालक के खिलाफ मुकदमा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः मुरथल** थाना क्षेत्र में भिगान टोन के पास तेज रफ्तार बस चालक ने मोटरसाइकिल सवार को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के जीजा के बयान पर बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मंगललोरा करनाल निवासी दीपक ने बताया कि उसका साला लखविंद्र पानीपत रिफानरी में

**जांच जारी**

**8 मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया**

ठेकेदारी का काम करता है। गत 28 फरवरी को उसका साला लखविंद्र अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर मुरथल से पानीपत जा रहा था। वह भिगान टोल के पास पहुंचा। जहां तेज रफ्तार बस ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# मैं राजनीति में सेवा भाव से आया हूं: विजय

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः पानीपत** ग्रामीण हलके के भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय जैन ने आज अपने जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामीण हलके के महादेव व हनुमान कॉलोनी में एक जनसभा को संबोधित किया। सभा का आयोजन जनक राणा द्वारा किया गया। सभा को संबोधित करते हुए विजय जैन ने कहा है कि और ग्रामीण हल्के की बाहरी कॉलोनियों में बसे गरीब वह बेसहारा लोगों की सेवा सदैव करता रहूंगा। जैन ने कहा है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में हरियाणा प्रगति के पथ पर अग्रसर है केंद्र व हरियाणा में तीसरी बार फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी जैन ने कहा है कि भाजपा सरकार आने के बाद बाहरी कॉलोनीयो में



विकास कार्यों की गति तेज हुई है गली-नालिया व शीवर की व्यवस्था कॉलोनियों में हुई है उन्होंने कहा है कि इसी विकास की गति को बनाए रखने के लिए तीसरी बार से फिर से सरकार बनानी होगी नहीं तो विकास की गति रुक जायेगी। ताकि आम जनता की मूलभूत सुविधाएं जारी रह सके। इस अवसर पर नशा मुक्ति समाज सुधार समिति के प्रधान राजकुमार राणा पावरलूम सेवा समिति के प्रधान राजेंद्र सिंह,जसवीर राणा, प्रदीप राणा, डॉ अजय राणा, डॉ विजय पाल राणा, रामवीर सिंह राणा, मुकेश मित्तल, मनोज गर्ग,फूल सिंह शर्मा, संजय सैनी, रमेश कुमार, राजकुमार जैन, छोटेलाल गुप्ता, रामप्रसाद शर्मा,हरीश ओबेरॉय, वसीम खान,संजय शर्मा, शराफत अली, सुभाष शर्मा,रवि राणा, एडवोकेट रमेश मौर्या, मनजीत भौक्कर, शिव कुमार शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# स्वीप वोटर जागरूकता कार्यक्रम में युवाओं की भूमिका को समझाया

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः** डीबीजी राजकीय महाविद्यालय पानीपत में चल रहे जेआरसी कैंप में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन में जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से डा हितेश चंद शर्मा ने शिरकत करते हुए कैंप में मौजूद जिले भर के महाविद्यालयों के सैकड़ों युवाओं को स्वीप वोटर जागरूकता कार्यक्रम में युवाओं की भूमिका के महत्व को समझाया। डॉ. शर्मा ने सभी वोलिंटियर से उन व्यक्तियों तक पहुंचने को कहा जो अठारह वर्ष आयु के हो गए हैं किंतु वोटर कार्ड अभी भी नही बने हैं वे सभी फार्म 6 भरकर वोटर कार्ड बनवाए। मतदान वाले दिन जिले का मत प्रतिशत सर्वाधिक करने में अपना विशेष योगदान दे इस हेतु सभी को बिना किसी वाद ,भय, प्रलोभन के मतदान, नवमतदाता पंजीयन बढ़ाने की शपथ दिलाई जिसे आवश्यक रूप से अमल में लाने का भरोसा भी कैंपर्स ने दिया। जिले की युवा शक्ति अपनी ऊर्जा का कुछ हिस्सा जिला प्रशासन की मुहिम में लगा देंगे तो निश्चित तौर पर आने वाले चुनावों में पानीपत राज्य में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वाला जिला बनेगा। इस अवसर पर आचार्य देशवाल, रेडक्रॉस से कला भारद्वाज डीटीओ हरमेश चंद आदि मौजूद रहे।

# बाबा निर्माण कुटिया में नि :शुल्क जांच शिविर में जांचा 212 मरीजों का स्वास्थ्य

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः** कुटानी रोड स्थित वार्ड न. 10 में बाबा निर्माण कुटिया सभा द्वारा संचालित बाबा निर्माण कुटिया स्कूल के प्रांगण में फ्री होम्योपैथिक डिस्पेंसरी में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जिसमें डा.केदार बत्रा की टीम ने रोगियों की जांच कर दवाइयां निःशुल्क वितरित की। शिविर में 212 मरीजों की शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच निःशुल्क कर फ्री दवाइयां वितरित की गई। शिविर में गायत्री हेल्थ केयर के संचालक गुलशन बत्रा, बाबा निर्माण कुटिया सभा के अध्यक्ष अशोक डाबर, नंदलाल चुघ, रमेश ग्रोवर, हितेश डावर, जितेंद्र गुप्ता, हंसराज चुघ, कुलदीप शर्मा, पवन



कपूर, अवनीश ठाकुर, स्कूल की प्रिंसिपल एवं अन्य स्टाफ का शिविर को कामयाब बनाने में सहयोग रहा। डा. केदार बत्रा ने मरीज को बीमारियों से बचने के उपाय बताते हुए जागरूक भी किया। डा.बत्रा ने कहा कि अगर हम अपने जीवन जीने की शैली में बदलाव ले आएं तो काफी हद तक बीमारियों से बचा जा सकता है।

सभा द्वारा भोजन प्रसाद का भी प्रबंध किया गया। गौरतलब है कि बाबा निर्माण कुटिया सभा द्वारा निःशुल्क होम्योपैथिक डिस्पेंसरी का संचालन किया जा रहा है।

# नरेला: भाजयुमो द्वारा नमो युवा चौपाल का आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: नरेला** में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा नमो युवा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियो ने युवाओं के साथ संवाद कर मोदी सरकार के द्वारा किए कार्यों व चल रही योजनाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजयुमो जिला अध्यक्ष पंकज यादव मौजूद रहे। बाहरी दिल्ली के नरेला में चौधरी रामदेव चौक स्थित आर्य समाज के प्रांगण में शुक्रवार को भाजपा युवा नेता अंकु विजय भगत द्वारा नमो युवा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान पदाधिकारियो ने युवाओं के साथ संवाद कर केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई। मुख्य अतिथि पंकज यादव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा ही राष्ट्र निर्माण कर सकता है। मोदी सरकार ने युवा मतदाता के बल पर जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर अखंड भारत के सपने को पूरा कर रही है। व युवाओं के लिए कौशल विकास योजना चलाकर युवाओं को प्रशिक्षित करके रोजगार के अवसर दे रही है। वहीं भाजपा नेता प्रदीप ठोलेदार ने कहा कि आज देश का युवा ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। युवा ही देश की दशा व दिशा तय करता है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा से लाखों युवा जुड़े हुए हैं और 2014 से ही युवाओं ने नरेंद्र मोदी को अधिक से अधिक मत देकर दो बार देश का प्रधानमंत्री बनाया है। कार्यक्रम संयोजक अंकु विजय भगत ने बताया कि युवा नमो चौपाल के माध्यम से युवाओं को सरकार की उपलब्धियां व सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए के 400 पार पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में पंकज यादव, प्रदीप ठोलेदार, अंकु विजय भगत, धीरज सिंह राजपूत, पुतुल श्रीवास्तव, सुनैना जैन, सोनू गुप्त, नवल किशोर, हर्ष बॉक्सर, रामबाबू, सोनू झा, रानी दुबे मौजूद रहे।

# डीडीए की तोड़फोड़ की कार्यवाही अमानवीय: लवली




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ताओं की एक बैठक में बोलते हुए कहा कि खजूरी खास में डीडीए द्वारा लोगों के घरों को बिना नोटिस दिए ढहाना भाजपा सरकार की अमानवीय कार्यवाही है, कांग्रेस पार्टी इन बेसहारा लोगों के साथ खड़ी है और केन्द्र सरकार के खिलाफ इनको न्याय दिलाने के लिए इनके साथ लड़ाई लड़ेगी। यह परिवार खजूरी खास में 11-12 सालों से यहां रह रहे थे। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि रैट माइनर वकील हसन जिसने उत्तरकाशी में दर्जनों लोगों की जान बचाई थी उसे सम्मान देने की जगह केन्द्र सरकार के डीडीए विभाग द्वारा उनके मकान को तोड़ दिया। बैठक में अरविन्दर सिंह लवली के अलावा पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार, निगम के प्रभारी जितेन्द्र कुमार कोचर, हरी किशन जिंदल, राज बहादुर चौहान, अनुज आत्रेय, अनुप शौकीन, राजीव शर्मा, हरनाम सिंह मुख्य रुप से मौजूद थे। अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि रैट माईनर वकील हसन को केवल दवाब के कारण ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दूर क्षेत्र में दिया गया, जिसको उन्होंने नकार दिया है क्योंकि उनके बच्चे खजूरी खास में पढ़ाई कर रहे है व उनकी जीविका वहीं से चल रही है। इसलिए उनको उनके क्षेत्र में मकान दिया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि केवल एक रैट माईनर को मकान दिया गया है जबकि बाकी हजारों झुग्गी वासियों को पीएम आवास योजना के तहत मकान क्यों नहीं दिया जिनको डीडीए ने बिना वैकल्पिक स्थान दिए बेघर कर दिया। अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि पिछले दोनों लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपने चुनाव प्रचार में गरीबों को जहां झुग्गी वहीं मकान की योजना के तहत मकान देने का वायदा किया था जिसको भाजपा की केन्द्र सरकार ने अभी तक नही निभाया। खजूरी खास में अनशन पर बैठे लोगों की जहां घर थे वहीं मकान बनाकर देने की मांग का कांग्रेस पार्टी समर्थन करती है।

# रायन इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक स्नातक समारोह का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बच्चों** के बेहतर भविष्य के लिए स्थापित रायन इंटरनेशनल स्कूल जी-2, सेक्टर-11, रोहिणी स्थित वार्षिक स्नातक समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न किया गया।

दिल्ली कैंट के डॉक्टर सर्वपल्ली राधा कृष्णन ऑडिटोरियम में वार्षिक स्नातक समारोह में रायन इंटरनेशनल संगठन के चेयरमैन डॉक्टर ए एफ पिंटों व प्रबंध संचालिका मैडम ग्रेस पिंटो की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन कर उपस्थित सभी लोगों का मनमोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ईश वंदना और प्रार्थना सभा के साथ किया गया। अतिथि देवो भव, भारतीय संस्कृति की परंपरा को चरितार्थ करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत समारोह किया गया। अतिथियों का स्वागत स्कूल की संचालिका गीतिका नारंग द्वारा 'बाल वृक्ष' प्रदान करके किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक कुमार (शिक्षा सचिव, दिल्ली सरकार), मुकेश भारद्वाज (एडवोकेट) पवन गुप्ता (परिवर्तनकारी वक्ता और सफल कोच) कैप्टन अनिल सिंह (मर्चेंट नेवी), सौरभ गुप्ता ( सहयोगी वास्तुकार), साक्षी उन्नियाल (कार्यक्रम अधिकारी), टेसी विल्सेंट (संस्थापक निदेशक और सीएफओ), सैमुअल दत्ता (प्रमुख मानव संसाधन एवं प्रशासन), भाविनी मिश्रा (कोरियोग्राफर), सुमित शर्मा (संगीतकार) जैसे विद्वान व प्रतिभाशाली अतिथियों ने कार्यक्रम की भरसक सराहना की।

# पार्टी के प्रति हमेशा समर्पित रहूंगा: अंकित सेठी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: मॉडल टाउन** विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले भाजपा नेता अंकित सेठी को भाजपा ने मॉडल टाउन युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष का पदभार सौंपा है। जिसके बाद अंकित सेठी ने दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, चांदनी चौक जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष सागर त्यागी, मंडल अध्यक्ष सुभाष असड़ी, निगम पार्षद विकेश सेठी का आभार व्यक्त किया।

**शीर्ष नेताओं का जताया आभार:** पदभार मिलने के बाद अंकित सेठी ने पार्टी के शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त किया है, वहीं उन्होंनें यह भी विश्वास दिलाया है कि मैं पार्टी के प्रति सदैव सेवादार रहूंगा और भाजपा की जनहितैषी व कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करता रहूंगा।

**पार्टी के विश्वास पर खरा उतरने का भरसक प्रयासरत रहूंगा:** अंकित सेठी ने कहा कि पार्टी ने मेरे ऊपर जो विश्वास दिखाते हुए दायित्व सौंपा है मैं उस दायित्व को हर हाल में पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ निभाउंगा, जैसे पहले भी लोगों की सेवा करता रहा हूं वैसे ही मैं आगे भी लोगों की सेवा करता रहूंगा। वहीं अंकित सेठी ने कहा कि भाजपा में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है, हमारी पार्टी नहीं एक परिवार है, जहां सभी मिलजुल कर रहते है व लोगों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते है।

**भाजपा पार्टी नहीं एक परिवार है :** सेठी ने आगे कहा है भाजपा की नियत और नीति दोनों ही साफ है। भाजपा ने हमेशा ही लोगों के हितो के लिए काम किया है और आगे भी करती रहेगी। वहीं सेठी ने बताया कि भाजपा देश की सबसे बडी और चहेती पार्टी है, जिसमें कार्यकर्ताओं से किसी भी तरह से भेदभाव नहीं किया जाता है।

# क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पर दिया जा रहा है विशेष ध्यान: यादव





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: निगम पार्षद** अजीत यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में वार्ड-17 से निगम पार्षद अजीत यादव के आदेश अनुसार आज हरिजन कॉलोनी के साइड में जो पीडब्ल्यूडी नालों के पास में बहुत सालों से कूड़े का पहाड़ बना हुआ है उसकी कंप्लेंट को देखते हुए आज जेसीबी मशीन लगाकर कूड़े को साफ करवाया गया। आपको बतादें कि मौके पर स्वयं खड़े होकर निगम पार्षद अजीत यादव ने जेसीबी मशीन और लोडर के द्वारा कूड़े को उठाया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि मैं क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष रूप से ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहता हूं और जनता की जो समस्याएं है, उनका समाधान किया जा रहा है। जिससे की जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सके।

# त्रीनगर वार्ड की निगम पार्षद मीनू गोयल ने किया गलियों के निर्माण कार्यों का शुभारंभ













**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: त्रीनगर** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर-63 में जर्जर हालत में पड़ी हुई गलियों के निर्माण कार्य के लिए क्षेत्रीय निगम पार्षद मीनू गोयल ने विकास कार्य को झंडी दिखाते हुए नारियल फोड़कर उद्घाटन किया।

इस दौरान उनके साथ केशव पुरम भाजपा जिले से जिला अध्यक्ष डा.वीरेंद्र गोयल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी, यशपाल पांचाल, लेखराज खटाना के साथ-साथ पार्टी के अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

**जल्द बनकर तैयारी होगी गलियां:** इस दौरान निगम पार्षद मीनू गोयल ने जानकारी देते हुए कहा कि वार्ड स्थित हंसापुरी रोड़ की गली नंबर 250, विश्राम नगर की गली नंबर 208 इसके साथ ही ओंकार नगर की गली नंबर-27 का उद्घाटन किया गया है, जो कि जल्द ही बनाकर स्थानीय जनता का सौंप दी जाएगी।

**लोगों में दौड़ी खुशी की लहर:** इसी मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी ने बताया कि गलियों के उद्घाटन से जहां एक ओर तो लोगों को टूटी-फूटी सड़को से मुक्ति मिलेगी वहीं दूसरी और लोगों मे गलीयां बनने की भी खुशी उनके चेहरे से साफ झलक रही है, इस दौरान लोगों ने निगम पार्षद मीनू गोयल और जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल का आभार व्यक्त किया। निगम पार्षद मीनू गोयल ने कहा कि क्षेत्र की जनता मेरे परिवार का ही एक हिस्सा है और लोगो की सहायता करना और उनकी सेवा करना मेरा प्रथम कर्तव्य है, जिससे में हमेशा निभाती रहूंगी।

# जिला स्तरीय आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: नेहरू** युवा केन्द्र, पश्चिम दिल्ली, नांगलोई द्वारा जिला युवा अधिकारी पूजा कौशिक की अध्यक्षता में एक दिवसीय जिला स्तरीय आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन यूनिफोर्म सिविल कोड की थीम को लेकर सभागार, शिवाजी महाविद्यालय, महात्मा गांधी मार्ग, शिवाजी इंकलेव ,राजा गार्डन, नई दिल्ली में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रोफेसर विरेन्द्र भारद्वाज प्राचार्य शिवाजी कॉलेज, डॉ. अतुल कुमार पांडे सेवानिवृत डायरेक्टर, डॉ. सुधीर कपूर सेवानिवृत प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डॉ. भरत रत्तु प्रोफेसर, पूजा कौशिक जिला युवा अधिकारी नेहरु युवा केन्द्र, पश्चिम दिल्ली, नांगलोई व सोनी चौहान एपीए आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से आएं स्त्रोत विद्वानों के रुप में हिम्मत, मोहन कुमार, विष्णु सेतुपति आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ की गई। जिला स्तरीय आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम में नेहरु युवा केन्द्र, पश्चिम दिल्ली, नांगलोई की जिला युवा अधिकारी पूजा कौशिक ने सर्वप्रथम केन्द्र के कार्यक्रमों का परिचय सभी युवा प्रतिभागियों को करवाते हुए बताया कि संगठन के मार्गदर्शन में विविध प्रकार के रचनात्मक, क्रियात्मक व युवा वर्ग के अभिमुखीकरण के लिए अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिसके माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता व विविध कौशल अर्जन के अवसर उपलब्ध करवाता है। संगठन के अंतर्गत गठित युवा/ महिला मंडल संगठन की आधार एवं नींव हैं जो अपनी महत्ती भूमिका का निर्वहन करते हैं युवा/ महिला मंडल सदस्यों के माध्यम से केन्द्र कार्यालय सरकार की विभिन्न जन हितकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने में सहायता प्रदान करने के साथ जागरुकता गतिविधियों का आयोजन करता है।

जिला स्तरीय आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम के विषय में बताते हुए जिला युवा अधिकारी पूजा कौशिक ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी इस कार्यक्रम का आयोजन युवा प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया। जिसका महत्व हमारे देश भारत की संवैधानिक प्रक्रिया में समाहित हैं। हमारे देश के संविधान के द्वारा सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किए गए।

# भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा अन्र्तराष्ट्रीय कान्फ्रेंस में दिव्यांग जनो की मदद पर प्रकाश डाला

**कान्फ्रेंस**

**8 - लाइफ टाइम केयर सैंटर में 100 दिव्यांगजनों की देखरेख की पूरी जिम्मेदारी की सुविधा**



**टीम एक्शन इंडिया/ राई**

बहालगढ़ में खेवड़ा रोड स्थित श्री रामेश्वर सेवा संस्थान द्वारा संचालित रेनू विद्या मंदिर में स्थित सुशीला गुप्ता ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय अन्तर्राष्टीय कान्फ्रेंस का भारतीय पुनर्वास परिषद के दिशा निर्देश में किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित करके रेनू विद्या मंदिर के दिव्यांग बच्चो ने मनमोहक गणेश वंदना की प्रस्तुति करके की। देश विदेश से आये विशेषज्ञों ने अपने अनुभवों को सांझा किया एवं अर्टिफिकल इंटेलीजेंट (कृत्रिम बुद्धिमता) की मदद एवं इस्तेमाल से कैसे दिव्यांग जनो को मदद को लेकर सभी बिंदुओं पर प्रकाश डाला। पहले दिन विधायक भाजपा नेता माईराम कौशिक ने बतौर मुख्याअतिथि शिरकत की। विशिष्ठ अतिथ नगराधीश पूजा कुमारी, आरआईसी के पूर्व सचिव एवं सिरतार के निदेशक डा. सुबोध कुमार, दिव्यांगजन हरियाणा के निदेशक राजकुमार मक्कड़, अशोक विश्वविद्यालय की निदेशक डा. रीना गुप्ता, डीसीयूआरयूएसटी की प्रोफेसर डा. सुमन सांगवान, एआईआरएस की निदेशक जयंती पुजारी, टीकाराम कालेज के प्राचार्य डा. सुरेन्द्र राणा आदि ने शिरकत की। नेपाल से आए डॉ आशीसा थापा (डायरेक्टर) आकार फॉउंडेशन नेपाल ने एआई की उपलब्धियों और इस्तेमाल से अवगत करवाया। श्री रामेश्वर सेवा संस्थान की निदेशक ध्वनि गुप्ता ने रेनू विद्या मंदिर के 24 सालों में संस्थान द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताया। संस्थान के प्रधानाचार्य डा. प्रमोद कुमार कुल्हाड़े ने सभी का आभार जताया।

**लाइफ टाइम केयर सैंटर में मिलेगी पूरी सुविधाएं : गुप्ता**

संस्थान के चेयरमैन नानक चंद गुप्ता ने 100 बेड के लाइफ टाइम केयर सैंटर के शुभारम्भ पर बताया कि इसमें सभी जरूरतमंद दिव्यंजनो के लिए रेनू विद्या मंदिर सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने बताया कि सैंटर में बेसहारा दिव्यांगजन को आने के बाद पूरी सुविधा मिलेगी। उम्र भर उनकी सैंटर में देखभाल की जाएगी। दिव्यांग की सभी देखभाल संस्थान के द्वारा सैंटर में की जाएगी।

संस्थान द्वारा किए कार्य की सराहना की- श्री रामेश्वर सेवा संस्थान द्वारा शुरू किए गए दिव्यांग के लिए लाइफ टाइम केसर सैंटर की भाजपा नेता माईराम कौशिक ने सराहना की।

# सनौली अनाज मंड़ी से रवाना हुए हरिद्वार से पैदल आए श्याम बाबा चुलकाना धाम से यात्रा

**ध्वज यात्रा**

**8 इस दौरान गां सनौली खुर्द अनाज मंड़ी में आसपास के गांवों से पहुंचे भक्तो ने उनका स्वागत किया गया**



**कमाल हुसैन**
**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

हरिद्वार से चुलकाना खाटू श्याम पद ध्वज यात्रा शनिवार सुबह गांव सनौली खुर्द से चुलकाना धाम के लिए रवना हुई है। इस दौरान गां सनौली खुर्द अनाज मंड़ी में आसपास के गांवों से पहुंचे भक्तो ने उनका स्वागत किया गया। श्री खाटू श्याम पद ध्वज यात्रा देर शाम को हरिद्वार से चलकर सनौली खुर्द पहुंची थी और शनिवार को गांव से चुलकाना धाम के लिए रवाना हुए है। यात्रा में भक्तो का श्री श्याम सेवादार मंडल सनौली एवं सनौली अडडे के दूकानदारो द्वारा जोरदार स्वागत किया गया । चुलकाना धाम से देवेंद्र पुजारी व नरेश नरसी जी भगत टोली के साथ यात्रा हरिद्वार से चलकर सनौली खुर्द अनाज मंड़ी से रवना हुई जो यात्रा 2 मार्च चुलकाना धाम पहुंचेगे। हरिद्वार से गंगा जल के साथ श्री खाटू श्याम बाबा को लेकर पैदल 200 किलोमीटर चल कर धाम पर पहुंचेगें। इस दौरान समिति प्रधान पूर्व सरपंच मदन लाल शर्मा ने बताया कि पहली बार हरिद्वार से चुलकाना धाम तक श्री चुनकट ऋषि जी महाराज और श्री श्याम बाबा की रथयात्रा निकाली गई है।

# नेहरू युवा केंद्र की ओर से युवाओं को मतदान जागरूकता पर दी जानकारी

## नेहरू युवा केंद्र की ओर से मतदान जागरूकता पर अभियान आयोजित

**सैमीनार**

**8 एमडी कॉलेज छाजपूर कलां में मतदाता जागरूकता पर सैमीनार का आयोजन किया गया।**



**कमाल हुसैन**
**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार व उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुदेश राना के मार्गदर्शन में नेहरू युवा केंद्र की ओर से एमडी कॉलेज छाजपूर कलां में मतदाता जागरूकता पर सैमीनार का आयोजन किया गया। मतदान जागरूकता अभियान कार्यक्रम में मुखय अतिथि के तौर पर एमडी कॉलेज एमडी गीता जैन, बीएलओं छाजपूर कम राजकीय स्कूल प्रिं?सिपल, नेहरू युवा केन्द्र की जिला ?प्रवक्ता कुमारी कनिका त्रिपाटी? ने युवाओं को मतदान के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरु युवा केंद की लेखालिपिक कुमारी कनिका एवं कालेज एमडी गीता जैन ने सभी को अपने वोट बनवाने बारे जागरूक किया। इस दौरान प्रिंसिपल व बीएलओं राजीव रूस्तगी ने चुनाव कार्यालय से आए अतिथि अधिकारी ने विद्यार्थियों को मतदान से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि उनका प्रत्येक वोट लोकतंत्र के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और उन्हें सकारात्मक परिणामों के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज में नागरिक जिम्मेदारी का महत्व और उनकी भूमिका के प्रति भी जागरूक किया। नेहरु युवा केंद की लेखालिपिक कु कनिका त्रिपाटी ने बताया कि कार्यक्रम का मुखय उद्देश्य युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना तथा उन्हें मतदान के महत्त्व से अवगत कराना है। हम किस प्रकार सरकार द्वारा चलाए गए सी विजिल एप का प्रयोग कर सकते हैं और साथ ही स्वीप एक्टिविटी के बारे में भी बताया गया। केंद की लेखालिपिक कुमारी कनिका त्रिपाटी ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान पूरे जिले में ब्लॉक स्तर पर चलाया जा रहा है। ताकि युवा मतदान के प्रति सजग हो सकें। कार्यक्रम के दौरान नए वोटर कार्ड भी बनाए गए। इस दौरान श्योर 60 गुरूकुल के इंचार्ज पवन कुमार ने विद्यार्थियों को जिनकी उ?म्र 18 साल हो गई है चे सबसे पहले अपना वोट अवश्य बनाएं। उनका प्रत्येक वोट लोकतंत्र के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और उन्हें सकारात्मक परिणामों के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज में नागरिक जिम्मेदारी का महत्व और उनकी भूमिका के प्रति भी जागरूक किया। उनका प्रत्येक वोट लोकतंत्र के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और उन्हें सकारात्मक परिणामों के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज में नागरिक अपने कत्र्तव्यों का महत्व और उनकी भूमिका के प्रति भी जागरूक किया। इस अवसर पर रेखा, उमेश कुमार, रमेश त्यागी व अनेक कॉलेज विद्यार्थी उपस्थित थे।

# छोटे भाई के साथ मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**गन्नौर**

महादेव नगर के रहने वाले एक युवक ने बड़ी थाना में अपने बड़े भाई के खिलाफ मारपीट करने व जान से मारने का प्रयास करने की शिकायत दी। शिकायत में महादेव नगर के रहने वाले अनुज त्यागी ने बताया कि 29 फरवरी को दोपहर करीब 1 बजे उसका बड़ा भाई मनीष उसे ईंट-पत्थर उठाकर मारने लागा और उसे जाने से मारने की कोशिश की। उसका भाई ने उसे उसकी जमीन का हिस्सा छीनने की भी धमकी दी। आरोप है कि इससे पहले भी उसका भाई मनीष उसे व उस व उसके परिवार को जान से मारने की कोशिश कर चुका है।

# भाजपा का हर कार्यकर्ता नेता बनाने की मशीन:घनश्याम दास

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**

भाजपा 2019 की तरह ही आगामी लोकसभा चुनाव में भी 10 की 10 सीटें जीतने की तैयारियों में जुटी हुई है। इसी को लेकर आज भाजपा जिला कार्यालय करण कमल में लोकसभा चुनावों की तैयारियों के दृष्टिगत करनाल लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सांसद संजय भाटिया, करनाल लोकसभा चुनाव प्रभारी घनश्याम दास अरोड़ा, विधायक यमुनानगर, संयोजक हरविंदर कल्याण विधायक घरोंडा, विधायक महीपाल डांढा, प्रमोद विज, रामकुमार कश्यप, करनाल जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, पानीपत जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, निर्मला बैरागी, प्रभारी भारत भूषण सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता मौजूद रहे।



करनाल लोकसभा चुनाव प्रभारी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने चुनाव संचालन समिति के सभी सदस्यों को पार्टी द्वारा किए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों के बारे विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आप सभी कार्यकताओं को जो यह लोकसभा चुनाव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, मुझे उम्मीद है कि आप इस जिम्मेदारी का बड़ी निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा एक कैडरबेस पार्टी है और आप सभी पार्टी के अनुशासित सिपाही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर एक कार्यकर्ता नेता बनाने की मशीन है और वह अपने से छोटे कार्यकर्ता को अपने से आगे बढ़ाने का काम करता है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने आप सभी की कार्यकुशलता को लोकसभा चुनाव को जिताने की जिम्मेदारी सौंपी है और मुझे उम्मीद है कि आप इस बार भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी को पहले से भी अधिक मतों से जीत दिलाने का काम करेंगे और आपने यही संकल्प लेकर यहां से जाना है।

इस मौके पर लोकसभा चुनाव हेतु विधानसभा के प्रभारियों की नियुक्ति की गई, जिसमें करनाल विधानसभा का संयोजक रेनू बाला गुप्ता, प्रभारी संजय बठला, घरोंडा संयोजक निर्मला बैरागी, प्रभारी रमेश कश्यप, इन्द्री संयोजक रामकुमार कश्यप, प्रभारी अशोक सुखीजा, असंध संयोजक बक्शीश सिंह, प्रभारी यशपाल ठाकुर एवं नीलोखेड़ी का संयोजक भगवानदास कबीरपंथी एवं प्रभारी जगदेव पाढ़ा को बनाया गया।

# लहरी सिंह पार्क में प्रधानमंत्री का कटआउट लगाकर बनाया सेल्फी प्वाइंट

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

शहर के लहरी सिंह पार्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कटआउट लगा कर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। सेल्फी प्वाइंट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कटआउट के साथ वन नेशन वन ग्रिड का कटआउट भी लगाया गया है, जो लोगों को काफी आकर्षित कर रहा है। केंद्र सरकार के अखंड भारत अभियान को ध्यान में रखते हुए सरकार के महत्वाकांशी प्रोजेक्ट वन नेशन वन ग्रिड को इस सेल्फी प्वाइंट के जरिए दशार्या गया है। इस योजना के तहत सरकार बिजली क्षेत्र में और अधिक सुधार करेगी और सभी राह्यों को किफायती दरों पर बिजली मिलेगी। इस योजना के तहत सरकार हर घर को 24 घंटे एकसमान दर पर बिजली मुहैया कराई जाएगी। पार्क में लगाया गए कटआउट में लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ जमकर सेल्फि लेते हुए दिखाई दिए।




# भव्य कलश यात्रा के साथ बसंत विहार में शिव महापुराण कथा की हुई शुरूआत



**गन्नौर**

बसंत विहार में शिव महापुराण कथा एवं रूद्र महायज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। यात्रा आयोजन स्थल से शुरू हो कर शहर के नगरपालिका रोड, देवीलाल चौक, बादशाही रोड से होते हुए वापिस आयोजन स्थल पर आ कर संपन्न हुई। कलश यात्रा का नेतृत्व यज्ञ आचार्य एवं संयोजक पंडित प्रिंस मुदगल व भगत रवि मदान ने किया। कलश यात्रा में मनमोहक झांकियां, भजन उत्सव, अघोरी दल का नृत्य, शिव पार्वती का नृत्य सहित दर्जनों गतिविधियां यात्रा में आकर्षक का केंद्र बनी रही। यात्रा में श्रद्धालु भी नृत्य करते दिखे। महिलाओं ने धामिर्क गीतों से वातावरण को भक्तिमय बनाया। यात्रा के कथा स्थल पर पहुंचने के बाद पुरोहितों ने विधिवत पूजन के बाद कलशों की स्थापना की। आयोजक पंडित प्रिंस मुदगल ने बताया कि बसंत विहार में शिव पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है।

**कलश यात्रा**

**8 - कलश यात्रा का नेतृत्व यज्ञ आचार्य एवं संयोजक पंडित प्रिंस मुदगल व भगत रवि मदान ने किया**

\ सात मार्च तक चलने वाली इस कथा के दौरान कथाव्यास आचार्य सुधीर महाराज प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक भगवान शिव की महिमा का वर्णन करेंगे। कथा के समापन पर 8 मार्च को रूद्रमहायज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस धर्मयज्ञ में शामिल होने के लिए कहा।

# उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी ने संभाला स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी राई के कुलपति का कार्यभार

**टीम एक्शन इंडिया/राई**

सेवानिवृत्त आईपीएस एवं उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी अशोक कुमार ने गुरूवार को राई स्थित स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा के कुलपति का कार्यभार संभाल लिया। पद ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने स्टाफ से रू-ब-रू होते हुए बेहतरीन तालमेल के साथ यूनिवर्सिटी को बुलंदियों पर पहुंचाने का संकल्प लिया। 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में बेहतरीन सुविधाएं और माहौल दिया जाएगा, ताकि वे विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि सरकार ने उन्हें जिस भरोसे के साथ यह जिम्मेदारी दी है उस पर वे खरा उतरने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विश्वविद्यालय के उत्थान के लिए दिन-रात समर्पित भाव से प्रयासरत रहेंगे।कुलपति अशोक कुमार ने कहा कि 34 वर्ष तक मेरी कर्मभूमि यूपी और उत्तराखंड और पाकिस्तान बॉर्डर बांग्लादेश बॉर्डर रही है और अब पहली बार मुझे अपनी जन्मभूमि में भी सेवा करने का मौका मिला है। मेरा प्रयास ये रहेगा कि हमारे खिलाडिय़ों को कभी कोई भी समस्या ना हो। विश्वविद्यालय में खिलाडिय़ों के लिये ऐसा माहौल तैयार करेंगे ताकि चैंपियन खिलाड़ी यूनिवर्सिटी से निकले और हमारे देश का नाम गर्व से ऊंचा करें।

# रोगी सेवा परमात्मा की सेवा : सांसद संजय भाटिया

**अभिनंदन**

**8 अस्पताल प्रबंधन की ओर से डा. राकेश मित्तल, डा. रोहित सदाना, आदि ने सांसद का अभिनंदन किया**

**राजकुमार प्रिंस**
**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

सांसद संजय भाटिया ने कहा कि रोगियों की सेवा परमात्मा की सेवा का साक्षात स्वरूप है। चिकित्सा सेवा में संलग्न सामाजिक संस्थाएं समाज के जरूरतमंद वर्ग को इलाज की सुविधा उपलब्ध करा व्यवस्था को सुचारू रूप देने में योगदान करने के कारण प्रशंसा की पात्र हैं।



उन्होंने कहा कि कर्णनगरी की सामाजिक संस्थाओं में श्री आत्म मनोहर संस्थान समूह शिक्षा, संस्कार सृजन, चारित्र निर्माण तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है, जिसके लिए संस्थान प्रेरक भारत संत गौरव उपप्रवर्तक श्री पीयूष मुनि जी महाराज बधाई के पात्र हैं, जिनकी प्रेरणा से सेवा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। पक्षी निलयम तथा वेलनैस सैंटर द्वारा जीव दया के साथ प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से मानव को प्रकृति के साथ जोडकर शांति के केंद्र के साथ संलग्न करने का वर्तमान समय का सबसे अधिक महत्वपूर्ण उपक्रम प्रारंभ है।

सांसद संजय भाटिया ने आराधना मंदिर में दर्शन करते हुए श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल अस्पताल का अवलोकन किया और यहां सामान्य रोग, बाल रोग, दंत चिकित्सा, फिजियोथेरेपी, लैबोरेट्री, डिजिटल एक्सरे, जोड़-हड्डी रोग, आंख सर्जरी तथा सामान्य सर्जरी की बेहतरीन सुविधाओं पर हर्ष जताया। अस्पताल प्रबंधन की ओर से डा. राकेश मित्तल, डा. रोहित सदाना, डा. विजेंद्र सिंह रावल, डा. कृष्ण चावला, डा. अरुण अरोड़ा आदि ने सम्मानसूचक वस्त्र से सांसद का अभिनंदन किया।

# लघु उद्योग स्थापित करने के लिए पीएमईजीपी योजनाओं का उठायें लाभ-एडीसी

**स्व-रोजगार**

**8 -योजनाओं के तहत सब्सिडी युक्त ऋण लेकर स्व-रोजगार स्थापना की दिशा में बढ़ायें कदम**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,**

अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने पीएमईजीपी तथा पीएमएफएमई योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों का आह्वान किया कि लघु उद्योग स्थापित करने के लिए इन योजनाओं का पूर्ण लाभ उठायें। योजनाओं के तहत सब्सिडी युक्त ऋण प्रदान किया जाता है, जिसकी सहायता से स्व-रोजगार स्थापना की दिशा में सफल कदम बढ़ाये जा सकते हैं।



शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त ने अपने कार्यालय में प्राइम मिनिस्टर एंप्लोयमेंट जेनरेशन प्रोग्राम (पीएमईजीपी) और प्राइम मिनिस्टर फूडप्रोसेसिंग माइक्रो एंटरप्राईजिज (पीएमएफएमई) योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पीएमएफएमई के अंतर्गत दस लाख रुपये तक का सब्सिडी युक्त ऋण प्रदान किया जाता है। फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में यहां अपार संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में स्वरोजगार के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए। योजना का फायदा उठाकर युवाओं को अपनी इकाई स्थापित करते हुए अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करना चाहिए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में योजनाओं से संबंधित सभी 32 मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि एमएसएमई के माध्यम से इन योजनाओं के तहत भेजे जाने वाले ऋण आवेदनों को बैंक प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत करें।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे इन योजनाओं के प्रति जागरूकता की अलख जगायें।

योजनाओं का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करें ताकि युवा इनका लाभ उठाने के लिए आगे आयें। इसके लिए कैंप लगाकर भी जागरूक करें।

# राष्ट्रीय प्रवास के तहत भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया सोनीपत का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/राई**

पूर्व मंत्री एवं भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि 7 मार्च को आगरा में अनुसूचित जाति का महासम्मेलन करवाया जाएगा, जिसे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संबोधित करेंगे। उन्होंने महासम्मेलन का निमंत्रण देते हुए कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार ही वास्तव में गरीब, शोषित और वंचितों की हितरक्षक है, जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने अपने राष्ट्रीय प्रवास के तहत कुंडली स्थित अनुसूचित जाति की बस्ती और बीआर अंबेदकर छात्रावास का दौरा किया। इसके उपरांत उन्होंने भाजपा के जिला कार्यालय में पत्रकारों से विशेष बातचीत की। पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य ने कहा कि एससी छात्रों के लिए स्थापित छात्रावासों में विद्यार्थियों को होने वाली समस्याओं की जानकारी लेते हुए समाधान के लिए प्रयास किये जाते हैं।



राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा साहब के पांच महत्वपूर्ण स्थानों को राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 02 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

**फास्ट न्यूज**

### सोनीपत: केएमपी-केजीपी पर दोपहिया, तीन पहिया व ट्रेक्टरों पर पाबंदी

**सोनीपत:** केएमपी-केजीपी एक्सप्रेस-वे पर मोटर साईकिल (स्कूटर और अन्य दोपहिया सहित), तीन पहिया (ई-कार्ट, ई-रिक्शा सहित), गैर मोटर चालित यान, कृषि ट्रेक्टर (ट्रेलरों के साथ या बिना) तथा चार पहिया साईकिल से यात्रा करने पर पूरी तरह से पाबंदी है। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि कोई भी व्यक्ति इन वाहनों के साथ केएमपी-केजीपी पर यात्रा न करें। उपायुक्त ने कहा कि इसके लिए सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 14 जून 2018 को अधिसूचना भी जारी की थी। एक्सप्रेस-वे का निर्माण यात्रा के समय को कम करने के लिए किया गया है। वाहनों की गति 80 किलोमीटर से 120 किलोमीटर प्रति घण्टा निर्धारित की गई है। जबकि धीमी गति से चलने वाले दोपहिया, तीन पहिया वाहन की गति अंतर के कारण और सडक सुरक्षा के दृष्टिगत अपेक्षाकृत उच्च गति से चलने वाले वाहनों का संचालन इनकी सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा कर सकता है।

### 400 पार का लक्ष्य पूरा करने के लिए अपने बूथों मजूबत करें: राव नरबीर

**हिसार: पूर्व मंत्री एवं** तीन लोकसभा के कलस्टर प्रभारी राव नरबीर सिंह ने पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से आह्वान किया है वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार पीएम बनाने के लिए एनडीए का 400 पार का लक्ष्य लेकर अपनी अपनी बूथों को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि नवमतदाताओं पर फोकस करते हुए चुनावी प्रचार में पूरी तरह से जुट जाएं। वे शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में लोकसभा कार्य समिति की बैठक में पदाधिकारी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विकसित भारत संकल्प पत्र के लिए सीधा मोदी जी को सुझाव भेजने के लिए सुझाव पेटी का शुभारंभ भी किया और कार्यकताओं से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम सुझाव भी लिए। इस अवसर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, विधायक विनोद भ्याना, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य रवि सैनी, पूर्व विधायक प्रेमलता व श्रीनिवास गोयल मुख्य रूप से बैठक में मौजूद रहे। पूर्व मंत्री राव नरबीर ने कहा कि हर बूथ प्रभारी अपने-अपने बूथों को मजबूत करने का कार्य करें तथा 10 दिनों तक प्रतिदिन कम से कम दो घंटे अपने बूथ पर अवश्य लगाएं।

### फरीदाबाद: 324 शस्त्र लाइसेंस किए रद्द

**फरीदाबाद: संयुक्त** पुलिस आयुक्त ओपी नरवाल ने शुक्रवार को शहर के 324 शस्त्र धारकों के लाइसेंस रद्द किए हैं। शस्त्र लाइसेंस नियमों के अनुसार समय समय पर शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण करवाया जाना अनिवार्य है। जो कि एक जरूरी प्रक्रिया है। जॉइंट पुलिस कमिश्नर ओपी नरवाल द्वारा ऐसे 128 सशस्त्र धारकों के लाइसेंस को सस्पेंड किए गए। खुद की सुरक्षा व हथियार की प्रति गैर जिम्मेदार रवैया रखने वाले सशस्त्र लाइसेंस धारक रिन्यू/नवीनीकरण न कराए जाने के बारे में संतोषजनक कारण नहीं बता पाए और उनके लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं।

# रोजगार के बड़े केंद्र बनेंगे अयोध्या, काशी

## इन तीन धार्मिक स्थलों पर जीबीसी 4.0 के माध्यम से हो रहा 48 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश

**जीबीसी 4.0**

**8 इन तीनों स्थानों पर 48 हजार करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतारने की शुरूआत हो चुकी है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** अयोध्या, काशी और मथुरा, उत्तर प्रदेश में ये तीनों स्थल सनातनी समाज की आस्था के सबसे बड़े केंद्र के रूप में विख्यात हैं। हालांकि अब ये आस्था के केंद्र उत्तर प्रदेश में रोजगार के बड़े केंद्र में शुमार होने जा रहे हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से इन तीनों स्थानों पर 48 हजार करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतारने की शुरूआत हो चुकी है। इस निवेश के जरिए व्यापक स्तर पर यहां रोजगार के द्वार खुल रहे हैं। इन तीनों स्थलों पर जो टॉप-5 प्रोजेक्ट्स शुरू हो रहे हैं, अकेले उनके माध्यम से यहां पर करीब 14 हजार लोगों को रोजगार मिलने जा रहा है। इन स्थलों पर खासतौर पर टूरिस्ट्स फैसिलिटी सेंटर, वेलनेस सेंटर और होटल्स की शुरूआत हो रही है, जिसमें व्यापक स्तर पर लोगों की आवश्यकता होगी।

**रोजगार का माध्यम बनेगी प्रभु राम की नगरी अयोध्या**

: प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में करीब 13 हजार करोड़ के कुल 372 प्रोजेक्ट्स की शुरूआत होने जा रही है। इसमें अभिनंदन लोढ़ा हाउस रीयल एस्टेट एवं कॉमर्शियल प्रोजेक्ट के माध्यम से 3 हजार करोड़ रुपये का निवेश कर रहा है, जो 100 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करेगा। इसी तरह, पीकेएच वेंचर्स लि. 600 करोड़ के निवेश से प्रदेश सरकार की पॉलिसी के तहत टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर की स्थापना कर रहा है, जिसमें 500 कमरों का एक होटल बन रहा है। इसके माध्यम से 300 नौकरियों का सृजन होगा। वहीं, पक्का लिमिटेड अयोध्या में 550 करोड़ रुपए की लागत से पेपर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना कर रहा है। इसके जरिए अयोध्या में 600 से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है। द इनोवेटर्स डिजिटल एड्स प्रा. लि. 510 करोड़ की लागत से अयोध्या में लग्जरी स्टार कैटेगरी होटल निर्मित कर रहा है।

### काशी में बढ़ेंगे रोजगार के साधन

**भगवान** शिव की नगरी काशी यानी वाराणसी की बात करें तो करीब 19250 करोड़ की निवेश राशि से 277 प्रोजेक्ट्स शुरू हो रहे हैं। इसमें टॉप-5 प्रोजेक्ट्स से 1500 से ज्यादा लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लि. (भेल) 500 करोड़ रुपये की धनराशि से कंपनी के मौजूदा और उभरते व्यावसायिक क्षेत्र (मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट/सिस्टम) के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) और फैब्रिकेशन/मैन्युफैक्चरिंग/टेस्टिंग फैसिलिटीज की स्थापना कर रहा है। इसके माध्यम से 225 रोजगार सृजित होंगे। वहीं, रोमा बिल्डर्स और प्रमोटर्स प्रा. लि. 5 स्टार रिजॉर्ट, मेडिटेशन के साथ वेलनेस सेंटर, फलों के फॉर्म्स, क्लब हाउस और हाउसिंग सोसाइटी का मिक्स डेवलपमेंट आधारित प्रोजेक्ट शुरू कर रहा है। 500 करोड़ के निवेश से शुरू हो रहे इस प्रोजेक्ट से 300 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। इसी तरह, गजाधर टेक्नोसिस एलएलपी हाउसिंग प्रोजेक्ट्स पर 350 करोड़ रुपये खर्च कर रहा है जो क्षेत्र में 300 लोगों को रोजगार प्रदान करने में सक्षम होगा। निर्माण प्रा. लि. 275 करोड़ रुपये से रेजिडेंशियल ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट और कॉमर्शियल मॉल की स्थापना कर रहा है।

## देश की प्रगति में योगदान दे रहा ट्रांसजेंडर समुदाय



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** भारत का प्रथम ट्रांसजेंडर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 2024 का आयोजन शुक्रवार को गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन के प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष सोनम चिश्ती, महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि, देविका देवेंद्र एस मंगलामुखी, सदस्य ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के साथ ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रमुख हस्तियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर संवेदनशीलता और सम्मान के साथ मौलिक अधिकारों पर चर्चा हुई। मैं हिजड़ा मैं लक्ष्मी पर चर्चा के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्य धारा में लाने के लिए अच्छा काम कर रही है।

**चर्चा**

**8 ट्रांसजेंडर समुदाय के हस्तियों ने प्रतिभाग किया। संवेदनशीलता-सम्मान के साथ मौलिक अधिकारों पर चर्चा हुई**



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले में स्थित विंध्य दरबार में मां विंध्यवासिनी की चौखट पर शीश नवाया। उन्होंने दर्शन-पूजन कर देश के सुख-समृद्धि की कामना की। दरअसल, गडकरी इन दिनों उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के दौरे पर हैं।

### एनसीआर ने स्क्रैप बेचकर 255.34 करोड़ रुपये अर्जित किया

**प्रयागराज:** उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन ने जीरो स्क्रैप मिशन के तहत 29 फरवरी तक कबाड़ से कुल 255.34 करोड़ रुपये का अर्जन कर लिया है। पिछले वर्ष इसी अवधि में कुल रुपये 243.67 करोड़ की बिक्री की तुलना में 4.78 प्रतिशत अधिक है। उक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने कहा कि महाप्रबंधक रविन्द्र गोयल के निर्देशन में तीनों मंडलों एवं कारखानों में पड़े अनुपयोगी कबाड़ को एकत्र कर उसकी बिक्री का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

## आसमान से गिरा ई डिवाइसों से लैस गुब्बारा

**जांच जारी**

**8 गुब्बारे को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। गुब्बारे में कई इलेक्ट्रिक डिवाइस लगी हुई हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**इटावा:** उत्तर प्रदेश के इटावा जनपद में थाना बलरई क्षेत्र के अंतर्गत बाउथ गांव में आसमान से एक गुब्बारे जैसा संयंत्र गिरा है। आसमान से गिरे गुब्बारे को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। गुब्बारे में कई इलेक्ट्रिक डिवाइस लगी हुई हैं और डिवाइस पर चाइनीज और कोरियन भाषा में कुछ लिखा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुब्बारे को कब्जे में लेकर अधिकारियों को सूचना देते हुए जांच शुरू कर दी है। जसवंत नगर की एसडीएम दीपशिखा ने गुरुवार को बताया कि थाना बलरई क्षेत्र के अंतर्गत बाउथ गांव में आसमान से एक सफेद रंग का गुब्बारा गिरा है। गुब्बारा करीब तीन फुट बड़ा है। गुब्बारे के आसपास कई इलेक्ट्रिक डिवाइस भी मिली हैं। उस पर चाइनीज और कोरियन भाषा में कुछ लिखा हुआ है।

## हिमाचल से प्रयागराज तक सीधा पहुँचेंगे श्रद्धालु, ऊना से ट्रेन सुविधा शुरूः अनुराग



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज जानकारी देते हुए बताया कि प्रयागराज जाने वाले हिमाचल प्रदेश के श्रद्धालु अब सीधा संगम नगरी प्रयाग पहुँच सकेंगे। इंदौर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस को अब अब ऊना हिमाचल तक विस्तार कर चलने की मंजूरी रेलवे से मिल गई है। अनुराग ठाकुर ने इस मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव जी का आभार प्रकट किया है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि ह्ल हमीरपुर संसदीय क्षेत्र व केंद्र में हिमाचल का प्रतिनिधि होने के नाते में सदैव देवभूमि के विकास व यहाँ के बेहतर कनेक्टिविटी के लिए प्रतिबद्ध हूँ। संगमनगरी प्रयागराज एक प्रमुख धार्मिक स्थल है और हिमाचल से बड़ी संख्या में लोग तीर्थाटन करने प्रयागराज जाते हैं, मगर हिमाचल से सीधा प्रयागराज के लिए सीधी ट्रेन सुविधा ना होने से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। हिमाचल के यात्रीगण ट्रेन से सीधा ही हरिद्वार तक जा सकें ऐसी सुविधा के लिए मैंने व्यक्तिगत रूप से रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव जी से मिलकर अनुरोध किया था। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि इंदौर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस जो सप्ताह मै दो बार चलती थी को अब ऊना तक एक्सटेंशन की मंजूरी रेलमंत्री जी ने दे दी है।

**सौगात**

**8 हिमाचल को मोदी सरकार का एक और तोहफा, इंदौर चंडीगढ़ एक्सप्रेस अब ऊना तक एक्सटेंशन: अनुराग**

## अशोक कुमार ने संभाला खेल विश्वविद्यालय के कुलपति पद का भार

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के सोनीपत जिले के राई स्थित मोती लाल नेहरू खेल विश्वविद्यालय के कुलपति का पद शुक्रवार को अशोक कुमार ने संभाल लिया। अशोक कुमार ने उत्तराखंड के डीजीपी पद से सेवानिवृत होने के बाद कुलपति का पद संभाला है।

पदभार ग्रहण करने के बाद अशोक कुमार ने कहा सबसे पहले मैं हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को धन्यवाद देना चाहूँगा कि उन्होंने मुझे ये महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। 34 वर्ष तक मेरी कर्मभूमि यूपी और उत्तराखंड और पाकिस्तान बॉर्डर बांग्लादेश बॉर्डर रही है और अब पहली बार मुझे अपनी जन्मभूमि में भी सेवा करने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार खेलों को बढ़ावा दे रहे हैं। प्रधानमंत्री का मानना है कि देश का युवा खेल को भी पेशे की तरह देखे। हमारा प्रयास भी यही रहेगा कि हम प्रधानमंत्री के खेलों से संबंधित नजरिया को अच्छी तरह से विश्वविद्यालय में लागू करें। हमने अक्सर देखा है कि कई होनहार खिलाड़ी पढ़ाई के चक्कर मे खेल से दूर हो जाते हैं, हमारा प्रयास ये रहेगा कि हम खिलाड़ियों के लिए पढ़ाई और खेल के बीच में सामंजस्य बिठा सके और खेल खेल में पढ़ाई भी हो ऐसी योजनाओं पर काम करेंगे। स्पोर्ट्स को कैरियर के रूप में देख रहे युवाओं के लिए डिग्री व पढ़ाई से सम्बंधित जो भी दिक्कतें हैं उनको दूर करने का प्रयास हम करेंगे। हमारा प्रयास ये भी रहेगा कि हम खिलाड़ियों के कमजोर और मजबूत पक्ष को पहचान करते हुए उनके लिये अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोर्सेज को विश्वविद्यालय में ही शुरू करें। जिससे हमारे खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग विश्विद्यालय में ही मिल सके। हम खिलाड़ियों के लिये स्पोर्ट्स साइंस में ध्यान देने के साथ ही खिलाड़ियों के लिये इंजरी रिहैबिलिटेशन सेन्टर की भी शुरूआत करेंगे।



**जिम्मेवारी**

**8 स्पोर्ट्स साइंस में ध्यान देने के साथ ही खिलाड़ियों के लिये इंजरी रिहैबिलिटेशन सेन्टर की भी शुरूआत करेंगे**

## पंजाब में आप नेता की गोलियों से भूनकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**तरनतारन**

**पंजाब** के तरनतारन जिले में सरेआम आम आदमी पार्टी (आप) के नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्यारों ने गाड़ी का पीछा किया। जब गाड़ी गोइंदवाल साहिब के पास रेलवे फाटक बंद होने की वजह से रोकी तो हत्यारों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया। जान गंवाने वाले आप नेता की पहचान गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी चोहला साहिब का रहने वाला था। शुक्रवार सुबह अपनी कार से सुल्तानपुर लोधी अदालत में तारीख पर जा रहा था। जब गुरप्रीत सिंह की कार फतेहाबाद रेलवे फाटक के पास पहुंची तो फाटक बंद था। इसी दौरान स्विफ्ट कार सवार हमलावर पहले से ही उसका पीछा कर रहे थे। उन्होंने गुरप्रीत सिंह पर अंधाधुंध फायरिंग की। हमले में गुरप्रीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से भाग निकले। मृतक गुरप्रीत सिंह विधानसभा हलका खडूर साहिब से विधायक मनजिंदर सिंह लालपुरा का बेहद करीबी था।



**वारदात**

**8 रेलवे फाटक बंद होने की वजह से रोकी तो हत्यारों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया**

## तीर्थयात्रियों की राह आसान बनाएगी बीकेटीसी

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने शुक्रवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से भेंट कर आगामी यात्रा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। साथ ही केदारनाथ धाम में रिकॉर्ड संख्या में यात्रियों के आवागमन के दृष्टिगत आवासीय सुविधा में विस्तार की आवश्यकता बताई। उन्होंने यात्री सुविधाओं के दृष्टिगत केदारनाथ धाम में विश्राम गृह व रैन सेल्टर निर्माण के लिए बीकेटीसी को भूमि उपलब्ध कराने का आग्रह किया। अजेंद्र ने कहा कि वर्ष 2013 की आपदा से पूर्व केदारनाथ धाम में बीकेटीसी के कई यात्री विश्राम गृह और भवन अवस्थित थे, मगर आपदा में ये सभी ध्वस्त हो गए थे। केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण के लिए मास्टर प्लान के तहत चल रहे कार्यों के लिए बीकेटीसी की सारी भूमि अधिग्रहित कर ली गई है। वर्तमान में बीकेटीसी के पास कोई भी विश्राम गृह नहीं है। इस कारण कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

**खुलासा** इस मामले में एसओजी को अभी भी करीब 100 से ज्यादा बदमाशों की तलाश कर रही है

# जेईएन पेपर लीक में 32 सलाखों के पीछे, 100 की तलाश जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षा-2020 के पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप लगातार नित नए खुलासे कर रही है। पेपर लीक मामले में एक के बाद एक कर गिरोह के तार तोड़कर अब तक एसओजी 32 लोगों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है। इस मामले में एसओजी को अभी भी करीब 100 से ज्यादा बदमाशों की तलाश कर रही है। लगातार एसओजी गिरोह के इन लोगों की तलाश में छापामारी कर रही है। जैसे-जैसे पकड़े गए लोगों से जानकारी सामने आ रही है वैसे-वैसे अपराधियों की संख्या बढ़ती जा रही है। एडिशनल एसपी बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि आरोपित जगदीश विश्नोई सभी बदमाशों का गुरू निकला। वह बड़ी संख्या में लोगों को नौकरी लगवा चुका है और 10 लाख रुपये में पेपर खरीदकर लाखों रुपये कमा चुका है। पेपर लीक मामले में अब तक इस मामले में करीब तीन दर्जन लोग पकड़े जा चुके है और 100 ज्यादा लोगों की एसओजी को तलाश है। बीस फरवरी को गिरफ्तार हुए राजेंद्र व शिवरतन मोठ की निशानदेही पर एसओजी ने गुरुवार को अरेस्ट पेपर लीक गिरोह के गुरु जगदीश विश्नोई से पूछताछ में सामने आया कि वह 2005 से पेपर लीक गिरोह से जुड़ा है। उसने बताया कि 19 साल में वह प्रदेश की न जाने कितनी परीक्षाओं के पर्चे लीक करवा चुका है, उसे खुद भी याद नहीं है। पेपर लीक गैंग माफिया नेटवर्क मार्केटिंग की तरह काम करते है। कुछ साल के अनुभव के बाद अपने गुर्गों को जोड़कर अलग गैंग बना लेते हैं। राजेंद्र और हर्षवर्धन ऐसे ही गैंग चला रहे हैं। पूछताछ में जगदीश ने बताया कि पेपर लीक करवाने के बाद उसी दिन वे प्रदेश छोड़कर दूसरे राज्यों में चले जाते थे। जगदीश ने श्रीगंगानगर निवासी शिवरतन मोठ और पंकज चौधरी उर्फ यूनिक भामू को अपना खास गुर्गा बना रखा था।



**पेपर लीक**

**8 पूछताछ में जगदीश ने बताया कि पेपर लीक करवाने के बाद उसी दिन वे प्रदेश छोड़कर दूसरे राज्यों में चले जाते थे**

## जल जीवन मिशन के कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण करें: डिप्टी सीएम साव

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर:** उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने शुक्रवार को वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य में जल जीवन मिशन का काम मिशन मोड में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आज रायपुर के सिविल लाइन स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में सभी अधीक्षण अभियंताओं और कार्यपालन अभियंताओं को उप संभागीय स्तर तक फील्ड में उतरकर प्रगतिरत कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर उन्हें शीघ्र पूर्ण कराने को कहा। साव ने गर्मियों में सभी जिलों में पेयजल की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल की निर्बाध आपूर्ति के लिए हैंडपंपों एवं नल जल योजनाओं में खराबी आने पर तत्काल मरम्मत और रखरखाव कर सुचारू व्यवस्था बनाने को कहा। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले दो महीनों में जल जीवन मिशन का काम मिशन मोड में पूर्ण करते हुए ज्यादा से ज्यादा गांवों में हर घर में नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है। इसमें किसी तरह की लापरवाही या ढिलाई नहीं करना है।

